# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 12 अक्टूबर 2025


हिंदुत्व पर हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स ने कहा

## हिंदू होने पर गर्व, नीम करोली बाबा को दिया श्रेय



**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स ने हिंदुत्व को लेकर हाल ही में एक बड़ा बयान दिया है। आध्यात्मिक सोच के लिए भी दुनियाभर में मशहूर हुईं एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। उन्हें हिंदू धर्म से गहरी प्रेरणा मिली है और यही कारण है कि उन्होंने अपने बच्चों के नाम भी लक्ष्मी, गणेश और कृष्ण बलराम रखे हैं। उन्होंने बताया कि ▸▸ शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### राज्य का दर्जा: केंद्र से मांगा 4 हफ्ते में जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली



याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने सालिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील दर्ज की कि पिछले साल इस क्षेत्र में शांतिपूर्ण चुनाव हुए थे।

#### डीजीपी की गिरफ्तारी पर अड़ा परिवार

**नई दिल्ली।** आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले में मृतक के भाई अमित रतन ने पत्रकारों से कहा, एडीजी



लेवल के अधिकारी की मृत्यु हो गई है। पांच दिन बाद भी इंसाफ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत सिंह कपूर और रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारनिया की गिरफ्तारी हर हाल में होना ही चाहिए।

मप्र में टूरिज्म को मिलेगी नई उड़ान, निवेशकों और फिल्मी हस्तियों के साथ मुख्यमंत्री ने किया 'मंथन'

# मप्र को फिल्म शूटिंग और वेडिंग डेस्टीनेशन बनाने पर भी फोकस

मुख्यमंत्री ने प्रमुख फिल्मी हस्तियों से वन-टू-वन चर्चा की

◆ उच्च-स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत के विभिन्न दिग्गजों के साथ प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उनका फोकस मप्र को फिल्म शूटिंग और वेडिंग डेस्टीनेशन बनाने है। उन्होंने सभी निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य को पर्यटन और फिल्म निर्माण के लिए देश का सबसे आकर्षक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उनका मुख्य उद्देश्य पर्यटन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और मप्र को एक प्रमुख फिल्म-शूटिंग गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मप्र में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और निवेश को आकर्षित करने के लिए मप्र ट्रैवल मार्ट के अवसर पर पर्यटन क्षेत्र के निवेशकों, प्रमुख फिल्म निर्माताओं और प्रसिद्ध अभिनेताओं के साथ कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस मौके पर केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मप्र के संस्कृति, पर्यटन और ▸▸ शेष पेज 4 पर

मप्र ट्रैवल मार्ट के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक

इस मौके पर केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे

सरकार राज्य को पर्यटन और फिल्म निर्माण के लिए देश का सबसे आकर्षक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध



## पर्यटन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना उद्देश्य

इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रमुख फिल्मी हस्तियों से वन-टू-वन चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम व वन टू वन चर्चा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और मप्र को एक प्रमुख फिल्म-शूटिंग गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है। इस उच्च-स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत के विभिन्न दिग्गजों के साथ प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री से फिल्म जगत से प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सुश्री एकता कपूर, जाने-माने अभिनेता गजराज राव और रघुवीर यादव ने भेंट की। स्पेनिश फिल्म कमीशन से सुश्री लारा मोलिना एवं फिल्म निर्माता श्रीमती अन्ना सौरा ने भी चर्चा में भाग लिया।

### ट्रैवल वेडिंग प्लानिंग और इवेंट मैनेजमेंट क्षेत्र के विशेषज्ञों से भी चर्चा

मप्र में वेडिंग डेस्टिनेशन को प्रचारित और प्रसारित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ ट्रैवल वेडिंग प्लानिंग और इवेंट मैनेजमेंट क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए। इस समूह में पर्यटन फ्यूचर्स के नवीन कुंडू, यात्रा डॉट कॉम के राकेश कुमार राणा, इंडियन गोल्फ टूरिज्म एसोसिएशन (आईजीटीए) के राजन सहगल, प्रसिद्ध शेफ मंजीत गिल, लाफ्लोरेंस वेडिंग के विक्रमजीत शर्मा, वेडिंग एंड ट्रैवल जर्नलिस्ट सुश्री श्रुति सिंह, ईएसएल इवेंट्स की सुश्री एकता सहगल लुल्ला, वेडिंग चैप्टर्स की सुश्री ईशा अग्रवाल, कर्ली टेल्स डिजिटल मीडिया प्रालि के समर ओम प्रकाश वर्मा, डिलिजेंस ▸▸ शेष पेज 4 पर

### होटल और हॉस्पिटैलिटी उद्योग की नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं

कार्यक्रम में होटल और हॉस्पिटैलिटी उद्योग के कई बड़ी नामचीन हस्तियां मौजूद थी। सभी ने मप्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। इनमें इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के ईवीपी परवीन चंदर कुमार, जेट सर्व एविएशन के राम ओला, एटमॉस्फियर कोर के प्रबंध निदेशक सौभाग्य मोहापात्रा, पोस्ट कार्ड होटल्स के सह-संस्थापक अनिरुद्ध कांडपाल, ट्रेज़र ग्रुप के प्रबंध निदेशक विनायक कलानी, एमआरवीएच रिज़ॉर्ट्स प्रालि के निदेशक जीतेंद्र सिंह, द मालवा क्लब एंड रिज़ॉर्ट के संस्थापक सुमरध्वज ब्रह्मभट्ट, सेरेनडिपिटी लेक्स एंड रिज़ॉर्ट्स प्रालि के प्रबंध निदेशक डॉ. सुश्रुत सुधीर बाबुलकर और ऑर्बिट रिज़ॉर्ट्स के संदीप खन्ना और मनोज सिंह शामिल थे। ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी

इस संयंत्र की क्षमता 30 लाख टन



## प्रधानमंत्री ने इंदौर में अत्याधुनिक दुग्ध चूर्ण संयंत्र का शुभारंभ किया

सीएम डॉ. यादव प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्म-निर्भरता मिशन कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए

» कृषि विकास में नया अध्याय लिखेगी प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशभर के किसानों के लिए दो बड़ी योजना - प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्म-निर्भरता मिशन की घोषणा की है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीएम धन-धान्य कृषि योजना देश के कृषि विकास और इससे जुड़े सेक्टर्स में आमूल-चूल परिवर्तन लाने की दिशा में एक नया अध्याय लिखेगी। देश में अब तक 10 हजार एफपीओ के तहत 50 लाख किसान सदस्यता ले चुके हैं। मुख्यमंत्री ▸▸ शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रीय ग्रामीण कृषि मिशन में एक लाख किसानों का प्रमाणन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण कृषि मिशन में एक लाख किसानों का प्रमाणन, 4275 मैत्रीय का प्रमाणन, कंप्यूटराइजेशन में 10 हजार से अधिक बहुउद्देशीय पैक्स को मंजूरी, डेयरी, मत्यपालन, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण जैसे कई प्रकार के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है।

### मुख्यमंत्री आज 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों के बैंक खातों में भेजेंगे लाड़ली बहना योजना की राशि


*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 12 अक्टूबर को श्योपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की लगभग एक करोड़ 26 लाख 86 हजार लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 29 वीं किस्त 1541 करोड़ की राशि का अंतरण करेंगे। मेला ग्रांउड पर आयोजित कार्यक्रम से श्योपुर जिले के 98.87 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 460.40 करोड़ के निर्माण तथा विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे।*




जहां बचपन में घूमा करते थे संजय, उन्हीं गलियों से निकली शहीद की अंतिम यात्रा

# करवाचौथ : पूनम ने रखा पति की लंबी उम्र के लिए व्रत, नहीं पता था वे शहीद हो गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा

गांव की जिन गलियों में दौड़ लगाते, खेलते-कूदते बचपन बीता उन्हीं गलियों से टोंकखुर्द तहसील के ग्राम संवरसी के बलिदानी 11वीं ग्रेनेडियर अंबाला के नायक संजय मीणा की अंतिम यात्रा शनिवार को निकली। परिवार के साथ पूरा गांव गमगीन रहा।

शहीद की अंतिम यात्रा में संवरसी सहित आसपास के गांवों नगरों से हजारों लोग जुटे। हर किसी की आंख नम थी। शनिवार सुबह गांव के अधिकांश घरों में चूल्हा नहीं जला, दुकानें व अन्य प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे। गांव में शव पहुंचा तो पत्नी पूनम मीणा, माता पार्वतीबाई मीणा बार-बार बदहवास होती रही, जिन्हें संभालना मुश्किल हो गया। संजय के बलिदान होने की जानकारी पत्नी को नहीं दी गई थी, उन्होंने शुक्रवार को करवा चौथ का व्रत, पूजन किया। शनिवार सुबह उनको संजय के इस दुनिया में नहीं होने के बारे में बताया गया। शहीद संजय मीणा लालसिंह के सबसे छोटे पुत्र हैं। संजय मीणा ने 2013 में फौज में भर्ती होकर देश सेवा का संकल्प लिया था। भारतीय सेना में उनकी सेवा 12 वर्ष की हो चुकी थी। 3 साल बाद रिटायर होने वाले थे। साथ ही उनके बड़े भाई हेमंत मीणा भी भारतीय सेना में है।

### सेना ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

*दोपहर करीब 12 गार्ड ऑफ ऑनर सेना के जवानों द्वारा दिया गया। संजय के 10 वर्षीय पुत्र युवराज ने गांव के सार्वजनिक मुक्तिधाम पर मुखाग्नि दी। इससे पहले सुबह इंदौर एयरपोर्ट से लेकर संवरसी तक सैकड़ों स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा करके संजय को श्रद्धांजलि दी। पूरे रास्ते देशभक्ति के तराने व संजय मीणा अमर रहे, के नारे गूंजते रहे। शहीद संजय मीणा का पार्थिव शरीर भारतीय सेना द्वारा सुबह 7 बजे इंदौर एयरपोर्ट पर पहुंचा। उसके बाद रोड मार्ग से होते हुए देवास के रसूलपुर चौराहे पर स्थानीय, ग्रामीणजन, दोस्त, परिवारजन वहां पहले से उपस्थित थे। उसके बाद शौर्य यात्रा शुरू हुई जहां डीजे पर राष्ट्रीय गीत बजने से शहर से लेकर गांव तक भक्तिमय माहौल हो गया। भारत माता के जयकारों के साथ शौर्य देवास होते हुए भौरासा फाटा पहुंची जहां सैकड़ों देश भक्तों ने पुष्प वर्षा की। नगर में प्रवेश करते ही समस्त नगरवासियों ने अपने घरों से पुष्प वर्षा कर शहीद मीणा को अंतिम विदाई दी।*

### शहीद के अंतिम दर्शन कर बार-बार मूर्छित हुई मां और पत्नी

शहीद संजय मीणा की शादी 2015 में हुई थी। वे अपने पीछे पत्नी पूनम मीणा और दो छोटे छोटे बच्चों को छोड़ गए, जिसमें एक लड़का युवराज सिंह मीणा जिसकी उम्र 9 वर्ष है और एक लड़की प्रतिभा मीणा जिसकी उम्र



6 वर्ष है। संजय मीणा अरुणाचल प्रदेश बटालियन के साथ गए हुए थे। इसी दौरान वह शहीद हो गए। उनकी पत्नी पूनम मीणा ने करवा चौथ का व्रत कर पति की लंबी उम्र की कामना की पर होनी को कौन टाल सकता है। शनिवार सुबह पति का आखिरी बार चेहरा देख पत्नी पूनम ओर मां पार्वतीबाई बार बार मूर्छित हो गई।

डीएनए रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शी पत्नी के बयान को महत्वपूर्ण साक्ष्य माना

# पड़ोसी की गर्दन काटी, 5 फीट दूर फेंकी, कोर्ट ने कहा- रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस, सुनाई फांसी की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खंडवा की अदालत ने जादू-टोने के शक में कुल्हाड़ी से पड़ोसी की हत्या करने वाले आरोपी चंपालाल उर्फ नंदू को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इसे रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस माना। कोर्ट ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया।

यह फैसला द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल चौधरी की अदालत ने शनिवार को सुनाया। कोर्ट ने अपने निर्णय में घटनास्थल पर मौजूदगी, डीएनए रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शी पत्नी के बयान को सबसे महत्वपूर्ण साक्ष्य माना। घटना पंधाना थाना क्षेत्र के ग्राम छनेरा में 12 दिसंबर 2024 की रात की है। रामनाथ बिलोटिया अपने घर में सो रहे थे। पड़ोसी चंपालाल उर्फ नंदू को शक था कि रामनाथ जादू-टोना करता है। रात करीब 2:30 बजे आरोपी ने घर के बाहर रामनाथ पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के वार से गर्दन 5 फीट दूर फिंका गई थी। हत्या के बाद आरोपी वहीं बैठा रहा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।

### कोर्ट ने कहा- सबूतों और गवाहों से अपराध सिद्ध हुआ

*मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने चंपालाल को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत दोषी पाया। जज अनिल चौधरी ने कहा कि अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य, घटनास्थल पर मौजूदगी के रिकॉर्ड, डीएनए रिपोर्ट और पत्नी शांतिबाई के सुसंगत बयान सबूत के रूप में पर्याप्त और निर्णायक हैं। मौके पर मिले ठोस साक्ष्य और गवाहों के बयानों से अपराध सिद्ध हो गया है।*

# व्यायाम, पौष्टिक आहार, संगीत से दूर होता है मानसिक तनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमे छात्रों को परीक्षा के समय उत्पन्न होने वाला तनाव तथा अवसाद में आकर मानसिक दबाब में आत्महत्या के उत्पन्न होने वाले विचारो से निकलने के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीसी मेंटल हेल्थ बीनू गर्ग थी तथा मुख्य विशेषज्ञ के रूप में डॉ. मनोज



गौर, डॉ. राहुल शर्मा क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट थे। तथा इस अवसर पर कार्यक्रम सयोजक लायन रागिनी सैनी, जेड सी रितेश शर्मा, कोरियोग्राफर रिचा सैनी भी उपस्तिथ थे। डॉ. शर्मा ने बताया कि नियमित व्यायाम, पौष्टिक आहार, संगीत और अन्य हौबी के माध्यम से अवसाद से बहार निकला जा सकता है।

# लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने लिया प्रदर्शन का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आज तय हुआ कि विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर आगामी फरवरी माह में दिल्ली में व मध्यप्रदेश के मुद्दों को लेकर आगामी दिसम्बर माह में भोपाल में प्रदर्शन करेगी।

लोसपा के संस्थापक श्री रघु ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में रेत, शराब, पत्थर, भूमि व दवा के अनियंत्रित-अमानक-अवैध कारोबार पर चिंता व्यक्त की गई। रघु ठाकुर ने लोसपा की राजनीतिक ताकत बढ़ाने में जनता के मुद्दों को लेकर मैदान में सक्रिय होने की जरूरत बताते हुए कहा कि पार्टी के



विचार व कार्यक्रमों को विभिन्न मंचों पर प्रचारित प्रसारित करना आवश्यक है। रघु ठाकुर ने कहा भिंड में लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए सिक्स लेन सड़क की जरूरत तो है ही, बीहड़ के अंचल को भी दुर्गम मानते हुए पहाड़ों व पूर्वोत्तर क्षेत्र की तरह मेडिकल कॉलेज के लिए केन्द्र की शत प्रतिशत अनुदान योजना की मांग दिल्ली के धरने में की जाएगी। ठाकुर ने चुनाव आयोग की विसंगतियों का भी उल्लेख किया।

## योजनाओं के लिए सशर्त सहायता अनुदान में कितना किया खर्च देना होगा हिसाब

**भोपाल।** राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा हर साल विभिन्न योजनाओं के लिए सशर्त सहायता अनुदान दिया जाता है। ऐसे अनुदान में से विभागों ने कितनी राशि खर्च की है, इसका उपयोगिता प्रमाणपत्र तैयार कर हिसाब अब महालेखाकार कार्यालय को भेजना होगा। संचालक बजट ने सभी विभागों के एसीएस, पीएस, सचिवों को यह जानकारी जल्द से जल्द देने को कहा है। संचालक बजट ने यह जानकारी तत्काल भेजने और फाइनेंस को भी की गई कार्यवाही से अवगत कराने के लिए भी कहा है।

सिकंदराबाद रोड और बढ़झिरी पर दो दुकानों में रैकी के बाद की थी वारदात

# हार्डवेयर और बाइडिंग की दुकानों से महंगा सामान चुराने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ पुलिस ने पुराने शहर के तीन नकबजनों को गिरफ्तार कर उनसे नकबजनी की दो वारदातों का खुलासा किया है। आरोपी स्कूटर से रैकी करने के बाद हार्डवेयर और मोटर बाइंडिंग की दुकानों को निशाना बना रहे थे। उन्होंने सिकंदराबाद और बढ़झिरी में क्रमशः दो दुकानों के ताले तोड़कर लाखों के कॉपर केबल और कीमती सामान चुरा लिया था। पुलिजस ने आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल औजार, स्कूटर, कॉपर वायर, पीतल के बुस सहित साढ़े तीन लाख रुपए का माल बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 30 सितंबर को फरियादी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि वह ग्राम सेमरी बाजाप्ता में सिकंदराबाद रोड पर शांति विहार मार्केट में मां शारदा इलेक्ट्रिकल इंजिनियर वर्कशाप नाम से दो दुकानें चलाता हूं। 29 सितंबर को रात करीब 12 बजे उन्होंने अपनी दोनों दुकानें बंद की और कर्मचारी के साथ घर चले गए थे। अगले ही दिन सुबह 9 बजे दुकान पहुंचे तो दोनों दुकानों के ताले टूटे थे। अंदर पहुंचे तो दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था। दुकान में रखे एमईआई कंपनी और जेएसआई कंपनी के कॉपर वायर के 13 पैकेट, डीसी कॉपर वायर की 11 रील, अमर सलूजा बापजी, कंपनी के पीतल के 50 किलो बुस, सहित पीवीसी कॉपर वायर सहित अन्य सामान नहीं था। बढ़झिरी में मेन रोड पर मोटर बाइडिंग की दुकान से भी 13 अगस्त की रात इसी तरह की वारदात हुई थी। पुलिस ने दोनों प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया।

### करीब 600 सीसीटीवी फुटेज देखकर बनाया रूटमैप

*टीम ने रातीबड़, कमलानगर, टीटीनगर, अरेरा हिल्स, जंहागीराबाद, स्टेशन बजरिया, अशोका गार्डन, सहित प्रमुख चौराहों पर लगे 500 से अधिक सीसीटीवी देखे। इसके बाद आरोपियों के आने जाने वाला रूटमैप तैयार किया। इस दौरान मुखबिर तंत्र भी लगा रखा था। मुखबिर से सूचना मिली कि सीसीटीवी में कैद एक संदिग्ध काजी कैंप पर कबाड़े की दुकान पर है। पुलिस ने दबिश देकर वहां से फरमान एवं काजी कैंप निवासी रिजवान को गिरफ्तार किया। पूछताछ की तो पहले दोनों आरोपियों ने टाल मटोल किया। बाद में अपने साथी के साथ मिलकर दोनों वारदातों को अंजाम देना स्वीकार लिया। पुलिस ने उक्त मामले में पम्मी ऊर्फ फरमान (24) खतीजा मस्जिद के पास जनता नगर थाना निशातपुरा, रिजवान (18) काजी कैंप सहित शाहिद, निवासी सलीम चौक काजी कैंप को गिरफ्तार किया है।*

## ज्वेलरी शॉप के काउंटर पर रखा गोल्ड वाला पार्सल चोरी

**कोतवाली में लखेरापुरा सड़क पर रिद्धि-सिद्धि ज्वेलरी शॉप में हुई घटना**

कोतवाली थाना क्षेत्र रिद्ध सिद्धि ज्वेलरी शॉप में अज्ञात बदमाश ने काउंटर पर रखा 1 लाख 10 हजार 700 रुपए का ज्वेलरी से भरा पार्सल चुराकर ले गया। घटना कल दोपहर तीन बजे के आसपास की है। पार्सल चुराते समय बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार नरेश वाधवानी बैरागढ़ में रहते हैं। उनकी लखेरापुरा सड़क पर रिद्धि-सिद्धि नाम से ज्वेलरी शॉप है। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार दोपहर उनकी दुकान पर कोहेफिजा स्थित पोस्ट ऑफिस से एक पार्सल आया था। पार्सल में 1 लाख 10 हजार 700 रुपए की ज्वेलरी थी। नरेश वाधवानी की पत्नी ने पार्सल पोस्टमैन से लेकर काउंटर पर रख कर काम में व्यस्त हो गईं। इस दौरान दोपहर करीब तीन बजे के आसपास एक युवक दुकान में आया। उसके हाथ में बड़ा सा लिफाफा था। उसने लिफाफा काउंटर पर रखे पार्सल पर रख दिया और नरेश वाधवानी की पत्नी से इशारों में कुछ कहने लगा। वह मूकबधिर था या फिर अपने आप को मूकबधिर बताने का प्रयास कर रहा था। विद्या को इसकी जानकारी नहीं है। विद्या ने उसे दुकान से जाने का कहा। इसके बाद वह अपना लिफाफा और लिफाफे के नीचे काउंटर पर रखा पार्सल लेकर चला गया। कुछ देर बाद विद्या और नरेश का ध्यान काउंटर पर पड़ा तो वहां रखा पार्सल नहीं था।




भोपाल
रविवार, 12 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-06
वर्ष : 12, अंक : 193
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 28
न्यून. 17



13 वेस्टइंडीज बैकफुट, टीम इंडिया ने खेली...

निवेश पेज
05 क्रिप्टो नहीं, टैक्स का....

# पीएम रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और बयानों के बाद दोनों पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस, बर्खास्तगी तय



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। अपराध करने वाला कोई भी हो उसे बख़्शा नहीं जाएगा। सीएम डॉ. यादव के निर्देश पर भोपाल में मारपीट से हुई मौत के मामले में 2 पुलिसकर्मियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है।

**इंद्रपुरी में पुलिसकर्मियों की मारपीट से गई थी उदित की जान पुलिस से डरकर भागा उदित खड़ी गाड़ी से टकराकर गिरा था**

**फुल पीएम रिपोर्ट का इंतजार, अभी पुलिस ने नहीं की दोनों आरक्षकों की गिरफ्तारी, जांच का दिया हवाला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी में अमन सरिया के पास गार्डन के पास युवक से मारपीट करने वाले दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

उक्त प्रकरण पीएम रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और मृतक के दोस्तों के बयानों के बाद दर्ज किया गया। हालांकि, अभी तक दोनों पुलिस आरक्षकों की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। डीसीपी जोन टू विवेक सिंह का कहना है कि अभी फुल पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया ⏩ शेष पेज 4 पर


उदित गायकी , मृतक

### लोहे के पाइप से किए ताबड़तोड़ वार, सूखे नशे में थे पुलिसवाले

*पुलिस के अनुसार उदित गायकी पिता राजकुमार गायकी (21) बैंक कॉलोनी में रहता था। वीआईटी कॉलेज सीहोर से उसने बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी। उसे आगे की पढ़ाई बेंगलुरु में करनी थी। वह बेंगलुरु से चार दिन पहले भोपाल लौटा था। अपने दोस्तों के साथ वीआईटी कॉलेज सीहोर से वह डिग्री लेकर रात करीब आठ बजे भोपाल लौटा। सभी लोग अमन सरिया के पास इंद्रपुरी में इकट्ठा हुए थे। वहां वे कार का म्युजिक तेज कर डांस कर रहे थे। समय अधिक होने के कारण बाकी के दोस्त घर चले गए थे। कार में दीपेश, उदित और एक अन्य मौजूद थे। इसी बीच रात करीब डेढ़ बजे के आसपास दो पुलिसकर्मी संतोष बामनिया और सौरभ आर्य कार के पास पहुंचे। उन्होंने कार की खिड़की से अंदर झांककर देखा और पूछताछ करने लगे। उन्होंने कार्रवाई करने की बात कही। डर के कारण उदित कार से उतरकर भागने लगा। उदित को भागता देख एक पुलिसकर्मी उसके पीछे दौड़ा और उसे पकड़ लिया। उस पर लोहे के पाइप से तोबड़तोड़ वार किए। बताया जा रहा है कि दोनों पुलिसकर्मी सूखा नशा किए हुए थे, ताकि वे नशे में हैं, ये पकड़ में न आ सके।*

### कार में बैठे-बैठे हो गई थी मौत

उदित गायकी के दोस्त मारपीट के बाद उसे टीआईटी कॉलेज की तरफ लेकर पहुंचे थे। इसके बाद आनंद नगर चौकी के पास एक परिचित पुलिसकर्मी के पास पहुंचे। वहां पता चला कि उदित गायकी की हालत गंभीर हो गई है। उदित गायकी की पल्स नहीं चल रही थी। वह उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां से एम्स जाने की सलाह दी गई। एम्स पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

### पुलिसकर्मियों ने कहा कि हमें वे लोग संदिग्ध लगे थे

आरक्षक संतोष बामनिया और सौरभ आर्य का कहना है कि वह अपनी ड्यूटी कर रहे थे। अमन सरिया के पास गार्डन किनारे उन्हें एक संदिग्ध आईटेन कार खड़ी दिखी। कार में तीन युवक थे और शराब के नशे में धुत थे। हमने उन्हें जाने का कहा। इस पर एक युवक ने कहा कि अपना काम करें। हमने उनसे कहा कि यहां से निकल जाओ नहीं तो तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एक युवक कार से निकलकर भागा। सौरभ आर्य को भागने वाला युवक संदिग्ध लगा। सौरभ उसके पीछे दौड़ा तो वह खड़ी गाड़ी से टकरा गया। सौरभ ने उसकी टीशर्ट पकड़ी और उठाने का प्रयास किया। इससे उसकी टीशर्ट फट गई। वह गुस्से में कहने लगा तेरी कारण मैं गिर गया और चोट लग गई। लिहाजा, बल का प्रयोग करना पड़ा। बाद में उसके दोस्त आ गए और सभी को समझाइश देकर घर जाने का कहा था।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पैदल जा रहीं छात्राओं को वैन ने रौंदा, 7 घायल, 2 गंभीर




**कुक्षी।** धार में आदिवासी छात्रावास की छात्राओं को वैन ने टक्कर मार दी। हादसे में सात छात्राएं घायल हुई हैं। सभी को कुक्षी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। इनमें दो की हालत गंभीर है। 42 छात्राएं शासकीय आदिवासी सीनियर बालिका छात्रावास से अलग-अलग ग्रुप में पैदल स्कूल जा रही थीं।

### दुष्कर्म पीड़िता ने की आत्महत्या की कोशिश



**सतना।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने की शिकायत करने वाली महिला ने जान देने की कोशिश की। महिला ने शुक्रवार रात नींद की ज्यादा गोलियां खा ली थी। पुलिस ने समय रहते पीड़िता को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़िता गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज थी।

### सबरीमाला गोल्ड चोरी केस 9 अधिकारियों पर एक्शन



**तिरुवनंतपुरम।** सबरीमाला मंदिर में सोना चोरी केस में त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) की विजिलेंस विंग ने 9 अफसरों के खिलाफ एक्शन लेने का फैसला किया है। टीडीबी अध्यक्ष पीएस प्रसांत ने शनिवार को कहा- डिप्टी देवास्वोम कमिश्नर बी मुरारी बाबू के खिलाफ पहले ही कार्रवाई हो चुकी है। अन्य पर 14 अक्टूबर को बैठक में फैसला लिया जाएगा।

**यह टैरिफ पहले से लगे 30 फीसदी टैरिफ के अतिरिक्त होगा**

*रेयर अर्थ एलिमेंट्स के एक्सपोर्ट पर चीन ने प्रतिबंध लगाया तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐसे निकाली खुन्नस*

# चीन पर ठोक दिया 100 फीसदी टैरिफ अब कुल 130 प्रतिशत टैरिफ की 'मार'

**ट्रंप का चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात का प्रोग्राम भी कैंसिल**

**चीन ने रेयर अर्थ एलिमेंट्स, टंगस्टन और मोलिब्डेनम के व्यापार पर कंट्रोल और बढ़ा दिया**

**17 रेयर अर्थ एलिमेंट्स से इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, सैन्य उपकरण, सेमीकंडक्टर बनाए जाते हैं**


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को टैरिफ का फिर झटका दे दिया है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर छिड़े विवाद के बीच ट्रंप ने चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। उन्होंने चीन को रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर प्रतिबंध के बाद कड़ी जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी, जिसे सही साबित करके दिखाया।

टैरिफ एक नवंबर 2025 से लागू हो जाएगा। अमेरिकी ने टैरिफ चीन से आने वाले सॉफ्टवेयर्स पर लगाया है, जिसका असर ग्लोबल ट्रेड पर देखने को मिल सकता है। गौर हो कि राष्ट्रपति ट्रंप ने बीते दिन ही चीन को चेतावनी दे दी थी कि अमेरिका कड़ी जवाबी कार्रवाई करेगा और अपनी चेतावनी को सही साबित करते हुए उन्होंने टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ऐसे में अब 1 नवंबर से चीन से अमेरिका में इम्पोर्ट किए जाने वाले सभी उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा और यह टैरिफ पहले से लगे 30 फीसदी टैरिफ से अतिरिक्ति लगाया जाएगा।

*ट्रंप ने अचानक आयात-निर्यात की पूरी अवधारणा बदलकर दुनिया को चौंका दिया है और किसी को इस बारे में पता तक नहीं है*

**अमेरिका ने टैरिफ चीन से आने वाले सॉफ्टवेयर्स पर लगाया है, जिसका असर ग्लोबल ट्रेड पर देखने को मिल सकता है**




**टैरिफ का पासा पलटने वाला है अब**

### भारत पर ये होगा असर?

भारतीय निर्यातकों को अमेरिका के बाजार में अपना निर्यात बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। भारत ने 2024-25 में अमेरिका को 86 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया। अमेरिका इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, जूते, सफेद वस्तुओं और सौर पैनलों के लिए चीन पर बहुत अधिक निर्भर है। यह मांग भारत की ओर मुड़ सकती है। भारत पहले से ही 'चाइना प्लेस 1' रणनीति का लाभ उठा रहा है जबकि वैश्विक कंपनियां चीन का विकल्प तलाश रही हैं।

### क्या हैं चीन के रेयर अर्थ एलिमेंट्स?

रेयर अर्थ एलिमेंट्स में 17 रासायनिक तत्व आते हैं, जिनसे इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, सैन्य उपकरण, सेमीकंडक्टर बनाए जाते हैं। इन रासायनिक तत्वों पर चीन का कंट्रोल है, यानी 80 से 90 प्रतिशत रासायनिक तत्व चीन में पैदा होते हैं, लेकिन चीन ने साल 2000 में इनके उत्पादन में विदेश निवेश को सीमित कर दिया और इनका निर्यात भी कम कर दिया।

### ग्लोबल मार्केट पर ऐसा असर

**टैरिफ से ट्रिलियन फुर्र, क्रिप्टो मार्केट भी दहला**

अमेरिका की ओर से चीन पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले के बाद अमेरिका, चीन के शेयर बाजारों से क्रिप्टो करेंसी मार्केट तक में भारी तबाही आई है। क्रिप्टो मार्केट में सिर्फ 560 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। एनवीडिया, टेस्ला और अमेजन जैसे शेयरों पर भारी दबाव दिखा है।

### ट्रंप बोले- जिनपिंग से क्यों मिलना चाहूंगा?

*बीते 9 अक्टूबर को चीन ने रेयर अर्थ एलिमेंट्स, टंगस्टन और मोलिब्डेनम के व्यापार पर कंट्रोल और बढ़ा दिया। अमेरिका ने चीन के इस फैसले को सीधे-सीधे खुद पर दबाव माना और राष्ट्रपति ट्रंप ने एक लंबी चौड़ी पोस्ट लिखकर चीन को चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने अपने एशिया टूर के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात का प्रोग्राम भी कैंसिल कर दिया। हालांकि उन्होंने मीडिया के द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में यह भी कहा कि मीटिंग कैंसिल की नहीं है, लेकिन मौजूदा विवाद के चलते इसे कैंसिल ही समझा जाए, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि हम दोनों एक दूसरे से मिलना चाहेंगे। उन्होंने अचानक आयात-निर्यात की पूरी अवधारणा बदलकर दुनिया को चौंका दिया है और किसी को इस बारे में पता तक नहीं है।*

◆ तालिबान अधिकारियों के कहने पर प्रेस कांफ्रेंस में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया

## मुत्ताकी ने भारत में आकर भी महिलाओं के अधिकारों को ठेस पहुंचाई

**प्रियंका गांधी वाड्रा, महुआ मोइत्रा, पी. चिदंबरम और राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा**



**विदेश मंत्रालय ने दी सफाई कहा- मुत्ताकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत सरकार की कोई भूमिका नहीं थी**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक दिन पहले ही अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इस दौरान केवल कुछ चुनिंदा पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था और महिला पत्रकारों को बुलाया नहीं गया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की एंट्री पर लगे प्रतिबंध को लेकर विवाद बढ़ चुका है। प्रियंका गांधी वाड्रा, महुआ मोइत्रा और पी. चिदंबरम सरीखे नेताओं के बाद अब कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के ⏩ शेष पेज 4 पर

**सागर में डंपर ने मारी थी टक्कर**

## विभाग कार्यवाह और पत्नी की मौत, पोटली में उठाने पड़े शव

**करवा चौथ मनाकर दोनों लौट रहे थे गांव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर में एक तेज रफ्तार डंपर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सागर विभाग के कार्यवाह और उनकी पत्नी की मौत हो गई। टक्कर की वजह से महिला के पैर और सिर धड़ से अलग हो गया।

शरीर के बाकी हिस्से पर डंपर चढ़ गया। पति-पत्नी दोनों के शव को पोटली में भरकर ले जाया गया। आरएसएस सागर विभाग के विभाग कार्यवाह और शासकीय




अशोक दुबे, पत्नी राधा दुबे, मृतक

शिक्षक अशोक दुबे (45) पत्नी राधा दुबे के साथ बाइक से अपने पैतृक गांव ⏩ शेष पेज 4 पर

## शहीद संजय मीणा का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा



**देवास।** जिले के संवरसी निवासी नायक संजय मीणा अरुणाचल प्रदेश में देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव संवरसी पहुंचा, जहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। नायक संजय मीणा हरियाणा के अंबाला में तैनात अपनी यूनिट के साथ अभ्यास के लिए अरुणाचल प्रदेश और उत्तराखंड गए थे। 6 अक्टूबर को अरुणाचल प्रदेश में गश्त के दौरान वे एक पहाड़ी इलाके में गहराई में दब ⏩ शेष पेज 4 पर

## गुलाबी ठंड का दौर शुरू, गिरने लगा रात का पारा

*राजगढ़ में सबसे कम 13.5 डिग्री दर्ज किया गया। धार में 15.6 डिग्री, इंदौर में 15 डिग्री, भोपाल में 17.8 डिग्री, ग्वालियर में 18.2 डिग्री, उज्जैन में 17.2 डिग्री और जबलपुर में 21.2 डिग्री रहा*

# आते ही सर्दी सिहरन जगाने लगी, रात में 25 से ज्यादा शहरों में पारा 20 डिग्री से भी नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में शनिवार को मौसम का मिजाज मिला-जुला रहा। पूर्वी हिस्से के जिलों में बादल छाए रहे। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई है। वहीं, भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत अन्य जिलों में धूप निकली रही। इधर, रात के तापमान में गिरावट का दौर जारी है।

शुक्रवार-शनिवार की रात में 25 से ज्यादा शहरों में पारा 20 डिग्री से नीचे रहा। राजगढ़ में सबसे कम 13.5 डिग्री दर्ज किया गया। धार में 15.6 डिग्री, इंदौर में 15 डिग्री, भोपाल में 17.8 डिग्री, ग्वालियर में 18.2 डिग्री, उज्जैन में 17.2 डिग्री और जबलपुर में 21.2 डिग्री ⏩ शेष पेज 4 पर


पॉलिटेक्निक चौराहा शाम 6:15 बजे का दृश्य

**3 दिन तक पूर्वी हिस्से में बूंदाबांदी का अनुमान**

मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक पूर्वी हिस्से के जिलों में बूंदाबांदी होने का अनुमान जताया है। बाकी जिलों में मौसम साफ रहेगा। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि 14 अक्टूबर को कहीं-कहीं बारिश होने के आसार है। रविवार को पूर्वी हिस्से के तीन जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है।

### 40 से ज्यादा जिलों से मानसून लौट गया

प्रदेश से मानसून की वापसी फिर शुरू हुई है। शुक्रवार को भोपाल, इंदौर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, सीहोर, विदिशा, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल समेत 40 से अधिक जिलों से मानसून लौट गया। सिंगरौली, सीधी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, जबलपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा आदि जिलों से भी अगले एक-दो दिन में मानसून लौट जाएगा। इससे पहले 12 जिलों से मानसून विदा हो चुका है।

बैद्यनाथ नागपुर असली आयुर्वेद

आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!



स्वस्थ हृदय ही अच्छे स्वास्थ्य की पहचान है।

बैद्यनाथ असली आयुर्वेद

अर्जुनामृत




A.U.4127/09/25/283

- अर्जुनामृत में अर्जुन के अलावा विडंग, गोखरू एवं नागकेशर जैसे बहुमूल्य जड़ी-बूटीयों से युक्त होने से अधिक गुणकारी है।
- बढ़ती उम्र के लिए लाभकारी।
- अर्जुनामृत के साथ शुध्द शिलाजीत युक्त प्रभाकर बटी का सेवन विशेष लाभदायक है।

**श्री नितीन शर्मा, दुर्ग**
**प्र.** मेरी बेटी की उम्र 19 वर्ष है, उसे एक सप्ताह से बुखार है, गले में खराश भी है। कृपया उपचार बतायें।
**उ. बैद्यनाथ महासुदर्शन घन बटी** 1–1 टॅबलेट दिन में दो बार पानी के साथ भोजन के बाद दे, साथ में **बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण** एक चम्मच सुबह–शाम शहद के साथ दे।

**श्री शरद ओक, धमतरी**
**प्र.** मेरी उम्र 39 वर्ष है। शारीरिक कमजोरी आयी है। इस कारण शारीरिक संतुष्टी नही हो पाती। इस कारण बहुत परेशान हूँ।
**उ. बैद्यनाथ वीटा एक्स गोल्ड प्लस कॅप्सूल** 1–1 कॅप्सूल सुबह – शाम भोजन के बाद दूध के साथ लें। साथ में बैद्यनाथ धातुपौष्टिक चूर्ण 1 से 2 चम्मच समान भाग मिश्री और दुध के साथ लें।

**श्रीमती कुसुम तिवारी, बिलासपुर**
**प्र.** मेरी उम्र 52 वर्ष है, मुझे चलते समय घुटनों में बहुत दर्द होता है। उठते–बैठते कमर दर्द भी रहता है, कृपया उपचार बतायें।
**उ. बैद्यनाथ महारास्नादि काढ़ा** 3–3 चम्मच समभाग पानी के साथ सुबह–शाम भोजन के बाद लें। साथ में **बैद्यनाथ पेन क्विट टॅबलेट 1–1** टॅबलेट सुबह–शाम पानी के साथ लें। **बैद्यनाथ पेन क्विट ऑईल** की दर्द के जगह हलकी मालिश करें।

**श्री गीरधर जोगी, रायपुर**
प्र. मुझे 5 साल से डायबिटीज है। आँखें के सामने अंधेरा छा जाता है व दिनभर के काम से रात में अत्याधिक थकान महसूस करता हूँ।
**उ. बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगरफ्री)** 1–1 चम्मच दुध के साथ सुबह शाम भोजनबाद लेवें। **बैद्यनाथ मधुमेहारि ग्रेन्युल्स** 1 से 2 चाय के चम्मच पानी के साथ लेवें।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.)
प्रधान वैद्य

बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतू सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 844 844 4935 I www.baidyanath.co

# सबको समय पर न्याय दिलाना ही न्यायपालिका की मूल आत्मा: मुख्यमंत्री डॉ.यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का मौलिक, बुनियादी, मानवीय, नागरिक और संवैधानिक अधिकार है। लोक कल्याणकारी राज्य का पहला दायित्व है कि देश का कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित न रहे। न्याय और सुशासन न केवल राष्ट्र और समाज को मजबूत करते हैं, बल्कि शासन व्यवस्था को जवाबदेह भी बनाते हैं। समानता, पारदर्शिता, विनम्रता और सबको समय पर न्याय दिलाना ही न्यायपालिका की मूल आत्मा रही है और आगे भी रहेंगी। उन्होंने कहा कि न्याय देने की स्थापित व्यवस्था को और बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि अब तो न्याय की देवी की आंखों की पट्टी भी खोल दी गई है।

इसका आशय है कि अब न्याय की देवी खुली आंखों से न्याय कर सकेंगी। डॉ. यादव शनिवार को इंदौर में आयोजित 'इवोल्विंग होराइजन्सः नेविगेटिंग कॉम्प्लेक्सिटी एंड इनोवेशन इन कमर्शियल एंड आर्बिट्रेशन लॉ इन द डिजिटल वर्ल्ड' विषय पर आयोजित विधि विशेषज्ञों की अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तिगणों और विधि-विशेषज्ञों ने भी अपने विचार रखे।

- न्याय देने की स्थापित व्यवस्था को और बेहतर बनाना लक्ष्य
- इन्दौर में विधि विशेषज्ञों की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ
- सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तिगणों और विधि-विशेषज्ञों ने रखे विचार



### हमारी कोशिश बनी रहे न्यायिक व्यवस्था पर आस्था: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय न्याय परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि न्याय हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हम सम्राट वीर विक्रमादित्य को कैसे भूल सकते हैं, जिन्होंने अपने बाल्यकाल से ही तत्समय भारत देश में न्याय और सुशासन की व्यवस्था का सूत्रपात किया था। उन्होंने कहा कि आज देश में कानून के क्षेत्र में अनेक नवाचार हो रहे हैं, जिससे नागरिकों को अधिक अधिकार मिल रहे हैं। हमारी सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को सुगमता से न्याय मिले और उसकी आस्था न्यायिक व्यवस्था पर सदैव बनी रहे।

### बढ़ते विवादों का समाधान न्यायपालिका में ही निहित

उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कहा कि जैसे-जैसे व्यापार का विस्तार होता है, विवाद स्वाभाविक रूप से बढ़ते हैं और इसका समाधान न्यायपालिका में ही निहित है। चूंकि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है, इसलिए हमारी मानसिकता में बदलाव लाने और सभी हितधारकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति अरविंद कुमार ने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का केवल एक भागीदार ही नहीं, बल्कि एक निर्माता भी है। न्याय से समझौता किए बिना, व्यापार में सुगमता और नवाचार को साथ-साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने न्यायनिर्णयन से सहयोग और मध्यस्थता से नवाचार की ओर बदलाव पर जोर दिया और कानूनी बिरादरी के लिए तदनुसार अनुकूलन की आवश्यकता पर बल दिया।

### निष्पक्षता की सीमाओं का विस्तार करना लक्ष्य

*उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने कहा कि न्यायपालिका का लक्ष्य कानून का पुनर्निर्माण करना नहीं है, बल्कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के विचार को सीमित किए बिना निष्पक्षता की सीमाओं का विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक अर्थव्यवस्था में डेटा पर नियंत्रण केवल फर्मों या कंपनियों के स्वामित्व से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है और इसलिए आर्थिक विकास को बाधित किए बिना पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कानूनी पेशा तकनीकी प्रगति का अपवाद नहीं रह सकता।*

### नवाचार का केंद्र बनने के लिए अच्छी स्थिति में मप्र

*मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने पारदर्शिता, दक्षता और कानून के शासन को बनाए रखते हुए तकनीकी परिवर्तन के अनुकूल होने में न्यायपालिका की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मध्यप्रदेश कानूनी और तकनीकी नवाचार का केंद्र बनने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कानूनों को तकनीकी प्रगति के अधीन हुए बिना उनके साथ विकसित होना चाहिए।*

## परियोजना को साकार करने के लिए काम कर रही हैं मप्र पर्यटन बोर्ड की पांच कंपनियां

# विकास-पर्यटन को जोड़ते हुए महत्वाकांक्षी 'नर्मदा क्रूज परियोजना' जल्द होगी आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र की जीवन रेखा नर्मदा नदी में आस्था, विकास और पर्यटन को जोड़ते हुए एक महत्वाकांक्षी 'नर्मदा क्रूज़ परियोजना' शुरू की जा रही है। यह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा धार जिले के मेघनाथ घाट से गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक जाएगी। यह परियोजना प्रदेश में आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन में मध्य प्रदेश को एक नई पहचान दिलाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात दिन भर चले ट्रैवल मार्ट के पहले दिन प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक परियोजना को साकार करने के लिए मप्र पर्यटन बोर्ड की पांच कंपनियों जंगल कैंप्स इंडिया, नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड, नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड, एब्सोल्यूट टेक मैनेजमेंट एलएलपी, एब्सोल्यूट टेक मैनेजमेंट एलएलपी, सेइना इंफोटेनमेंट प्रालि इंदौर, तथा मेसर्स एच्ट को 'लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस' काम कर रही हैं। इसका आने वाले दिनों में दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा।

### मेघनाथ घाट से गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक जाएगी यात्रा

**दिन भर चले ट्रैवल मार्ट के पहले दिन प्रेस कांफ्रेंस में बोले डॉ. यादव**




### 27 विभिन्न देशों के अंतरराष्ट्रीय टूर ऑपरेटर्स हो रहे हैं शामिल

**इनकी रहेगी सहभागिता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के बड़े राज्य-स्तरीय ट्रैवल मार्ट में से एक है। इस आयोजन में 27 देशों के 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ, 150 से अधिक घरेलू टूर ऑपरेटर्स सहित 700 से अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक बना दिया है।

मप्र ट्रैवल मार्ट के इस भव्य आयोजन में पधारे 27 विभिन्न देशों के अंतरराष्ट्रीय टूर ऑपरेटर्स, भारत के विभिन्न राज्यों से आए राज्य के प्रतिनिधि, सम्मानित टूर ऑपरेटर्स, होटलियर्स, निवेशक और पर्यटन उद्योग के सभी साथियों का मप्र की जनता की ओर से भारत के हृदय प्रदेश में स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में अतिथि देवो भवः की परंपरा है, और यह आयोजन केवल एक व्यापारिक सम्मेलन नहीं, बल्कि संस्कृतियों के संगम का एक महापर्व है। यह आयोजन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'देखो अपना देश' और 'वोकल फॉर लोकल' के विजन को साकार करने की दिशा में हमारा एक दृढ़ कदम है।

### प्रदेश के हर कोने तक विकास हों

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार का यह दृढ़ विश्वास है कि विकास का प्रकाश प्रदेश के हर कोने तक पहुँचना चाहिए। पर्यटन की अपार संभावनाओं को केवल कुछ बड़े केंद्रों तक सीमित न रखकर, हमने ग्वालियर-चंबल, विंध्य और सागर जैसे क्षेत्रों की क्षमता को उजागर करने के लिए रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव की एक अभिनव श्रृंखला प्रारंभ की। मुझे यह साझा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे यह प्रयास सफल रहे हैं। ग्वालियर में आयोजित रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में हमें 3,500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, वहीं रीवा में आयोजित कॉन्क्लेव ने 3,000 करोड़ के निवेश को आकर्षित किया।*

## धार में भिलाला समाज समागम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# भिलाला समाज ने जगाई सामाजिक चेतना, जनजातियों का समग्र कल्याण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग का समग्र कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी कोशिश है कि जनजातीय वर्ग का कोई भी व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि भिलाला समाज एक साहसी और संस्कारित समाज है, जिसने मां नर्मदा के आशीर्वाद से नशामुक्ति और मृत्युभोज जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा नाश की जड़ है, जो कई पीढ़ियों को बर्बाद कर देता है। समाज की कुरीतियों को खत्म करने का प्रयास एक सामाजिक क्रांति का संकेत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को धार के किला मैदान में जय ओमकार आदिवासी भिलाला समाज संगठन की ओर से आयोजित 12 वें प्रांतीय वार्षिक सामाजिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में भिलाला समाज की ओर से युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन, रोजगार पंजीयन शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, नशामुक्ति जागरूकता शिविर, कैरियर मार्गदर्शन शिविर सहित सामाजिक कुरीतियों के निवारण के लिए जागरुकता शिविर भी आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने पीथमपुर थाना (बगदून) के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में जय ओमकार आदिवासी भिलाला समाज संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बीएस जामोद ने सम्मेलन की रूपरेखा और भावी गतिविधियों पर प्रकाश डाला।



### जनजातीय नायकों का सम्मान

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने धार जिले की भिलाला समाज की जुझारू महिला नेत्री को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान देकर समाज का गौरव बढ़ाया है। राज्य सरकार ने अलीराजपुर का नाम परिवर्तन कर आलीराजपुर कर दिया है। क्रांतिसूर्य टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना और महाराजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह की जयंती को भव्य रूप से मनाकर हमारी सरकार ने जनजातीय नायकों और परम्पराओं को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज का राष्ट्ररक्षा और स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान रहा है। भगोरिया के उल्लास को हमने राज्यस्तरीय पर्व का दर्जा देकर जनजातीय लोक परंपराओं को सम्मानित किया है।*

### प्रत्येक समाज को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक समाज को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्योग के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब भारत माता के लाल हैं, ऐसे में भेदभाव का कोई स्थान नहीं है। राज्य सरकार ने समाज के वंचित वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया है। हमारी सरकार ने सबको विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य किया है।*

## मैनिट में निकला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन

# समस्त संसार को अपना परिवार मानकर उसकी सेवा, सत्कार और आदर करें : दीपक विस्पुते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनेट) का परिसर शनिवार को घोष की धुन के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का पथ संचलन निकाला गया। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मैनेट समेत 12 राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के 256 विद्यार्थी एवं प्राध्यापकों ने पूर्ण गणवेश में बड़े हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल विभाग के संघचालक सोमकांत उमालकर ने की और मुख्य अतिथि विजय अग्रवाल रहे।

वहीं, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में आरएसएस के अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में विस्पुते ने 'पंच परिवर्तन' के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके माध्यम से हम अपनी भारत माता और इस पृथ्वी को स्वच्छ एवं सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने प्रकृति और समाज दोनों को शुद्ध रखने के लिए इन परिवर्तनों को अपनाने का आह्वान किया। वसुधैव कुटुम्बकम को ध्येय वाक्य बताते हुए उन्होंने कहा कि संपूर्ण जगत अपना घर है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को समस्त संसार को अपना परिवार मानकर उसकी सेवा और आदर करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में पहली बार आयोजित हुए इस पथ संचलन ने सभी में एक नए उत्साह का संचार किया। यह कार्यक्रम देश के किसी भी एनआईटी में पहली बार हुआ है।



**भोपाल।** जहांगीराबाद में भी संघ का पथ संचलन निकला।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्रेणी मिलन का संयुक्त पथ संचलन आज

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भोपाल विभाग शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्रेणी मिलनों का संयुक्त पथ संचलन रविवार 12 अक्टूबर को शाम 4 बजे तात्या टोपे नगर स्टेडियम भोपाल में होगा। इस अवसर पर श्रेणी मिलन के तहत इसमें पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व पुलिस अधिकारी, चिकित्सक, अधिवक्ता, युवा उद्यमी, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधी, विभिन्न मातृभाषा के प्रतिनिधी, शिक्षक, कृषक शामिल होंगे। संचलन तात्याटोपे नगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर न्यू मार्केट होते हुए वापिस तात्याटोपे नगर में समाप्त होगा।*

## भाजपा प्रदेशध्यक्ष ने की मृतक के परिजनों से बात

# भाजपा संगठन और सरकार पीड़ित परिवार के साथ किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा: खंडेलवाल

### प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने मृतक युवक के घर पहुंचकर परिजनों को दी सांत्वना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को भोपाल में पुलिस की पिटाई से मृत युवक उदित गायकी के परिजनों से बात की। खण्डेलवाल के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने मृतक उदित गायकी के अशोका गार्डन स्थित निवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से मृतक के परिजनों की बात कराई।

खण्डेलवाल ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली संवेदनशील भाजपा सरकार ने दोषियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार पीड़ित पक्ष के साथ हैं और हरसंभव मदद करेंगे।

### पीड़ित परिवार से मिले पटवारी, दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग



राजधानी में पुलिस की पिटाई से हुई युवक की मौत के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है। उन्होंने मृतक युवक से मुलाकात करते हुए ढांढस बंधाया। पटवारी ने कहा कि यह घटना बताती है कि पुलिस अब हत्या करने लगी है। प्रदेश भर में कानून का पुलिस ने मजाक बना दिया है। ऐसी पिटाई की कि युवक की मौत हो गई। पीड़ति परिवार ने बताया कि पुलिसकर्मी भी शराब के नशे में थे। नशे की हालत में युवक की पिटाई की। जीतू ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश को नशे में झोक दिया है। पुलिसकर्मी शराब पीकर पीट रहे हैं। डीएसपी का साला भी सुरक्षित नहीं है। यह घटना भोपाल में हुई है। इतने अफसर रहते हैं फिर भी पुलिस को सिर्फ वसूली में मन लगता है। अब तो पुलिस पर भी भरोसा नहीं रहा है। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करता हूं।



9 शहर का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम फेल, 200...



10 मंडीदीप में खाद्य विभाग ने की छापामार कार्रवाई...





## बैकअप जनरेटर भी नहीं हुआ शुरू, टॉर्च की रोशनी में करना पड़ा मरीजों का इलाज

### बिजली नहीं होने से आठ मरीजों की डायलिसिस टालनी पड़ी

# मॉडल अस्पताल जेपी में सवा घंटे बिजली गुल, ओटी-आईसीयू-डायलिसिस हुए ठप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**


राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी के हाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से भी बदतर हो गए हैं। प्रभारी अधीक्षक के भरोसे चल रहे जेपी अस्पताल में शनिवार सुबह 10 बजे से लेकर 11:15 बजे तक बिजली गुल रही। सवा घंटे बिजली गुल होने से पूरा अस्पताल अंधेरे में डूब गया। इस दौरान ओटी, ओपीडी, आईपीडी, डायलिसिस, आईसीयू, सिविल सर्जन कक्ष समेत पूरे अस्पताल में अंधेरा था। बिजली गुल होने से आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीजों को उमस और घुटनझेलनी पड़ी।

बिजली गुल होने से ऑपरेशन को टालने के साथ डॉक्टरों को मरीज का इलाज टॉर्च की रोशनी में करना पड़ा। इसी दौरान आठ मरीजों की डायलिसिस टालनी पड़ी। अस्पताल में लापरवाही का आलम तो यह है कि बिजली गुल होने के बाद बैकअप जनरेटर भी चालू भी हो सका। बताया जा रहा है कि अस्पताल प्रबंधक ने जनरेटर में डीजल डालना ही भूल गए थे।



**» शनिवार सुबह 10 बजे से लेकर 11:15 बजे तक बाधित रही बिजली आपूर्ति**

**» आईसीयू में गंभीर मरीजों को झेलनी पड़ी उमस**



### जानकारी के बाद भी जनरेटर में नहीं भरवाया डीजल

सिविल सर्जन की फटकार के बाद अस्पताल प्रबंधक प्रेमचंद गुप्ता ने डीजल मंगवाकर जनरेटर चालू किया और लगभग 11:15 बजे बिजली बहाल हो सकी। इधर जेपी अस्पताल के प्रबंधक प्रेमचंद्र गुप्ता की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जनरेटर में डीजल नहीं होने की जानकारी के बाद भी डीजल नहीं भरवाया गया। इस पर सविल सर्जन डॉ. मनीष शर्मा ने अस्पताल प्रबंधक प्रेमचंद गुप्ता को फटकार लगाई। डॉ. मनीष शर्मा ने अस्पताल प्रबंधक प्रेमचंद गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डॉ. शर्मा इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए पूछा है कि आपातकालीन स्थिति में जनरेटर में डीजल क्यों नहीं था। उन्होंने तीन दिन में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। संतोषजनक जवाब न मिलने पर मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने अस्पताल प्रबंधक प्रेमचंद गुप्ता को की गंभीर लापरवाही मानते हुए पूछा है कि आपातकालीन स्थिति में जनरेटर में डीजल क्यों नहीं था। उन्होंने जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

### मरीज को एनेस्थीसिया दिया, पर नहीं हो सकी सर्जरी

*शनिवार एक मरीज का ऑपरेशन होना था। सुबह करीब 9:55 बजे मरीज को एनेस्थीसिया (बेहोशी की दवा) देकर ओटी टेबल पर लिटाया गया था। सर्जन ऑपरेशन शुरू करने ही वाले थे कि अचानक बिजली गुल हो गई। केवल यूपीएस से जुड़े मॉनिटर की लाइट जल रही थी। काफी देर तक बिजली नहीं आई तो डॉक्टरों ने टॉर्च ऑन की। राहत की बात यह रही कि उस समय तक मरीज के शरीर पर चीरा नहीं लगा था। डॉक्टरों ने तुरंत एनेस्थीसिया का असर कम करने की प्रक्रिया शुरू की और सर्जरी स्थगित कर दी।*

### जनरेटर से डीजल चोरी की आशंका

*अस्पताल के जनरेटर में आखिरी बार 16 सितंबर को डीजल डलवाया गया था, लेकिन इसका रिकॉर्ड रजिस्टर में नहीं था। यह भी स्पष्ट नहीं था कि जनरेटर कितने घंटे चला और कितने डीजल की खपत हुई। निगरानी व्यवस्था नहीं होने से डीजल चोरी की आशंका बनी रहती है।*

### न इलाज मिला न मिली दवा

बेटे का इलाज कराने आए शिव ने बताया कि सुबह 10 बजे अचानक बिजली गुल हो गई। बिजली गुल होने के बाद लाइन में फॉल्ट हुआ तो जनरेटर चालू किया गया, लेकिन वह भी नहीं चला। बाद में पता चला कि जनरेटर में डीजल ही नहीं था। बिजली गुल होने के कारण बेटे को न तो इलाज मिला न ही दवा मिली।

### जांच कमेटी बनाई

बिजली ट्रांसफॉर्मर में गड़बड़ी के कारण लाइट गई थी। हमने जनरेटर चालू करने की कोशिश की, लेकिन लाइन ड्रिप हो रही थी। इसमें कुछ तकनीकी कारण भी हैं, जिनकी जांच के लिए समिति बनाई जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल प्रबंधक प्रेमचंद गुप्ता को नोटिस दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. मनीष शर्मा**, सीएमएचओ

---

## एआई की मदद से महिला अपराध पर लगाम लगाने की कवायद

# अब अंधेरी और सुनसान सड़कों पर महिलाओं के आसपास 'संदिग्ध' होने पर पुलिस को अलर्ट करेगा कैमरा

*सीएम की घोषणा के बाद तैयार हुआ महिला सुरक्षा का व्यापक प्लान, एआई बेस्ड कैमरे देंगे सूचना*



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

अलग खबर

मध्य प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा पुख्ता करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके तहत अब शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में एआई बेस्ड कैमरे महिला सुरक्षा पर नजर रखेंगे। बच्ची, युवती या महिला के किसी भी आपातकालीन स्थिति में होने पर यह कैमरे खुद पुलिस-प्रशासन को अलर्ट करेंगे। इस प्रोजेक्ट पर पुलिस ने काम शुरू कर दिया है। पुलिस मुख्यालय ने इसके लिए प्लान तैयार कर लिया है। हालांकि प्रोजेक्ट के अमल में आने तक अभी लगे कैमरों के जरिए महिलाओं सुरक्षा पुख्ता करने का प्रयास पुलिस की ओर से होंगे उल्लेखनीय है कि हाल ही में आईएएस-आईपीएस कॉफ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिला सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस, प्रशासन और नगरीय निकाय के अफसरों को निर्देश दिए थे।

### इन हालातों में अलर्ट करेगा एआई कैमरा

- *सुनसान या अंधेरे रास्तों पर चलती बच्ची, युवती और महिलाओं की पहचान करेंगे। पीछा करने वाले संदिग्ध लोगों और वाहन की पूरी जानकारी पुलिस को ऑटोमैटिक जनरेट कर भेजेंगे।*
- *लड़कियों के स्कूलों या कॉलेजों के पास संदिग्ध लोग या हुडदंगियों की पहचान कैमरे करेंगे।*
- *अकेली बच्ची, युवती, महिला या बुजुर्ग को सुनसान बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन या बस स्टॉप पर देखते ही कैमरे पुलिस को अलर्ट जनरेट कर सूचित करेंगे।*
- *महिला के साथ सड़क पर किसी भी तरह की हाथापाई या झगड़े की स्थिति पर भी अलर्ट जनरेट करेंगे।*
- *पुल, रेलवे ट्रैक की ओर जाने वाली महिला, युवतियों की पहचान कर तुरंत पुलिस को अलर्ट जनरेट करेंगे।*

### पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत आज से

**भोपाल।** केंद्र की मोदी सरकार समय समय पर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चला रही है। इसी क्रम में राजधानी समेत प्रदेश में 12 अक्टूबर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान 18 जिलों में 39.19 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 64 हजार वैक्सीनेटर्स कार्यरत रहेंगे। रविवार को 24 हजार पोलियो बूथ बनाए गए हैं और सात हजार टीमें घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाने का कार्य प्रारंभ करेंगी। दूसरे और तीसरे दिन कुल 31 हजार टीमें घरों का भ्रमण कर दवा पिलाएंगी।

## अफसरों की फ्लाइंग स्क्वाड करेगी कार्रवाई

# दिवाली के पहले हटेंगे न्यू मार्केट में दुकानदारों के स्थाई कब्जे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

दिवाली के त्यौहार को देखते हुए अब न्यू मार्केट से दुकानदारों के स्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी। इसके लिए फ्लाइंग स्क्वॉड बनाया जाएगा, जो कार्रवाई करेगा। इस संबंध में एसडीएम टीटी नगर अर्चना शर्मा ने नगर निगम को पत्र भी लिखा है। नगर निगम का अमला रोजाना मॉनिटरिंग कर रहा है। हालांकि फुटपाथों पर दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजाना शुरु कर दी हैं।

### एसडीएम शर्मा ने नगर निगम को लिखा पत्र

एसडीएम टीटी नगर अर्चना शर्मा ने पंद्रह दिन पहले न्यू मार्केट से अस्थाई अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। शर्मा का कहना है कि न्यू मार्केट में स्थाई अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके लिए निगम की मदद ली जाएगी। त्यौहार के दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों को भी सड़कों पर वाहन नहीं खड़े करने की हिदायत दी गई है।

---

## अमृत संवाद के दौरान डीआरएम ने कहा-यात्रियों को अपने अधिकार जानने चाहिए, तुरंत शिकायत करें

# ट्रेनों में 14 की बोतल 20 रुपए में मिल रही, स्टेशन के शौचालय में लिया जाता है ओवर चार्ज



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता में भोपाल रेलवे स्टेशन पर अमृत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भोपाल रेलवे स्टेशन पर अमृत संवाद कार्यक्रम में यात्रियों ने रेलवे की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर कई अहम मुद्दे उठाए।

किसी ने स्टेशन पर ओवर चार्जिंग की शिकायत की, तो किसी ने स्लीपर कोच में बढ़ती भीड़ पर सवाल उठाया। कुछ यात्रियों ने रेलवे स्टाफ के व्यवहार और ट्रेन में सफाई को लेकर अनुभव साझा किए। त्यागी ने यात्रियों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और जवाब देते हुए कहा कि रेलवे लगातार यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुधारने की दिशा में काम कर रहा है।

**यात्रियों ने रेलवे स्टाफ के व्यवहार और ट्रेन सुविधा को लेकर अनुभव किए साझा**

### वेटिंग रूम ठीक नहीं ट्रेनों में टॉयलेट गंदे

*अमृत संवाद कार्यक्रम में सबसे पहले ओड़िसा की सुष्मिता ने कहा कि स्टेशन पर एसी वेटिंग हॉल की स्थिति ठीक नहीं है और शौचालय में तय दर से अधिक वसूली की जा रही है। उनसे रेट से अधिक चार्ज किया गया है। ट्रेन में शौचालय भी साफ नहीं थे। इस पर त्यागी ने बताया कि यात्रियों को अपने अधिकार जानना चाहिए। अगर सफाई या अन्य सुविधा में कमी दिखे तो तुरंत कॉल करें। रेलवे नियमित सरप्राइज चेक करता है, ताकि गुणवत्ता बनी रहे।*

### स्लीपर में कंफर्म सीट, लेकिन दूसरा बैठ गया शिकायत पर आठ घंटे बाद कार्रवाई हुई

बेंगलुरु के यात्री मनी कंटा ने बताया कि हाल ही में बेंगलुरु एक्सप्रेस से सफर के दौरान उनका टिकट स्लीपर क्लास का था, लेकिन ट्रेन में इतनी भीड़ थी कि सीट पर कोई और बैठा था। उन्होंने शिकायत की, लेकिन समाधान में आठ घंटे से अधिक समय लगा। स्लीपर कोच में जनरल जैसी भीड़ होती है। डीआरएम पंकज त्यागी ने कहा जितनी मांग है, उतनी ट्रेनें अभी चलाना संभव नहीं है, लेकिन रेलवे नई ट्रेनों के संचालन पर काम कर रहा है। यात्रियों की शिकायत मिलते ही उसे जल्द हल करने की कोशिश की जाती है।

### आरपीएफ मदद के लिए है परेशान करने के लिए नहीं

सेना से जुड़े लखनऊ के आनंद चौबे ने कहा कि स्टेशन पर वेटिंग लाउंज में यात्री अगर सो रहा हो तो आरपीएफ स्टाफ उसे बार-बार न जगाए। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने कहा कि आपकी बात सही है, लेकिन स्टेशन पर कई बार बाहरी लोग भी आ जाते हैं। ऐसे में आरपीएफ सुनिश्चित करता है कि हर व्यक्ति सही यात्री हो।

### ज्यादा रेट में दिया रेल नीर शिकायत पर माफी मांगी

पुणे के पन्ना लाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि रेल नीर की बोतल की एमआरपी 14 है, लेकिन ट्रेन में 20 वसूले जा रहे हैं। हमने विरोध किया तो कैंटीन मैनेजर ने माफी मांग ली, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। रेलवे को इस तरह की ओवर चार्जिंग पर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए।

---

## आयुष नीट काउंसलिंग: प्रवेश की आखिर तारीख पर बैंक बंद होने से फीस जमा करने भटकते रहे छात्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश में आयुर्वेद बीएएमएस, होम्योपैथी बीएचएमएस, यूनानी बीयूएमएस व बीएनवायएस आयुष स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए स्टेट कोटे के द्वितीय चरण की काउंसलिंग में संबंधित महाविद्यालयों में औपचारिकताएं पूर्ण कर प्रवेश लेने तथा प्रवेश निरस्तीकरण का 11 अक्टूबर अंतिम दिन था। परंतु शनिवार को प्रवेश लेते वक्त फीस जमा करने में आयुष कॉलेजों व अभिभावकों-छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### प्रवेश नहीं मिला तो जिम्मेदार कौन?

आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि माह का द्वितीय शनिवार होने के कारण बैंक बंद होने के कारण आखिरकार छात्रों को बेहद परेशानी हुई। फीस जमा करने के लिए छात्र व अभिभावक दोनों भटकते रहे। डॉ.पाण्डेय ने कहा कि बहुत सारे छात्र ग्रामीण अंचलों से भी आते हैं। सभी के पास ऑनलाइन व्यवस्था नहीं होती। अब अगर फीस जमा नहीं करने के कारण प्रवेश नहीं दिया गया होगा तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?।






**जेकेट का शेष....**

## हिंदू होने पर गर्व,....

हिंदू धर्म ने मानवता को जो अमूल्य धरोहरें दी हैं- गीता, वेद, योग, ध्यान और आयुर्वेद। उन्होंने उनके जीवन को गहराई से छुआ है। उनका मानना है कि यह सिर्फ एक धर्म नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है जो आत्मा की शुद्धि और मानसिक संतुलन सिखाता है। उन्होंने कहा कि वह नियमित रूप से मंदिर जाती हैं, मंत्र जाप करती हैं और धार्मिक पर्वों को पूरे उत्साह से मनाती हैं। रॉबर्ट्स के मुताबिक, हिंदू धर्म उन्हें संतुलन, विनम्रता और करुणा सिखाता है- जो आज की तेज रफ्तार दुनिया में सबसे ज़रूरी हैं। जूलिया ने इस दौरान ये भी बताया कि उनकी हिंदुत्व में आस्था नीम करोली बाबा की एक तस्वीर देखने के बाद आई थी। हालांकि जूलिया रॉबर्ट्स अमेरिका में जन्मी और पली-बढ़ी हैं, लेकिन भारत की आध्यात्मिक भूमि ने उन्हें हमेशा आकर्षित किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने पहली बार हिंदू दर्शन से परिचय फिल्म 'ईट प्रे लव' की शूटिंग के दौरान भारत में कराया था। यहीं से उन्होंने हिंदू संस्कृति, पूजा-पाठ और ध्यान की विधियों को समझना शुरू किया। भारत की यात्रा ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। उन्होंने महसूस किया कि सच्ची शांति बाहरी चीजों में नहीं, बल्कि अपने भीतर खोजनी पड़ती है। इसी अनुभव ने उन्हें हिंदू धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## मप्र को फिल्म शूटिंग ...

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी और पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त घुमन्तू और अर्द्धघुमन्तू कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर भी उपस्थित थीं।

## ट्रैवल वेडिंग प्लानिंग...

सॉल्यूशन्स प्रालि के अनुज मदान, जू मीडिया के प्रतीक गुप्ता, इंडियन एग्ज़ीबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन के सूरज धवन और लोटस एग्ज़ीबिशन्स एंड मार्केटिंग सर्विसेज के राजीव मल्होत्रा ने भेंट की।

## प्रधानमंत्री ने इंदौर ...

डॉ. यादव शनिवार को इंदौर से केंद्रीय कृषि मंत्रालय की ओर से दिल्ली में आयोजित 'अन्नदाताओं का सम्मान, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण' कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया और इंदौर में 30 लाख टन क्षमता के अत्याधुनिक दुग्ध चूर्ण संयंत्र का वर्चुअली शुभारंभ भी किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इंदौर, ग्वालियर सहित अन्य सहकारी संघों को पैक्स से जोड़े जाने को भी ऐतिहासिक बताया। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश को दी गई इन सौगातों के लिए प्रधानमंत्री का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री के संबोधन का ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर से वर्चुअली श्रवण किया। इस मौके पर मप्र सरकार के कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, मप्र दुग्ध महासंघ के एमडी डॉ. संजय गोवानी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

**पेज एक का शेष....**

## पीएम रिपोर्ट, सीसीटीवी...

जा रहा है। साथ ही जांच पूरी नहीं हुई है। जांच पूरी होने के बाद आरक्षकों को गिरफ्तारी की जाएगी। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। अपराध करने वाला कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर भोपाल में मारपीट वाले दोनों पुलिसकर्मियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। माना जा रहा है कि दोनों अब बर्खास्तगी तय है। दोनों जल्दी ही बेवर्दी हो जाएंगे।

## मुत्ताकी ने भारत...

नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने सीधा पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री की चुप्पी उनके नारी शक्ति नारों के खोखलेपन को उजागर करती है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि हमारे देश में महिलाओं को हर क्षेत्र में समान भागीदारी का अधिकार है। इस तरह के भेदभाव पर आपकी चुप्पी आपके 'नारी शक्ति' नारों की खोखलापन दिखाती है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय पक्ष ने अफगान अधिकारियों से महिला पत्रकारों को आमंत्रित करने का सुझाव दिया था, लेकिन अंतिम निर्णय तालिबान अधिकारियों ने ही लिया। काबुल में तालिबान शासन पर महिलाओं के अधिकारों को सीमित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र समेत कई देशों ने पहले भी कड़ी आलोचना की है।

## विभाग कार्यवाह और ...

नाहरमऊ जा रहे थे। तभी नेशनल हाईवे-44 पर सुरखी के पास बन रहे ओवरब्रिज के नीचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर की वजह से पति-पत्नी उछलकर सड़क पर जा गिरे और डंपर ऊपर से निकल गया। बाइक, डंपर के नीचे फंस गई। परिचितों ने बताया कि शिक्षक अशोक दुबे के बच्चे सागर में रहकर पढ़ाई करते हैं। वे एक दिन पहले ही सागर आए थे। शुक्रवार को पत्नी के साथ उन्होंने करवा चौथ की पूजा की। जिसके बाद शनिवार सुबह वे पत्नी राधा के साथ गांव जा रहा रहे थे।

## शहीद संजय मीणा...

गए थे। तीन दिनों तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद उन्हें बाहर निकाला गया और अंबाला यूनिट लाया गया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस पूरे घटनाक्रम में एक दुखद संयोग यह था कि शहीद संजय की पत्नी ने करवा चौथ का व्रत रखा था। उनको पति की शहादत की जानकारी नहीं थी पर करवा चौथ के अगले दिन ही उनको पति के पार्थिव शरीर को देखना पड़ा।

## आते ही सर्दी ....

रहा। मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर-उज्जैन संभाग के शहर सबसे ठंडे हैं। भोपाल, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में भी खासा लुढ़क गया है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ों में बर्फबारी की वजह से हवा का रुख बदला है। उत्तर से ठंडी हवा आने से प्रदेश में भी ठंडक बढ़ी है। गुरुवार-शुक्रवार की रात एमपी के 22 शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।

# दामोदर, रोशनलाल, रामकृष्ण, प्रभात, केके, तरुण, मनीष अगले दौर में

## 30वीं रिलायंस ट्रॉफी इंटर प्रेस टेबल-टेनिस टूर्नामेंट में नवनीत और सचिन ओपन के फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

दामोदर प्रसाद आर्य, रोशनलाल, रामकृष्ण यदुवंशी, प्रभात शुक्ला, कृष्णकांत गंगवार, तरुण गुरू, मोहन द्विवेदी और मनीष शुक्ला ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर यहां खेली जा रही 30वीं रिलायंस ट्रॉफी इंटर प्रेस टेबल-टेनिस प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। ओपन कैटेगरी में नवनीत राठी और सचिन मदनानी ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट में 80 से ज्यादा मीडिया से जुड़े खिलाड़ी भागीदारी कर रहे हैं। रविवार को सिंगल के अगले दौर के मैचों के अलावा डबल्स मैचों की शुरुआत होगी। और फिर सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का समापन व पुरस्कार वितरण रविवार को ही दोपहर 1.30 बजे भारतीय कयाकिंग-केनोइंग फेडरेशन के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाह और मप्र भौतिक चिकित्सा कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील पांडे करेंगे। टूर्नामेंट का उदघाटन खेल एवं युवा कल्याण मप्र शासन के ज्वाइंट डायरेक्टर बालू सिंह यादव, रिलायंस के अनुपम जैन, एम्स के डॉ. वीरेंद्र कुमार वर्मा और भोपाल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने किया।



### आज के परिणाम

मनीष शुक्ला विवि रामगोपाल 11-2, 11-2, तरुण गुरू वि शशि शेखर 9-11, 11-3, 11-0, प्रभात शुक्ला वि सुशील सिंह ठाकुर 11-9, 11-4, रामकृष्ण यदुवंशी वि एजाज खान 11-7, 11-8, इंद्रजीत मौर्य वि योगेंद्र व्यास 11-7, 11-1, रोशनलाल वि नवेद इशरत 11-6, 11-5, दामोदर प्रसाद आर्य वि साद सिद्दीकी 11-8, 11-3, केके वि ईश्वर सिंह यादव 11-1, 11-3, रोशनलाल वि इंद्रजीत मौर्य 11-3, 11-5.

### ओपन कैटेगरी

सुनील पंड्या वि पवन शर्मा 11-0, 11-8, मोहन द्विवेदी वि अजय मौर्य 11-0, 11-3, दामोदर प्रसाद आर्य वि चंद्रप्रकाश 11-4, 11-4, सौरभ वि परवेज खान 11-4, 11-7, मेहबूब खान वि माधवदेव 11-0, 11-3, सचिन मदनानी वि मनीष शुक्ला 11-6, 7-11, 11-8, नवनीत राठी वि सुनील पंडया 11-3, 11-9, सौरभ वि दामोदर प्रसाद आर्य 11-4, 5-11, 11-4, सचिन मदनानी वि मेहबूब खान 11-8, 11-5, नवनीत राठी वि मोहन द्विवेदी 11-8, 12-10, सचिन मदनानी वि सौरभ 11-8, 11-4.

**सेंट थॉमस कप बॉस्केट बॉल टूर्नामेंट 2025 का समापन**

# सेंट थॉमस ने सेंट मोंटफोर्ट स्कूल को रोमांचक मैच में 42-14 से हराकर किया ट्रॉफी पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

सेंट थॉमस कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेन्डरी स्कूल अयोध्यानगर में आयोजित सेंट थॉमस कप बॉस्केट बॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को फाइनल मैच मेजबान सेंट थॉमस स्कूल की टीम व सेंट मोन्टफोर्ट स्कूल की टीम के बीच खेला गया, जिसमें सेंट थॉमस स्कूल ने 42-14 से फाइनल मैच जीता।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर द्विवेदी, संयुक्त निदेशक, आपदा प्रबंधन, गृह मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने सेंट थॉमस स्कूल को विजेता ट्रॉफी व सेंट मोन्टफोर्ट स्कूल को उपविजेता ट्रॉफी दी। टूर्नामेन्ट में एस.पी.एस साकेत नगर को तीसरा स्थान ब उभरती हुई टीम के लिए बाल आरती स्कूल को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेन्ट में सर्वोत्तम स्कोर के लिए वैशाली यादव, श्रेया बेहरा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए पुरस्कृत किया गया। सभी खिलाड़ियों को पदक व प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए तथा निर्णायक गणों को भी उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।





# भुवनेश्वर में चमकी मप्र की सोनम परमार, 5000 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड

**भोपाल।** भुवनेश्वर में 10 से 14 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी की खिलाड़ी सोनम परमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गर्ल्स अंडर-20 के 5000 मीटर रन में स्वर्ण पदक जीता। सोनम ने यह उपलब्धि 17 मिनट 20.98 सेकंड के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ हासिल की।



### खेल मंत्री ने दी बधाई

मध्यप्रदेश सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोनम परमार को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा, सोनम परमार ने अपने समर्पण, अनुशासन और लगन से यह सफलता अर्जित की है। उनका प्रदर्शन प्रदेश की खेल प्रतिभाओं की क्षमता का प्रमाण है। हमें विश्वास है कि सोनम आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 23/09/25 to 15/10/25

वैवाहिकी
वधु चाहिए
वधु चाहिए
बंगाली 47 वर्ष स्वयं का व्यापार वर हेतु सुन्दर, सुशिक्षित वधु चाहिए जाति बंधन नहीं सन्तान सहित भी स्वीकार
मैरिज ब्यूरो क्षमा करें
सम्पर्क करें- 6268373521
वधु चाहिए
वधु चाहिए- सरयूपारी ब्राह्मण पुत्र जन्मतिथि 04.07.1990, रायपुर हाइट 5' 10" सॉफ्टवेयर इंजीनियर, प्रथम श्रेणी, सीएस वीटीयू भिलाई से, व्यवसाय- बिजनेस हॉबीज, म्यूजिक, ऑटोमोबाइल, पिता रिटायर्ड गजटेड ऑफिसर, माता गजटेड क्लास वन ऑफिसर। सभी जातियों से ब्राह्मण संपर्क करें। -9826430448. (6736)

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9977912473
Hindblaze SMART WAY TO KITCHEN
Dealership & Trade Enquirie 8889422295
Auth. Dist: Sundram Sales and Services 9589642295
MAGIC AUTO + CROWN 3B
9990/-

GUPTA DECOR & FURNISHING
Kurl-on Sleepwell Springwel Foam & Mattress
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
SUNDAY OPEN

नाम परिवर्तन
मैं माही तलरेजा पत्नी श्री अजीत तलरेजा निवासी- ए-901. पारस एम्परर, बावड़िया कलां, भोपाल। बिहु तलरेजा मेरी पुत्री है। मेरे पति के देहांत के बाद मैंने दूसरी शादी अजीत तलरेजा से की है। मैं अपनी पुत्री के सभी शासकीय/ आशासकीय व अन्य दस्तावेजों में अपने पति (अजीत तलरेजा) का नाम दर्ज करवाना चाहती हूं एवं पुत्री बिहु तलरेजा का सरनेम भी बिहु तलरेजा ही रखना चाहती हूं।

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो. 9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

## राशिफल

**मेष:** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।


**धनु:** व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ:** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 6016



**बाएँ से दाएं**

1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6015 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | | का | रा | वा | स |
| ज | ल | | र | | म | छ | ली | | र | मा |
| र | | अ | दा | का | र | | न | र | | धा |
| अ | र | मा | न | | बं | द | | ज | मी | न |
| म | | न | | म | द | म | स्त | | रा | |
| र | ज | त | प | ट | | क | र | म | ज | ला |
| | प | | ट | क | रा | ना | | स | | ल |
| मु | ना | दी | | ना | ग | | द | ल | ह | न |
| ला | | प | री | | गा | ड़ी | वा | न | | पा |
| का | का | | त | न | य | | घ | | न | ल |
| त | र | सा | ना | | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकु नवताल - 6026

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6025 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |



## स्टेप अप एसआईपी : बच्चे की पूरी पढ़ाई फ्री, फिर भी 50 लाख बचेंगे

भविष्य | बिजनेस डेस्क

अगर आपको भी बच्चे की पढ़ाई और अन्य खर्च से समय रहते मुक्ति पानी है तो आपके लिए स्टेप अप एसआईपी एक अहम निवेश का विकल्प साबित हो सकती है। इसके जरिये निवेश करने से आपको बड़ी राहत मिलेगी। स्कूल की बढ़ती फीस और हायर एजुकेशन की चिंता अक्सर अभिभावकों को सताती हैं। निवेश के जानकारों का कहना है कि समय रहते इस पर ध्यान दिया जाए तो इस टेंशन को 'बाय-बाय' कहा जा सकता है। इसके लिए आपको एसआईपी के जरिये निवेश करना होगा और इसे बढ़ाते जाना होगा। यह योजना आपके बच्चे की शिक्षा का खर्च उठा सकती है। साथ ही, बच्चे के 22 साल का होने तक आपके पास 50 लाख रुपये से ज्यादा बच सकते हैं। इसके लिए आपको बच्चे के जन्म से हर महीने 10,000 रुपये की एसआईपी शुरू करनी होगी। इसे 10 साल तक हर साल 10% बढ़ाना होगा। 10 साल बाद कॉन्ट्रिब्यूशन बंद कर देना है। फिर बच्चे की 10 से 22 साल की उम्र तक हर महीने 25,000 रुपये निकालने हैं। यह सब बिना किसी एजुकेशन लोन के संभव है।

### यह दिया सुझाव

99% माता-पिता बिना किसी स्कीम के स्कूल फीस पर लाखों रुपये खर्च करते हैं। 'क्या हो अगर 10 साल की एसआईपी आपके बच्चे की शिक्षा को लगभग मुफ्त में फंड कर सके... और फिर भी उनके सपनों के लिए लाखों छोड़ जाए?' उन्होंने एक स्टेप-अप एसआईपी स्ट्रैटेजी का सुझाव दिया है। यह स्ट्रैटेजी महंगे एजुकेशन लोन की जगह ले सकती है। यह लंबी अवधि की वित्तीय योजना है।

### कैसे काम करती है स्कीम?

यह योजना इस तरह काम करती है। जब आपका बच्चा पैदा हो तब हर महीने 10,000 रुपये की एसआईपी शुरू करें। अगले 10 सालों तक हर साल एसआईपी की राशि को 10% बढ़ाएं। 10 साल पूरे होने के बाद एसआईपी में पैसा डालना बंद कर दें। जब बच्चा 10 साल का हो जाए तब से 22 साल का होने तक हर महीने 25,000 रुपये निकालें। यह पैसा बच्चे की फीस के लिए होगा। इस योजना में 12% सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) मानी गई है।

### क्या है पूरा गणित?

निवेश के गणित के अनुसार, आप 10 साल में कुल 19.12 लाख रुपये का निवेश करेंगे। तब तक यह राशि बढ़कर 32.69 लाख रुपये हो जाएगी। अगले 12 सालों में आप एजुकेशन के लिए कुल 36 लाख रुपये निकालेंगे। इसके बावजूद आपके खाते में 51 लाख रुपये बचे रहेंगे। उन्होंने कहा, 'पैसे निकालते समय भी कंपाउंडिंग काम करती है।' इसका मतलब है कि बचा हुआ पैसा बढ़ता रहता है। इससे भुगतान के दौरान भी धन बढ़ता रहेगा।

### दंग कर देने वाले रिजल्ट

इस योजना की तुलना एजुकेशन लोन से करें। 36 लाख रुपये के एजुकेशन लोन पर 11% ब्याज दर से 10 साल के लिए ईएमआई लगभग 50,000 रुपये प्रति माह होगी। यह एसआईपी से निकाली गई राशि से दोगुना है। इसमें ब्याज का भारी बोझ भी होता है। कौशिक ने कहा कि यह रणनीति आपकी आय वृद्धि से मेल खाती है। उन्होंने बताया, '10 हजार रुपये महीने से शुरू करें और 10वें साल तक आप सालाना 2.8 लाख रुपये का निवेश कर रहे होंगे जो प्रमोशन और वेतन वृद्धि के अनुरूप है।' उनके कुछ सुझाव भी हैं। कम लागत वाले इंडेक्स फंड का उपयोग करें। आपात स्थितियों के लिए हमेशा कुछ लिक्विडिटी बनाए रखें। अपनी प्रगति की सालाना समीक्षा करते रहें। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, '10 साल के लिए एक अनुशासित, स्टेप-अप एसआईपी एक दशक के ओवरटाइम से कहीं ज्यादा कर सकती है।' यह तनाव-मुक्त और स्मार्ट कंपाउंडिंग का तरीका है।



निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

- सीए ने निवेशकों को बताया क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले नफे-नुकसान का गणित
- क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करते हैं तो इस पर लगने वाले टैक्स के

## 100 रुपए प्रॉफिट कमाने के बाद 100 रुपए गंवाने पर भी चुकाने होंगे 30 रुपए

# क्रिप्टो नहीं, टैक्स का मायाजाल पैसे गंवाए तो भी देना होगा कर

अगर आप बाजार में शॉर्ट टर्म निवेश करना चाहते हैं तो आपके कुछ स्कीम बाजार में मौजूद हैं। इनमें रिटर्न भी बढ़िया मिलता है इसे लिक्विड फंड के नाम से जाना जाता है। ऐसे निवेश में पैसा उन सिक्योरिटीज में निवेश करते हैं, जिनकी मैच्योरिटी 91 दिनों से अधिक नहीं होती है। निवेशकों का पैसा इसके जरिए मनी मार्केट, शॉर्ट टर्म कॉरपोरेट डिपॉजिट और ट्रेजरी में लगाया जाता है।

देश में कई सालों से लोग क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं। कई तो इससे मोटा मुनाफा भी कमा चुके हैं और कई अपनी जमापूंजी गंवा चुके हैं। लेकिन अब सरकार ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नियम कड़े कर दिए हैं। क्रिप्टोकरेंसी में होने वाली कमाई पर 30 फीसदी का टैक्स लगता है। खास बात यह है कि आपने क्रिप्टोकरेंसी में 100 रुपये का प्रोफिट कमाया और बाद में उसे इसी एसेट्स में गंवा दिया तो भी आपको 30 रुपये टैक्स देना होगा। पिछले कुछ सालों में क्रिप्टोकरेंसी में निवेश का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। वहीं पिछले साल डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव जीता था। तब से क्रिप्टो में और तेजी देखने को मिली है। इसे देखते हुए अब काफी भारतीय बिटकॉइन, इथेरियम, बाइनेंस, डॉगकॉइन आदि क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने लगे हैं। चूंकि क्रिप्टोकरेंसी पर किसी भी सरकार का केंद्रीय बैंक का कंट्रोल नहीं है, ऐसे में इसमें होने वाले प्रॉफिट पर भारत में टैक्स से जुड़े नियम काफी सख्त हैं। दरअसल, क्रिप्टोकरेंसी में टैक्स का नियम कुछ ऐसा है कि इसमें पैसे कमाने पर ही नहीं बल्कि पैसे गंवाने पर भी इनकम टैक्स चुकाना पड़ सकता है। फिर चाहे आपका पूरा पोर्टफोलियो घाटे में ही क्यों ना चल रहा हो। भारत के सख्त क्रिप्टो टैक्स नियमों के तहत, निवेशकों को हर रुपये के मुनाफे पर फ्लैट 30% टैक्स देना होता है, भले ही कुल मिलाकर नुकसान हुआ हो। एक्सपर्ट का कहना है कि यह सिस्टम दुनिया के सबसे कठोर नियमों में से एक है, जिससे भारतीय क्रिप्टो निवेशकों को राहत मिलने की गुंजाइश बहुत कम है। इस टैक्स सिस्टम को लेकर एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) ने अपनी राय रखी और क्रिप्टोकरेंसी निवेशकों को अगाह किया है कि इसमें सोच समझकर ही निवेश करें, वरना यह घाटे का सौदा हो सकता है।




### क्रिप्टो टैक्सेशन की बताई सच्चाई

एक सीए ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टो टैक्सेशन की सच्चाई बताई है। उन्होंने पोस्ट के जरिए मैसेज दिया है कि भले ही आपने क्रिप्टो में 100 रुपये गंवाए हों, आपको 30 रुपये टैक्स के रूप में चुकाने पड़ सकते हैं। उन्होंने समझाया कि मान लीजिए कि आपने एक ही वित्तीय वर्ष में बिटकॉइन पर 100 रुपये का मुनाफा कमाया, लेकिन इथेरियम पर 200 रुपये का नुकसान उठाया। किसी भी दूसरे निवेश में आपको कुल 100 रुपये का नुकसान होता। लेकिन क्रिप्टो में ऐसा नहीं है। बिटकॉइन से हुई 100 रुपये की कमाई पर आपको 30% यानी 30 रुपये टैक्स के रूप में चुकाने होंगे। फिर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इथेरियम या किसी दूसरी क्रिप्टो से आपको कितना नुकसान हुआ है। 130 रुपये की चपत लगेगी।

### क्या है क्रिप्टो से जुड़े नियम

- आयकर अधिनियम की धारा 115बीबीएच के तहत क्रिप्टो एसेट्स के लिए कुछ खास और कड़े नियम हैं।
- नुकसान की भरपाई नहीं (आप एक क्रिप्टो नुकसान को दूसरे मुनाफे से नहीं काट सकते)।
- नुकसान आगे नहीं ले जा सकते (इसे समायोजित नहीं कर सकते)।
- अधिग्रहण की लागत को छोड़कर कोई कटौती नहीं।
- ट्रेडिंग फीस जैसे चार्ज भी नहीं घटाए जाते
- इथेरियम पर 200 रुपये के नुकसान को अनदेखा कर दिया जाएगा और बिटकॉइन पर हुए 100 रुपये के मुनाफे पर 30% यानी 30 रुपये टैक्स देना होगा।
- कुल मिलाकर 130 रु. का नुकसान होगा। टैक्सेबल मुनाफे से नहीं घटेगी।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल या वर्चुअल मुद्रा है जो कंप्यूटर नेटवर्क पर सुरक्षित और विकेंद्रीकृत तरीके से काम करती है। यह पारंपरिक मुद्राओं की तरह नहीं है, जो सरकारों द्वारा नियंत्रित और जारी की जाती हैं।

### विशेषताएं

1. विकेंद्रीकृत : क्रिप्टोकरेंसी किसी एक केंद्रीय प्राधिकरण द्वारा नियंत्रित नहीं होती है।
2. डिजिटल : यह पूरी तरह से डिजिटल रूप में मौजूद होती है।
3. क्रिप्टोग्राफी : सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है।
4. ब्लॉकचेन : अधिकांश क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित होती हैं।
5. सीमित आपूर्ति : कई क्रिप्टोकरेंसी की आपूर्ति सीमित होती है।

### प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी

1. बिटकॉइन : पहली और सबसे प्रसिद्ध क्रिप्टोकरेंसी।
2. एथेरियम : स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए जानी जाती है।
3. रिपल : अंतर्राष्ट्रीय भुगतान के लिए उपयोग।
4. लाइटकॉइन : बिटकॉइन का एक वैकल्पिक।
5. कार्डानो : शोध-आधारित ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म।

### उपयोग

1. डिजिटल भुगतानः ऑनलाइन लेनदेन के लिए।
2. निवेशः कई लोग क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करते हैं।
3. विकेंद्रीकृत अनुप्रयोग : एथेरियम जैसे प्लेटफॉर्म पर।
4. सीमापार लेनदेनः पारंपरिक तरीकों की तुलना में तेज और सस्ता।

### जोखिम

1. अस्थिरताः कीमतें बहुत तेजी से बदल सकती हैं।
2. सुरक्षा जोखिमः हैकिंग और चोरी का खतरा।
3. नियामक अनिश्चितताः विभिन्न देशों में नियम अलग-अलग हैं।
4. घोटालेः फ्रॉड और स्कैम का खतरा।
5. तकनीकी जोखिमः तकनीकी समस्याएं आ सकती हैं।

म्यूचुअल फंड्स, रिटायरमेंट प्लान या कर्ज चुकाने में लगाएं, जरूरतों के लिए 30%, इच्छाओं के लिए- 30%, वेल्थ बनाने के लिए-40% प्रयोग करें

## दिवाली बोनस का करें सही इस्तेमाल कर सकते हैं अपने लिए बड़ी बचत

तोहफा | बिजनेस डेस्क

दिवाली को महज कुछ दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में हर साल दिवाली पर ज्यादातर कंपनियां अपने कर्मचारियों को बोनस देती हैं। यह बोनस हमारे लिए खुशियों का तोहफा भी होता है, साथ ही अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का मौका भी। हालांकि अक्सर होता यह है कि जैसे ही बोनस हाथ में आता है, हम शॉपिंग, नई चीजें खरीदने और शौक पूरे करने में पैसा खर्च कर देते हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इस पैसे का स्मार्ट उपयोग क्या हो सकता है। इसका आप कहां सही इस्तेमाल कर सकते हैं। कैसे अपनी वेल्थ बना सकते हैं या कर्ज उतार सकते हैं।

### स्मार्ट तरीके से बांटें : सही बैलेंस बनाएं

बोनस को खर्च करने का सबसे अच्छा तरीका ये है कि इसे दो हिस्सों में बांट लें-एक हिस्सा त्योहार मनाने के लिए और दूसरा भविष्य की जरूरतों के लिए। बाजार के जानकारों के अनुसार बोनस का 50% हिस्सा त्योहार और लाइफस्टाइल पर खर्च करें और बाकी 50% म्यूचुअल फंड्स, रिटायरमेंट या कर्ज चुकाने जैसे लॉन्ग-टर्म गोल्स के लिए रखें। अगर आपके ऊपर ज्यादा जिम्मेदारियां हैं, तो तीन हिस्सों में बांट सकते हैं। जैसेः- ■ जरूरतों के लिए- 30% ■ इच्छाओं के लिए- 30% ■ वेल्थ बनाने के लिए- 40%

### जिंदगी के स्टेज के हिसाब से बांटें।

इसे बांटने का हर किसी का तरीका अलग हो सकता है। 'अपने बोनस को अपनी जिंदगी के स्टेज के हिसाब से बांटें। अगर आपके ऊपर हाई-इंटरेस्ट कर्ज है, तो 60-70% बोनस उसको चुकाने में लगाएं।'

### सेलिब्रेशन के लिए बजट बनाएं

त्योहार की खुशी फाइनेंशियल टेंशन में न बदल जाए इसके लिए सही बजट बनाना जरूरी है। 'पहले अंदाजा लगाएं कि त्योहार में कितना खर्च होगा-गिफ्ट्स, घूमने-फिरने, सजावट, ट्रैवल और धार्मिक रस्मों पर।' इस खर्च को अपने बोनस और रेगुलर इनकम के साथ मिलाकर देखें। इससे आपको एक फिक्स्ड बजट मिलेगा और



आप बाकी पैसों को पहले ही निवेश में डालकर अपने गोल्स को प्रायोरिटी दे सकते हैं।

### स्मार्ट तरीके से सेलिब्रेट करें

त्योहारों में ओवरस्पेंडिंग का खतरा हमेशा रहता है। 'बोनस को 'एक्स्ट्रा' पैसा समझकर फूंक न दें।' क्रेडिट कार्ड या पर्सनल लोन लेकर शॉपिंग करना तो बिल्कुल अवॉइड करें, क्योंकि इनके इंटरेस्ट रेट्स बहुत ज्यादा होते हैं और ये कर्ज के जाल में फंसा सकते हैं। बिना कर्ज के सेलिब्रेशन के लिए क्रिएटिव तरीके अपनाएं। 'पॉटलक गैदरिंग्स करें, दीया डेकोरेशन बनाएं या अर्ली-बर्ड ट्रैवल डील्स का फायदा उठाएं।'

## 'फंड ऑफ फंड्स' में करें निवेश, दोनों हाथों में रहेंगे लड्डू

बिजनेस डेस्क

सोना और चांदी की कीमत इस समय रॉकेट की रफ्तार से भाग रही है। वहीं, फेस्टिव सीजन के कारण इसकी कीमत में और तेजी आ सकती है। अगर आप धनतेरस पर सोना और चांदी दोनों में निवेश करना चाहते हैं तो ' कॉम्बो फंड ऑफ फंड्स ' एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकते हैं। दरअसल, इस समय म्यूचुअल फंड कंपनियां निवेशकों को दोनों धातुओं में आसानी से निवेश करने का मौका दे रही हैं। इसके लिए वे डुअल-एसेट पैसिव फंड्स (ऐसे फंड जो सोने और चांदी दोनों में निवेश करते हैं) लॉन्च कर रही हैं। पिछले दो साल में सोने की कीमत करीब दोगुनी हो गई है। वहीं, औद्योगिक मांग और सप्लाई में कमी के कारण चांदी भी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में निवेशक महंगाई से बचने और अपने पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए गोल्ड और सिल्वर फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) की ओर रुख कर रहे हैं।

### अलग-अलग निवेश की जरूरत नहीं

डुअल-एसेट पैसिव फंड्स में निवेश के बाद सोना और चांदी, दोनों में अलग-अलग निवेश करने की जरूरत नहीं पड़ती। यानी आप फिजिकल सोना-चांदी खरीदे या अलग-अलग ईटीएफ में निवेश किए बिना दोनों की तेजी का फायदा उठा सकते हैं। इस नई कैटेगरी में चार बड़े फंड्स सामने आए हैं। इनमें कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ, मिराए एसेट गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ, एडलवाइस गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ और मोतीलाल ओसवाल गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ शामिल हैं।

### 1. कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ

- यह फंड 20 अक्टूबर 2025 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। निवेशक सिर्फ 100 से निवेश शुरू कर सकते हैं।
- इसका मकसद कोटक गोल्ड ईटीएफ और कोटक सिल्वर ईटीएफ में निवेश करके लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न कमाना है।
- यह एफओएफ एक खास क्वांटिटेटिव मॉडल का इस्तेमाल करता है। यह मॉडल सोने और चांदी की कीमतों के उतार-चढ़ाव के आधार पर अपने आप तय करता है कि किस धातु में कितना पैसा लगाना है।

### 2. मिराए एसेट गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ

इस फंड में शुरुआत में 50:50 का आवंटन होता है, लेकिन सोने-चांदी के अनुपात (गोल्ड-सिल्वर रेश्यो) व महंगाई, ग्लोबल ब्याज दरें, डॉलर की मजबूती जैसे बड़े आर्थिक संकेतकों के आधार पर यह अनुपात बदलता रहता है।


भारतीय सेना में शामिल हों
JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

अधिकारी प्रविष्टि

भारतीय सेना के 10+2 टी ई एस - 55 कोर्स (जुलाई 2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन www.joinindianarmy.nic.in पर 14 अक्टूबर 2025 से 13 नवम्बर 2025 तक खुले हैं। टी ई एस 55 कोर्स के लिये JEE Mains 2025 उपस्थिति अनिवार्य है। यह कक्षा 12वीं में पी सी एम (भौतिकी रसायन और गणित) में न्यूनतम 60% अंकों के मापदंड के अतिरिक्त है।

OFFICER ENTRY

Online applications are invited for 10+2 Technical Entry Scheme (TES-55) course (Jul 2026) of Indian Army. Online applications will open on www.joinindianarmy.nic.in from 14 Oct 2025 to 13 Nov 2025. Appearance in JEE (Mains) 2025 is mandatory for TES-55 Course. This is in addition to the criteria of minimum 60% marks in PCM (Physics, Chemistry and Mathematics) in Class 12th.

नोट :
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

Note:
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in

CBC 10601/11/0058/2526



पश्चिम मध्य रेल
शुद्धिपत्र संख्या 44/2025
निविदा सं 20255020 जिसके खुलने की तिथि 10/10/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/95/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं– Tender No. & short Description : 20255020 Description- IGBT बेस्ड 3–फेज ड्राइव propulsion Equipments, Tender Opening date: From 10/10/2025, To 24/10/2025, अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in. देखें ।
(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


निवेश के लिए एसआईपी जैसे विकल्प भी तलाशें, तभी बढ़ा पाएंगे पैसा

## एफडी साइलेंट वेल्थ ट्रैप, सिर्फ इससे ही नहीं बन पाओगे अमीर दूसरे विकल्पों पर भी दें ध्यान

सुझाव | बिजनेस डेस्क

अगर आप फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में निवेश को ही असली निवेश समझते हैं तो आप गलत हो सकते हैं। एक एक्सपर्ट ने एफडी में निवेश को 'साइलेंट वेल्थ ट्रैप' बताया है। यानी एक ऐसा जाल जिसमें आप अमीर बनने के लिए जाते हैं, लेकिन अंत में फंस जाते हैं। क्योंकि सिर्फ एफडी में निवेश करके अमीर नहीं बना जा सकता। एक्सपर्ट ने इसका कारण भी बताया है। जानकारों का कहना है कि बड़ा फंड बनाने के लिए सिर्फ एफडी में निवेश करना सही नहीं है।


कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग भोपाल
ग्राम बडबाई नई जेल रोड भोपाल पिन कोड - 462038
(Tel-0755-2736200 email - aebhopalmp@gmail.com)
निविदा विज्ञप्ति (तृतीय एवं अंतिम निविदा आमंत्रण)
(मेस संचालन के लिये केटरिंग संस्था का चयन हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित करने बाबत्)
क्रमांक/तक./निविदा/2025-26/2003 // निविदा सूचना // भोपाल, दिनांकः- 09.10.2025
संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम-भोपाल स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण मेस संचालन के लिये केटरिंग संस्था का चयन हेतु एक वर्ष 2025-26 की अवधि के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण ई.ओ.आई. प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| निविदा क्रमांक | विवरण | निविदा प्रपत्र जारी/क्रय करने की प्रारंभ तिथि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | धरोहर राशि रूपये | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 09/2025 | संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम भोपाल स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत मेस संचालन के लिये केटरिंग एजेन्सी के चयन हेतु निविदा आमंत्रण | 10.10.2025 | 2000/- | 200000/- | 30.10.2025 |

1) इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्तों की प्रति संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री भोपाल दिनांक 10.10.2025 से निर्धारित मूल्य का भुगतान कर प्राप्त कर सकते है।
2) निविदा का अनुमानित मूल्य राशि रुपएं 35 लाख (राशि रुपए पेतीस लाख मात्र) वार्षिक है।
3) निविदा प्रपत्र डाक द्वारा दिनांक 27.10.2025 तक क्रय किया जा सकेगा।
कृषि यंत्री
कृषि अभियांत्रिकी संभाग भोपाल
G-19823/25
स्वच्छता ही सेवा

**अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे ने पड़ोसी पाकिस्तान को जोर का झटका दिया है। भारत की इस रणनीति से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने विदेश मंत्री के भारत दौरे के बीच ही अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक को अंजाम दे दिया। हालांकि पाक दावा कर रहा है कि उसने टीटीपी के आतंकियों पर हवाई प्रहार किया है, लेकिन सच यही है कि पाक सरकार अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे से इतनी घबराई है कि उसने अफगानिस्तान को चेताने के इरादे से ही हवाई हमले को अंजाम दिया है। भारत और अफगानिस्तान के कूटनीतिक तौर पर अत्यंत निकट आ जाने के पीछे विशिष्ट कारण रहा है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ताल्लुकात बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। इधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति शत्रुता पूर्ण रुख अख्तियार करके पाकिस्तान के प्रति अपनी मोहब्बत और दोस्ती का इजहार कर दिया है। अब सवाल यह है कि भारत ने कट्टर इस्लामी मुल्क अफगानिस्तान के साथ आखिरकार दोस्ती का हाथ क्यों बढ़ा दिया है? इसके पीछे रणनीति क्या है। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# अफगानिस्तान-हिंदुस्तान के नए रिश्ते



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

अफगानिस्तान में अगस्त वर्ष 2021 में तालिबान हुकूमत के सत्तासीन होने के पश्चात वहां के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने पहली दफा जिस मुल्क का कूटनीतिक दौरा अंजाम दिया है, वह मुल्क है हिंदुस्तान। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी पर किसी भी विदेशी मुल्क की यात्रा करने पर प्रतिबंध आयद किया हुआ है, क्योंकि मुत्तकी संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा घोषित और प्रतिबंधित किए गए वैश्विक आतंकवादियों की लिस्ट में अभी तक शुमार हैं। भारत की कूटनीतिक पहल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आमिर खान मुत्तकी को भारत का कूटनीतिक दौरा करने की विशेष अनुमति प्रदान की गई। हालांकि भारत द्वारा अभी तक अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत को बाकायदा मान्यता प्रदान नहीं की गई। विश्व पटल पर बॉयकाट मुल्क करार कर दिए गए अफगानिस्तान को भारत सरकार ने आखिरकार अपने गले से क्यों और कैसे लगा लिया है। वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का मूल मंत्र रहा है कि दुश्मन का दुश्मन सदैव ही दोस्त हुआ करता है। वैश्विक कूटनीति के इसी मंत्र का जाप करते हुए भारतीय विदेश नीति ने अपनी करवट बदल ली है और अब अफगानिस्तान से प्रबल दोस्ती करने की ठान ली है।

**भारत की कूटनीतिक पहल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आमिर खान मुत्तकी को भारत का कूटनीतिक दौरा करने की विशेष अनुमति प्रदान की गई। हालांकि भारत द्वारा अभी तक अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत को बाकायदा मान्यता प्रदान नहीं की गई। अब तो अफगानिस्तान वस्तुतः भारत का प्रबल दोस्त बन जाने के कगार पर खड़ा है। भारत यकीनन दुनिया में किसी भी मुल्क से दुश्मनी नहीं चाहता। उम्मीद जगी है कि भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती भारतीय महाद्वीप में संभवतः एक नया रंग ला पाएगी।**

## आतंक का गढ़ अफगानिस्तान

भारत और अफगानिस्तान के कूटनीतिक तौर पर अत्यंत निकट आ जाने के पीछे विशिष्ट कारण रहा है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ताल्लुकात बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। इधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति शत्रुता पूर्ण रुख अख्तियार करके पाकिस्तान के प्रति अपनी जबरदस्त मोहब्बत और दोस्ती का इजहार कर दिया गया है। वैश्विक जेहादी आतंकवाद का पाकिस्तान के बाद सबसे बड़ा गढ़ करार दिए जाने वाले कट्टर इस्लामी मुल्क अफगानिस्तान से आखिरकार जनतांत्रिक भारत ने दोस्ती का हाथ क्यों बढ़ा दिया है? यक्ष प्रश्न है? जोकि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के अनेक जाने-माने जानकारों के दिलों दिमाग में कौंध रहा है? अगस्त वर्ष 2021 में तालिबान के दुर्दांत जेहादी लड़ाकों ने अमेरिकन हुकूमत द्वारा सैन्य रूप से समर्थित और पोषित अफगानिस्तान की अशरफ गनी और अब्दुल्ला सरकार को सत्ता से उखाड़ कर संपूर्ण अफगानिस्तान पर अपना सैन्य आधिपत्य स्थापित कर लिया। अफगानिस्तान से अमेरिकन सैनिकों को अपने आधुनिकतम हथियारों को छोड़कर उसी तरह से पलायन कर जाने पर विवश हो जाना पड़ा, जिस तरह से कभी वियतनाम से अमेरिकी सैनिक मैदान ए जंग को छोड़कर भाग खड़े हुए थे। तालिबान हुकूमत को दुनिया के किसी भी मुल्क ने उस वक्त मान्यता प्रदान नहीं की, यहां तक कि पाकिस्तान ने भी नहीं दी। भारत ने भी वर्ष 2021 में काबुल स्थित अपना दूतावास बंद कर दिया था।

## रूस ने दी सबसे पहले मान्यता

4 जुलाई 2025 को सबसे पहले तालिबान हुकूमत को मान्यता प्रदान करने वाला मुल्क बना प्रेसिडेंट पुतिन का रूस। जबकि अफ़ग़ानिस्तान में वर्ष 1980 से 1990 तक अफगान मुजाहिद और रुस के सैनिक भीषण तौर पर युद्धरत रहे। कूटनीति के मैदान में कोई भी मुल्क सदैव के लिए दुश्मन और दोस्त नहीं हुआ करते हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और पोषित आतंकवादियों के नृशंस बर्बर आक्रमण के तत्पश्चात तालीबान हुकूमत ने जिस तरह की हार्दिक सहानुभूति और संवेदनशीलता भारत के प्रति प्रकट की थी, उसी के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार का कूटनीतिक दृष्टिकोण अफगानिस्तान के प्रति परिवर्तित होना प्रारंभ हो गया था। कूटनीटिक परिवर्तन के तत्पश्चात दोनों देशों की कूटनीतिज्ञों के मध्य घनिष्ठ वार्ताएं प्रारंभ हुई। वर्ष 2021 के बाद समाप्त हो गए पारस्परिक व्यापारिक रिश्ते फिर से कायम हो गए। तालिबान हुकूमत के सत्ताशीन होने से पहले भारत ने मुखतलिफ प्रोजेक्टस में दस हजार करोड़ का आर्थिक सहायता निवेश अफगानिस्तान में अंजाम दिया था।

## खनन कंपनियों को न्योता

सर्वविदित है कि अफगानिस्तान में खनिजों का एक बड़ा खजाना विद्यमान है। भारत की खनन कंपनियों को तालिबान हुकूमत ने अफगानिस्तान में खनन करने के लिए आमंत्रित किया है। वस्तुतः भारत भी रूस की तरह से ही अफगानिस्तान को कूटनीतिक मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया में संलग्न है। नई दिल्ली में 9 अक्टूबर को तालिबान हुकूमत के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी से द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऐलान कर दिया है कि भारत अपने टेक्निकल मिशन को अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास के स्तर पर ले जाने का फैसला कर चुका है। औपचारिक तौर पर तो कदाचित नहीं, वरन् अनौपचारिक तौर से भारत ने अफगानिस्तान को मान्यता प्रदान कर ही दी है। आमिर खान मुत्तकी का दिनांक 9 अक्टूबर कूटनीतिक दौरा भारत में प्रारंभ हुआ, उसी रोज पाकिस्तान वायुसेना के बमवर्षक विमानों ने काबुल पर बमबारी अंजाम दी है। भारत की सरजमीं से अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को सीधी सैन्य चुनौती देते हुए फरमाया कि पाकिस्तान हमारी कुव्वत और हिम्मत को परखने की कोशिश कदापि ना करें तथा किसी तरह से हिमाकत करने से पहले अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो देशों से हमारी लड़ाकू शक्ति बारे में जाकर समुचित जानकारी तो ले ले। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने विशिष्ट ऐलान किया अफगानिस्तान में अब कोई आतंकवादी गिरोह शेष नहीं बचा है। हमारी अफ़गान सरजमीं का एक भी इंच टुकड़ा भी आतंकवादियों के नियंत्रण में नहीं है। वर्ष 2021 में जिस अमेरिका परस्त अशरफ गनी हुकूमत के खिलाफ हमने मिलिटेंट ऑपरेशन अंजाम दिया था, तालिबान हुकूमत के तहत वो अफगानिस्तान अब पूरी तरह से परिवर्तित हो चुका है। उन्होंने साफ तौर पर बयान किया कि पाकिस्तान और अन्य देश भी आतंकवादियों के खिलाफ वैसा ही जबरदस्त कदम उठाएं जैसा कठोर कदम अफगानिस्तान ने शांति और अमन स्थापित करने के लिए उठाया है।

## दोस्ती के रास्ते खुले

भारत यकीनन दुनिया में किसी भी मुल्क से दुश्मनी नहीं चाहता। भारत ने तो पाकिस्तान से भी दोस्ती करने के अनेक दफा गंभीर प्रयास किए, लेकिन कोई भी नतीजा नहीं निकला। अब तो अफगानिस्तान वस्तुतः भारत का प्रबल दोस्त बन जाने के कगार पर खड़ा है। उम्मीद जगी है कि भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती भारतीय महाद्वीप में संभवतः एक नया रंग ला पाएगी।



# बहुत गहरी हैं भारत-अफगान संबंधों की ऐतिहासिक जड़ें



**उम्मीद**

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ स्तंभकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी की भारत यात्रा ने पुरानी दोस्ती में नई जान फूंक दी है। मुत्तकी बीते गुरुवार को राजधानी दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से विस्तृत चर्चा की। यह 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान के किसी वरिष्ठ नेता की पहली भारत यात्रा है। इस मुलाकात में भारत ने काबुल में अपने पूर्ण दूतावास को फिर से सक्रिय करने की घोषणा की, जो चार वर्षों के अंतराल के बाद एक बड़ा कूटनीतिक कदम है। मुत्तकी की यात्रा से एक उम्मीद बंधी है। विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान को 'साझा खतरा' बताया, जबकि तालिबान ने 2025 के पहलगाम हमले की निंदा की। भारत-अफगानिस्तान संबंध शताब्दियों की परीक्षा से गुजरे हैं। प्राचीन बौद्ध विरासत से आधुनिक बुनियादी ढांचे तक, ये बंधन लचीले साबित हुए। मुत्तकी की यात्रा मानवतावादी सहायता को कूटनीतिक संवाद में बदलने का अवसर है। जैसे अशोक के शिलालेख आज भी बोलते हैं। दोनों देशों को आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास जैसे साझा मुद्दों पर एकजुट होना होगा। यह न केवल क्षेत्रीय शांति के लिए जरूरी है, बल्कि साझा इतिहास की मांग भी। लेकिन मुत्तकी की यह यात्रा केवल वर्तमान की राजनीति नहीं, बल्कि भारत-अफगानिस्तान के गहन ऐतिहासिक बंधनों की याद दिलाती है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आधुनिक विकास परियोजनाओं तक, ये संबंध सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक धागों से बुने गए हैं। भारत और अफगानिस्तान के संबंध प्राचीन काल से ही गहरे हैं, जब ये क्षेत्र एक सांस्कृतिक निरंतरता का हिस्सा थे। सिंधु घाटी सभ्यता (लगभग 3300-1300 ईसा पूर्व) के अवशेष अफगानिस्तान के उत्तरी भागों में भी मिलते हैं, जो व्यापारिक मार्गों के माध्यम से जुड़े हुए थे। चंद्रगुप्त मौर्य के समय (305 ईसा पूर्व) यह संबंध औपचारिक रूप ले चुके थे। सेल्यूकस निकेटर ने अफगान क्षेत्र मौर्य साम्राज्य को सौंप दिया, बदले में 500 हाथी और वैवाहिक संबंध प्राप्त किए। सम्राट अशोक (268-232 ईसा पूर्व) ने अफगानिस्तान को बौद्ध धर्म का केंद्र बनाया। कंधार में उनके शिलालेख आज भी मौजूद हैं, जो धम्म के प्रचार की गवाही देते हैं। मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद भी, इंडो-ग्रीक और कुशान साम्राज्यों ने इस क्षेत्र को भारतीय उपमहाद्वीप से जोड़े रखा। कुषाण शासक कनिष्क (मध्य पहली शताब्दी) ने बौद्ध धर्म को पुनर्जीवित किया, जिसका प्रभाव गंधार कला में दिखता है। ये प्राचीन संबंध केवल राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक थे। अफगानिस्तान के बामियान बुद्ध (जो 2001 में तालिबान द्वारा नष्ट किए गए) भारतीय बौद्ध विरासत के प्रतीक थे। व्यापार मार्गों ने मसाले, रत्न और विचारों का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया, जो आज भी दोनों देशों की साझा विरासत को दर्शाता है। मध्यकाल में अफगानिस्तान भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों रहा। 10वीं शताब्दी से गजनवी, गौरी, खिलजी, लोदी और मुगल जैसे अफगान मूल के वंशों ने उत्तरी भारत पर आक्रमण किए, जो राजनीतिक उथल-पुथल लाए लेकिन सांस्कृतिक समन्वय भी। महमूद गजनवी (998-1030) के आक्रमणों ने सोमनाथ मंदिर को लूटा, लेकिन इन्होंने फारसी साहित्य और वास्तुकला को भारत में रोपा। गौरी वंश (12वीं शताब्दी) ने दिल्ली सल्तनत की नींव रखी, जो अफगान शासकों द्वारा संचालित थी। मुगल काल (1526-1858) में यह संबंध और गहरा हुआ। बाबर, अफगान मूल का था। 18वीं शताब्दी में अहमद शाह दुर्रानी ने अफगान साम्राज्य स्थापित किया, जिसने पंजाब तक विस्तार किया, लेकिन महाराजा रणजीत सिंह के सिख साम्राज्य ने इसे रोका। इस काल में आर्थिक लेन-देन फला-फूला। अफगानिस्तान के सूखे मेवे, घोड़े और ऊनी वस्त्र भारत पहुंचे, जबकि भारतीय वस्त्र और मसाले अफगान बाजारों में बिके। सांस्कृतिक रूप से, सूफी संतों जैसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (अजमेर) ने दोनों क्षेत्रों को जोड़ा। हालांकि आक्रमणों ने तनाव पैदा किया, लेकिन ये संबंध विनाशकारी नहीं, बल्कि परिवर्तनकारी साबित हुए। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने इन संबंधों को नया मोड़ दिया। अफगानिस्तान और ब्रिटिश भारत पड़ोसी थे, लेकिन 'ग्रेट गेम' में रूस के साथ ब्रिटेन की होड़ ने अफगानिस्तान को बफर राज्य बना दिया। भारत ने अफगानिस्तान के साथ 1950 में 'मैत्री संधि' पर हस्ताक्षर किए, जो शांति और राजनयिक संबंधों की गारंटी थी। 1973 में मोहम्मद दाऊद खान के गणतंत्र को मान्यता दी गई, लेकिन 1979 के सोवियत आक्रमण ने संबंधों को जटिल कर दिया।

***इस मुलाकात में भारत ने काबुल में अपने पूर्ण दूतावास को फिर से सक्रिय करने की घोषणा की, जो चार वर्षों के अंतराल के बाद एक बड़ा कूटनीतिक कदम है। मुत्तकी की यात्रा से एक उम्मीद***

# अमेरिका समेत चीन व पाकिस्तान को संदेश



**कूटनीति**

डॉ. एन.के. सोमानी

स्वतंत्र पत्रकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी इन दिनों भारत के दौरे पर है। साल 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद यह पहला अवसर है जब तालिबान सरकार का कोई बड़ा मंत्री भारत के दौरे पर आया है। यात्रा के दौरान मुत्ताकी ने जिस तरह से भारत-अफगानिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की पहल की है, उससे अमेरिका, चीन और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती दिख रही है। खासतौर से भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ वार्ता के दौरान मुत्ताकी ने भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देने व भारत में दुतावास शुरू करने की बात कही है, उससे पाकिस्तान सकते में आ गया है। मुत्ताकी ने कहा कि भारत ने हमेशा मुश्किल समय में अफगानिस्तान का साथ दिया है। हमारे संबंध केवल व्यापार तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि सुरक्षा, संस्कृति, खेल और अन्य संबंधों से भी जुड़े हैं। मुत्ताकी अमेरिका द्वारा बगराम एयरबैस की मांग की पृष्ठभूमि के बीच भारत के दौरे पर आए हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि तालिबान सरकार द्वारा अमेरिका को बगराम एयरबेस देने से इनकार के बाद उपजे हालातों के दृष्टिगत अफगानिस्तान के विदेशमंत्री किसी कूटनीतिक लक्ष्य को साधने के लिए भारत से संबंध सुधारने की पहल कर रहे हैं। यह आशंका इसलिए उठ रही है क्योंकि मुत्ताकी भारत आने से पहले रूस गए थे। रूस यात्रा के दौरान भी उन्होंने बगराम एयरबैस का मुद्दा उठाया था। रणनीतिक दृष्टि से बगराम एयरबेस ईरान, पाकिस्तान, चीन और मध्य एशिया के समीप होने के कारण अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण ठिकाना है। 2021 में अमेरिका ने इसी खाली कर दिया था। अब ट्रंप दोबारा सत्ता में आने के बाद इस पर फिर से कब्जा करना चाहते हैं। सत्ता में आने के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को दरकिनार कर भारत के साथ संबंध बढाने षुरू कर दिए। भारत ने मुत्ताकी के दौरे को औपचारिक मान्यता नहीं बल्कि रणनीतिक संवाद का माध्यम बताया है। भारत यात्रा के दौरान मुत्ताकी ने विदेशमंत्री व अन्य अधिकारियों से राजनयिक, व्यापारिक और आर्थिक साझेदारियों को लेकर बात कर है, उससे जाहिर है कि अफगानिस्तान की राजनीति में भारत के लिए दरवाजे खुले हुए हैं।

***मुत्ताकी ने जिस तरह से भारत-अफगानिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की पहल की है, उससे चीन अमेरिका और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती दिख रही है***

# भारत की रणनीति ने पाकिस्तान को दिया जोर का झटका



**रणनीति**

महेंद्र पंडित

वरिष्ठ पत्रकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे ने पड़ोसी पाकिस्तान को जोर का झटका दिया है। भारत की इस रणनीति से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने विदेश मंत्री के भारत दौरे के बीच ही अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक को अंजाम दे दिया। हालांकि पाक दावा कर रहा है कि उसने टीटीपी के आतंकियों पर हवाई प्रहार किया है, लेकिन सच यही है कि पाक सरकार अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे से इतनी घबराई है कि उसने अफगानिस्तान को चेताने के इरादे से ही हवाई हमले को अंजाम दिया है। असल में जब अफगान में हामिद करजई की सरकार थी, उसके बारे में यही कहा जाता था कि वो काबुल के चेयरमैन हैं, उससे ज्यादा कुछ नहीं। वो पूरी तरह से विदेशी सहायता पर निर्भर थे। इसी के चलते पाकिस्तान को अफगान में दखल का मौका मिल रहा था। अब तालिबान सरकार पूरी तरह से एकजुट दिख रही है। इसके चलते पाक को दखल का मौका मिलना तो दूर अफगान से सीधा मुकाबला भी मिल रहा है। वो पहले से ही अफगान सरकार के तेवर से बेहद परेशान था। अब अगर तालिबान सरकार को भारत का भी साथ मिलता है तो पहले से ही कंगाली की हालत में पहुंचे पाकिस्तान को जोर का झटका लगना तय है। भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को ऑफिशियली मान्यता भी नहीं दी है। हालांकि भारत लंबे वक्त से अफगानिस्तान के साथ बैकडोर डिप्लोमेसी करता रहा है। यही कारण रहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अफगानिस्तान भारत के पक्ष में खड़ा नजर आया। अब आमिर खान मुत्तकी की भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात के दौरान दोनों ओर से कमाल की गर्मजोशी दिखी। एस. जयशंकर ने मुत्तकी को न सिर्फ गर्मजोशी से गले लगाया, बल्कि काबुल में भारत के तकनीकी मिशन को पूर्ण दूतावास का दर्जा देने की घोषणा भी कर दी। भारत ने उसे सद्भावना के नाम पर पांच एम्बुलेंस सौंप दी हैं। भारत का अफगानिस्तान के प्रति प्यार नया नहीं है। दशकों से हमने स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर में करोड़ों रुपये झोंके हैं। कोविड वैक्सीन से लेकर गेहूं तक अफगानिस्तान को जब भी किसी सहायता की जरूरत महसूस हुई, भारत ने दी है।




आतंक का पोषक पाकिस्तान उम्मीद लगाए हुए था कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार भारत के खिलाफ उसके समर्थन में खड़ी होगी, लेकिन भारत की रणनीति ने उसे चारों खाने चित कर दिया। यही कारण है कि वह महज चार साल पहले अमेरिकी सेना के शिकंजे से आजाद हुए अफगानिस्तान पर हवाई हमले कर रहा है।

# अफगानिस्तान पर कूटनीतिक जागरूकता और सजगता जरूरी



**चौकसी**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार

वैश्विक राजनीति एवं कूटनीति को अपने-अपने देशों के हित में साधने के लिए भारत व अफगानिस्तान विशेष प्रयास कर रहे हैं। इसी उद्देश्य के साथ अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी गत 9 अक्टूबर को छह दिवसीय भारत यात्रा पर दिल्ली पहुंचे और अगले ही दिन दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इसमें भारतीय मंत्री ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुनः दूतावास खोलने की बड़ी घोषणा की तथा अफगानिस्तानी मंत्री ने कहा कि उनका शासन अपनी भूमि से भारत विरोधी किसी भी आतंकी षड्यंत्र व गतिविधि को नहीं होने देगा।

इसी के साथ दोनों देशों के मंत्रियों ने पारस्परिक संप्रभुता एवं स्वायत्तता की सुरक्षा और द्विपक्षीय कूटनीतिक व व्यापारिक संबंधों की दृढ़ता के लिए भी महत्वपूर्ण संवाद किया है। अपनी यात्रावधि में अफगानी विदेश मंत्री भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परामर्शक अजीत डोभाल के साथ भी भेंटवार्ता करेंगे। विश्व के प्रमुख देशों की भांति ही भारत ने भी तालिबानी शासन को आधिकारिक मान्यता तो नहीं दी है, किंतु अफगानिस्तान के साथ भारत सहित सभी देशों के व्यापारिक-आर्थिक संबंध पहले जैसे ही हैं। नब्बे के दशक से लेकर 2014 तक अफगानिस्तान, रूस व अमेरिका की पारस्परिक शत्रुता का प्रायोगिक क्षेत्र बना रहा। कभी वहां रूसी सेना तैनात हुई थी। उस समयावधि के बाद से लेकर 2021 तक अमेरिकी सेना की तैनाती ने उस देश में तालिबान आतंकवाद को फलने-फूलने का अवसर दिया। हालांकि तालिबानी गतिविधियों को आतंकी गतिविधियां भी अमेरिका ने ही बताया था, जबकि अफगानिस्तान की अधि जनसंख्या अशरफ गनी के शासनकाल में भी तालिबानगामी शासन की पक्षधर थी। पूरे एक दशक तक तालिबानी लड़ाकों एवं अमेरिकी सेना के मध्य सशस्त्र संघर्ष होता रहा। इस अवधि में संपूर्ण अफगानिस्तान बुरी तरह अस्थिर रहा। अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, अफगानिस्तानी शासन व तालिबान समूह की कूटनीतियों के कारण यह देश निरंतर गृहयुद्ध व आत्मघात की स्थितियों-परिस्थितियों में पिसता रहा। इस स्थिति में भी भारत ने वहां के तत्कालीन शासन के सहयोग से उस देश में मूलभूत अवसंरचना के निर्माण सहित अनेक विकासपरक कार्य संपन्न किए, जिनका महत्व अब का तालिबानी



**भारत ने अफगानिस्तान में पुनः दूतावास खोलने की घोषणा की व अफगानिस्तानी मंत्री ने कहा कि उनका शासन अपनी भूमि से भारत विरोधी किसी भी आतंकी षड्यंत्र व गतिविधि को नहीं होने देगा।**

शासन भी भलीभांति जानता-समझता है। वास्तव में अफगानिस्तान के तालिबानी शासन के विदेश मंत्री की भारत यात्रा का मुख्य उद्देश्य बगराम हवाई क्षेत्र पर अमेरिका की गिद्धदृष्टि के प्रतिरोध में वैश्विक दक्षिण के प्रमुख व शक्तिशाली देशों का प्रतिरोधपरक समर्थन प्राप्त करना है। चूंकि इस संदर्भ में रूस के मास्को में आमिर खान मुत्तकी को रूस, चीन, पाकिस्तान, ईरान इत्यादि देशों ने अपना-अपना समर्थन दे दिया है, अतः अब तालिबानी नेता की मंशा है कि भारत भी बगराम हवाई स्थल पर अमेरिकी कब्जे की इच्छा का दृढ़ विरोध करे। अमेरिका के संदर्भ में यह अतिविडंबना ही मानी जाएगी कि अपने प्रथम कार्यकाल में जहां ट्रंप ने अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती का विरोध किया, इसे धन-संसाधन की बर्बादी कहा, कार्यकाल के अंतिम दिनों में अमेरिकी सैनिकों की वापसी भी करवा दी तथा डेमोक्रेट्स के शासन में राष्ट्रपति जो. बाइडेन ने बगराम हवाई क्षेत्र में विद्यमान अंतिम अमेरिकी अवसंरचना हटा अफगानिस्तान को पूरी तरह अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप से मुक्त कर दिया था, वहां अब ट्रंप पुनः बगराम में एक प्रतीकात्मक अमेरिकी सैन्य शिविर की स्थापना करने को व्याकुल हैं। परिणामस्वरूप लोकतांत्रिक रूप में अस्थिर अनेक देशों में अमेरिका की ओर से सैन्य तैनातियां हुईं, सैन्य हस्तक्षेप बढ़ा, सामरिक संघर्ष हुआ तथा शासन विस्थापित हुए। दक्षिण एशिया में सन् 2014 तक अमेरिका ने जहां चीन एवं रूस के प्रतिरोध के लिए अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत का उपयोग किया, वहीं अब चीन व रूस के अतिरिक्त भारत के प्रतिरोध हेतु भी वह अफगानिस्तान, पाकिस्तान सहित मध्य पूर्व के मुसलिम देशों का भी अपने सैन्य शिविरों के रूप में प्रयोग करना चाहता है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के माध्यम से अमेरिका ने तालिबानी शासन पर अनेक स्तरीय प्रतिबंध आरोपित कर रखे हैं। इन्हीं प्रतिबंधों के कारण अब तक तालिबानी नेता विदेश यात्रा नहीं कर पा रहे थे। किंतु ज्यों ही सुरक्षा परिषद् ने प्रतिबंधों को सीमित किया, त्यों ही तालिबानी नेतृत्व अमेरिकी प्रयोग में फंसने से बचने हेतु प्रमुख रूप से रूस, भारत व चीन को साधने का प्रयास करने लगा है।

हमें तालिबानी शासन की मूल प्रवृत्ति को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से मुक्त शासन के अनुरूप देखना होगा, तब ही हम अफगानिस्तान के संदर्भ में एक सुरक्षित कूटनीतिक वातावरण निर्मित कर पाएंगे। अन्य देशों की भांति भारत के लिए भी वैश्विक कूटनीतियों के हल ढूंढना सुगम नहीं है। जब हम अमेरिका एवं चीन सहित विश्व के अधिसंख्य देशों पर आंख बंद करके विश्वास नहीं कर सकते हैं, तो फिर अफगानिस्तान के तालिबानी शासन के प्रति भी हमें कूटनीतिक रूप में अति जागरूक व सतर्क रहने की आवश्यकता है।



बिहार का रण
सीटें 243
बहुमत 122
मतदान 06 एवं 11 नवंबर 2025
परिणाम 14 नवंबर 2025





# एनडीए में सीट बंटवारे का काम 95 फीसदी पूरा, भाजपा-जदयू 100 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे

बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में बातचीत का दौर अब अंतिम चरण है। भाजपा और जदयू ने अपने कई पुराने चेहरों को हरी झंडी भी दे दी है। लेकिन, अब तक औपचारिक रूप से घोषणा नहीं की है। जल्द सूची जारी होने की बात कही जा रही है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में बातचीत का दौर अब अंतिम चरण है। भाजपा और जदयू ने अपने कई पुराने चेहरों को हरी झंडी भी दे दी है। लेकिन, अब तक औपचारिक रूप से घोषणा नहीं की है। यह घोषणा जल्द संभावित है। लेकिन, इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी के सदस्य दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर जुटे हैं। गृह मंत्री अमित शाह, बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता सीट शेयरिंग समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। एनडीए में सीट बंटवारे का काम 95 फीसदी तक हो चुका है। भाजपा और जदयू दोनों 100 से अधिक पर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

दिल्ली में भाजपा की महाबैठक, दिग्गजों ने किया विचार विमर्श

## शाह, बिहार चुनाव प्रभारी प्रधान, केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे शामिल

**चिराग, मांझी और कुशवाहा की मांगों पर हो रही देरी**



नड्डा के घर पर जुटे भाजपा के नेतागण

केंद्रीय चिराग पासवान की पार्टी को 28, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को 8 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को करीब 5सीटें भाजपा और जदयू देना चाहती है। लेकिन, चिराग और मांझी मानने को तैयार नहीं। चिराग 35 से कम सीटों पर चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। मांझी का तर्क है कि राज्य स्तर की पार्टी बनने के लिए 8 विधायक चाहिए। 15 सीटों से कम पर चुनाव हम लोग नहीं लड़ कसते हैं। कुशवाहा ने 24 सीटों की मांग की है। तीनों पार्टी के नेताओं ने चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से मिलकर अपनी-अपनी बात रख दी है।

### भाजपा की 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम लगभग तय

एनडीए में अब तक सीट बंटवारे का ऐलान नहीं हुआ है। लेकिन, सोशल मीडिया पर भाजपा के कई संभावित उम्मीदवारों की सूची सामने आई है। दावा किया जा रहा है कि भाजपा आलाकमान की ओर से करीब 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम मुहर लगा दी गई है। इस सूची में भाजपा मौजूदा विधायक, मंत्री और संगठन से जुड़े वरिष्ठ नेता शामिल हैं। आलाकमान ने इन्हें सर्वे और समीकरण में फिट पाया है। हालांकि, भाजपा ने इस सूची की पुष्टि नहीं की है। सूची में शामिल कई नाम मौजूदा भाजपा विधायकों के हैं जिन्हें पार्टी ने दोबारा मौका देने का फैसला किया है।

### जेडीयू से 31 प्रत्याशियों के नाम आए

नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर अपने उम्मीदवारों



की संभावित सूची लगभग तैयार कर ली है। जदयू ने 31 से ज्यादा सीटों पर नाम लगभग तय कर दिए हैं। इसमें कई मौजूदा विधायक, कुछ नए चेहरे और परिवारिक राजनीतिक विरासत वाले नाम शामिल हैं। पार्टी की रणनीति 'ग्राउंड कनेक्शन' और 'विनिंग फैक्टर' पर आधारित मानी जा रही है। सूची में कई बड़े नामों के अलावा युवा चेहरों को भी मौका दिया जा रहा है।

### पवन ने पार्टी का सच्चा सिपाही बताया

भोजपुरी सुपरस्टार और हाल में भाजपा में शामिल हुए पवन सिंह ने स्पष्ट कहा है कि मैं इस बार का चुनाव



नहीं लड़ रहा हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि मैं अपने भोजपुरीया समाज से कहना चाहता हूं कि मैंने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी ज्वाइन नहीं किया था मैं पार्टी का एक सच्चा सिपाही हूं और हमेशा रहूंगा।

**महागठबंधन में भी बैठकों का दौर**

## कांग्रेस - आरजेडी में आखिरी वक्त में 5 सीटों पर मामला फंस गया

महागठबंधन में सीटों के समझौते को लेकर लगातार बैठकें हो रही हैं। नेता लोग माथापच्ची में लगे हैंष फिर भी कुछ सीटों पर मामला फंसा हुआ है। खासकर बायसी, बहादुरगंज, रानीगंज, कहलगांव और सहरसा। सहरसा में पिछली बार भौजपा के आलोक रंजन ने आरजेडी के



लवली आनंद को 20 हजार मतों से हराया था। उसी तरह कहलगांव की सीट पर कांग्रेस का दावा है, क्योंकि यह सीट परंपरागत रूप से कांग्रेस की है और लगातार सदानंद सिंह ये सीट जीतते रहे हैं। पिछली बार यहां से भाजपा जीती थी। अब आरजेडी इस सीट पर दावा कर रही है, मगर कांग्रेस इस सीट को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। पिछली बार भी ये सीट कांग्रेस ने ही लड़ी थी. सीमांचल की बायसी और बहादुरगंज भी कांग्रेस लड़ना चाहती है, क्योंकि कांग्रेस का कहना है कि सीमांचल में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### रोहतास में ग्रामीणों ने राजद विधायक का किया विरोध, धक्कामुक्की की

यहां कई जगहों पर आरजेडी विधायकों को विरोध का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि विधायक 5 साल तक गायब रहे और अब चुनाव के समय उनके बीच पहुंच रहे हैं। रोहतास में जनसंपर्क के दौरान राजद विधायक फतेह बहादुर का ग्रामीणों ने जोरदार विरोध किया। इस दौरान विधायक समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। डेहरी व के चिलबिला गांव में राजद विधायक फतेह बहादुर की जनसंपर्क यात्रा के दौरान हड़कंप मच गया। विधायक गांव में पहुंचे ही थे कि ग्रामीणों ने उनका जमकर विरोध शुरू कर दिया।

### मैं लड़ा तो राहुल की तरह तेजस्वी को दो सीट से लड़ना होगाः पीके



राघोपुर सीट चर्चा का सबसे बड़ा केंद्र बन गई है। जन सुराज के संस्थापक और चुनाव रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर ने इस सीट को लेकर बड़ा संकेत दे दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर वे राघोपुर से चुनाव लड़ते हैं तो तेजस्वी यादव को दो सीटों से मैदान में उतरना ही पड़ेगा। अब तेजस्वी को दूसरी सीट तलाशनी पड़ेगी। उनका हाल भी वही होगा जो राहुल गांधी का अमेठी में हुआ था। जब उन्हें वायनाड जाना पड़ा।

### तेज प्रताप बोले- मैं महुआ से चुनाव लड़ूंगा



जनशक्ति जनता दल के संस्थापक तेज प्रताप यादव ने कहा कि आप देख सकते हैं कि मेरी पार्टी को किस तरह का समर्थन मिल रहा है। इतने सारे लोग बिना बुलाए भी आ रहे है। मैं जल्द उम्मीदवारों की घोषणा करूंगा। मैं महुआ से चुनाव लड़ूंगा।

### विधायक मिश्रीलाल ने भाजपा से किया किनारा



दरभंगा जिले की अलीनगर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव ने पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा अब पिछड़ों का सम्मान नहीं करती। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व घमंड में चूर हो गया है। इस बात जनता उनको जान चुकी है।

---

**खबर संक्षेप**

### गुजरात पहुंचीं राष्ट्रपति द्वारकाधीश के किए दर्शन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने द्वारका का भ्रमण किया। राष्ट्रपति ने द्वारका में भगवान द्वारकाधीश के



चरणों में शीश नवाया और इस दिव्य दर्शन से धन्य महसूस किया। राष्ट्रपति ने शास्त्रीय विधि-विधान से भक्तिपूर्वक भगवान के चरणों की पूजा करके अपनी संतुष्टि भी व्यक्त की। राष्ट्रपति ने देशवासियों की सुख, शांति,समृद्धि की कामना की।

### दिल्ली में ग्रीन पटाखों पर 5 दिन की छूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर की हवा में दिवाली के दौरान फिर पटाखों की आवाज गूंजने वाली है।



सुप्रीम कोर्ट ने 5 दिनों के लिए पटाखे फोड़ने और बेचने की सशर्त अनुमति दे दी है। ये फैसला कई सालों बाद दिल्ली में पटाखों वाली दिवाली की वापसी का संकेत है। अदालत ने कहा कि ये सिर्फ एक ट्रायल बेसिस छूट दी गई है।

### दिवाली पर हिंदू दुकानों से करें खरीदी, नोटिस

**मुंबई।** दिवाली की खरीदारी को लेकर एनसीपी विधायक संग्राम जगताप की तरफ से दिए गए बयान



पर सियासी घमासान तेज हो गया है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इस संज्ञान लेते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजने की बात कही। जगताप पर सिर्फ हिंदू दुकानदारों से खरीदारी की अपील करने का आरोप है। इस पर अजित ने कार्रवाई की बात कही है।

### 11 कोरोना योद्धाओं के परिवार को 1-1 करोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने शनिवार को कोविड महामारी के दौरान अपने कर्तव्यों



का निर्वहन करते हुए जीवन गंवाने वाले 11 सरकारी कर्मियों के परिजनों को 1-1करोड़ की सहायता राशि के चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि यह केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि उन पर हमारी गहरी कृतज्ञता और विनम्र श्रद्धांजलि भी है।

## पीएम मोदी ने 42 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं का किया उद्घाटन

दिवाली के पहले दिया किसानों को तोहफा

# दलहन में सुधार और उत्पादकता के विस्तार के साथ नुकसान को कम करने का लक्ष्य



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने शनिवार को रिमोट दबाकर 42 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने 24,000 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य 100 आकांक्षी जिलों में कृषि उत्पादन, सिंचाई, क्रेडिट, क्रॉप डायवर्सिफिकेशन और पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट में सुधार है। 11,440 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' को लॉन्च किया गया। इसका उद्देश्य दलहन उत्पादकता के स्तर में सुधार, दलहन की खेती के रकबे का विस्तार, सप्लाई चेन को मजबूत करना और नुकसान को कम करना सुनिश्चित करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में 5,450 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। लगभग 815 करोड़ रुपए की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी गई।

**11,440 करोड़ के परिव्यय के साथ 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' को लॉन्च किया**

**हम कुछ उपलब्धियों से ही संतुष्ट नहीं हो सकते, पीएम धन-धान्य कृषि योजना दी**

पीएम मोदी ने कार्यक्रम में संबोधन के दौरान कहा कि आज देश का मिजाज कुछ इस तरह बन गया है कि हम कुछ उपलब्धियों से ही संतुष्ट नहीं हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें विकसित बनने के लिए हर क्षेत्र में लगातार बेहतर करना होगा। सुधार करना ही होगा। इसी सोच का प्रमाण पीएम धन-धान्य कृषि योजना है। इस योजना की प्रेरणा आकांक्षी जिला योजना का सफलता बनी है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिले अब कई पैरामीटर्स में दूसरे जिलों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

रिमोट का बटन दबाकर दी सौगातें



### इस योजना में हम 36 सरकारी योजनाओं को एक साथ जोड़ रहे

उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए 100 जिलों का चयन बहुत सोच-समझकर किया गया है। खेत से होने वाली पैदावार, एक खेत में कितनी बार खेती होती है, किसानों को लोन या निवेश की सुविधा कितनी मात्रा में है, तीन पैरामीटर के आधार पर जिलों का चयन किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि इस योजना में हम 36 सरकारी योजनाओं को एक साथ जोड़ रहे हैं। इस योजना के तहत पशुधन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस योजना को लेकर युवा अधिकारियों पर भी जिम्मेदारी होगी। दलहन आत्मनिर्भरता मिशन केवल दाल उत्पादन नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने का अभियान है

### यह देश के 100 जिलों में खेती की तस्वीर बदलेगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि युवा साथी किसानों के साथ मिलकर देश के 100 जिलों में खेती की तस्वीर बदल देंगे। जैसे ही किसी गांव में खेती की तस्वीर बदली, पूरे गांव की इकोनॉमी बदल जाएगी। 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि यह केवल दाल उत्पादन बढ़ाने का मिशन नहीं है, बल्कि हमारी भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने का भी अभियान है। इस मिशन से देश के 2 करोड़ दाल किसानों को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में खेती का बजट करीब 6 गुना बढ़ गया है और इस बढ़े हुए बजट का सबसे अधिक फायदा हमारे छोटे किसानों को हुआ है।

### हमने कृषि के प्रति पिछली सरकारों के लापरवाह रवैए को बदला

कृषि योजनाओं के लॉन्च के बाद अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज 11 अक्टूबर का दिन बहुत ऐतिहासिक है। आज भारत माता के दो महान रत्नों की जयंती है जिन्होंने इतिहास रचा। भारत रत्न जयप्रकाश नारायण और भारत रत्न नानाजी देशमुख, ये दोनों महान सपूत ग्रामीण भारत की आवाज थे, लोकतांत्रिक क्रांति के अग्रदूत थे। वे किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित थे। आज इस ऐतिहासिक दिन पर देश की आत्मनिर्भरता और किसानों के कल्याण के लिए दो महत्वपूर्ण नई योजनाओं का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती और किसानी हमेशा से हमारी विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। यह जरूरी है कि सरकार बदलते समय के साथ कृषि और खेती को समर्थन देती रहे। दुर्भाग्य से, पिछली सरकारों ने कृषि को अपने हाल पर छोड़ दिया। सरकार के पास कृषि के लिए कोई दूरदर्शिता या दृष्टिकोण का अभाव था, जिसके कारण भारत की कृषि प्रणाली लगातार कमज़ोर होती गई। हमने कृषि के प्रति पिछली सरकारों के लापरवाह रवैए को बदल दिया है

**बंगाल में ओडिशा की छात्रा से गैंगरेप**

## फोन छीना... और जंगल ले गए आरोपी, पीड़िता अस्पताल में भर्ती

कानून व्यवस्था पर फिर उठे सवाल



एजेंसी ▶▶ दुर्गापुर

पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से सवालों के घेरे में है। अभी कुछ दिन पहले ही भाजपा महिला सांसद पर अज्ञात लोगों ने हमला करते हुए घायल कर दिया था। अब एक बार फिर बंगाल से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया है। इस घटना ने एक बार फिर बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पश्चिम बर्धमान जिले में ओडिशा की रहने वाली एक मेडिकल कॉलेज छात्रा के साथ अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। वारदात शुक्रवार रात दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज परिसर के पास हुई।

### सहेली के साथ कैंपस से बाहर गई थी वह

पुलिस अधिकारी ने बताया कि छात्रा शुक्रवार रात करीब 8 से 8.30 बजे अपनी सहेली के साथ कैंपस से बाहर गई थी। जब 3 अज्ञात लोग वहां पहुंचे तो उसकी सहेली उसे अकेला छोड़कर भाग गई। उन लोगों ने उसका फोन छीन लिया और उसे कैंपस के बाहर सुनसान इलाके में ले गए, जहां उसके साथ ज्यादती की। उसे धमकी दी गई कि अगर उसने किसी को घटना के बारे में बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। आरोपियों ने छात्रा से उसका मोबाइल फोन वापस करने के लिए पैसे भी मांगे। फोरेंसिक टीम घटनास्थल का दौरा करेगी।

### खबर सुन, दुर्गापुर पहुंचे माता-पिता

छात्रा के माता-पिता ने कहा कि वे अपनी बेटी के दोस्तों का फोन आने के बाद दुर्गापुर पहुंचे। छात्रा की मां ने आरोप लगाया कि शुक्रवार रात लगभग 10 बजे उनकी बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया, जब वह अपनी एक सहेली के साथ रात के खाने के लिए कॉलेज परिसर से बाहर गई थी।

### दुर्गापुर जाएगी एनसीडब्ल्यू की टीम

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की एक टीम पीड़िता और उसके माता-पिता से मिलने दुर्गापुर जा रही है। सदस्य अर्चना मजूमदार ने कहा कि बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। पुलिस ऐसे मामलों में कोई सक्रिय कदम नहीं उठा रही है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

**शिवकुमार का फिर छलका दर्द**

## मुझे सीएम बनने की जल्दी नहीं, मैं 'नियति' जानता हूं

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री बनने की कोई जल्दी नहीं है और वेजानते हैं कि उनकी किस्मत में क्या लिखा है? वे मीडिया के एक वर्ग की उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिनमें कहा गया था कि उन्होंने शनिवार सुबह शहर के लालबाग गार्डन में लोगों से बातचीत के दौरान यह बयान दिया था कि सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री के रूप में बदलने का समय निकट आ रहा है। डीके ने कहा कि उन्होंने यह नहीं कहा कि उनके मुख्यमंत्री बनने का समय नजदीक आ रहा है लेकिन मीडिया का एक वर्ग तथ्यों को तोड़-



मरोड़ कर पेश कर लोगों को गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा कि लालबाग में मैं जिन लोगों से मिला, उनमें से एक ने मुझे मुख्यमंत्री के रूप में देखने की इच्छा व्यक्त की। मैंने जवाब में कुछ नहीं कहा, कुछ चैनल यह खबर चला रहे हैं।

**'बालिकाओं की सुरक्षाः भारत में उसके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर' कार्यक्रम में सीजेआई गवई ने कहा**

## डिजिटल दौर में लड़कियां असुरक्षित, विशेष कानून बने

सीजेआई ने सुरक्षा पर चिंता जताई, प्रशिक्षण को जरूरी बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ जस्टिस बीआर गवई ने डिजिटल युग में लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर हमलों, डिजिटल माध्यम से पीछा करने, व्यक्तिगत डाटा के दुरुपयोग और डीपफेक तस्वीरों से लड़कियां गंभीर रूप से असुरक्षित हैं। उन्होंने कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों और नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। वे'बालिकाओं की सुरक्षाः भारत में उसके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर' पर राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति के तत्वावधान में यूनिसेफ इंडिया के सहयोग से किया गया था।

आजकल असुरक्षा के मामले बढ़े

इसके लिए कठोर कानून हों

**शरीर की रक्षा नाकाफी, आत्मा को भी आजाद करना होगा**



चीफ जस्टिस गवई ने कहा कि उनकी (बालिकाओं) सुरक्षा केवल उसके शरीर की रक्षा करना नहीं है, बल्कि उनकी आत्मा को आजाद करना भी है। एक ऐसा समाज बनाना है जहां वह गरिमा के साथ सिर ऊंचा करके खड़ी हो सके और जहां उसकी आकांक्षाएं शिक्षा और समानता से पोषित हों। हमें उन गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक रीति-रिवाजों का सामना करना होगा और उन्हें दूर करना होगा, जो लड़कियों को उनका सही स्थान देने से रोकते हैं।

### टैगोर की कविता को किया याद

रविंद्रनाथ टैगोर की कविता 'व्हेयर द माइंड इज विदाउट फियर' को याद करते हुए सीजेआई ने कहा कि यह कविता उस भावना को पूरी तरह से व्यक्त करती है, जिसे बालिका की सुरक्षा के लिए हासिल करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह सपना अधूरा रहेगा, जब तक हमारे देश की कोई भी लड़की डर के साए में रहे।

### देश की कई बालिकाएं अब भी बुनियादी जरूरतों से वंचित

उन्होंने कहा कि संविधान और कानूनी संरक्षण के बावजूद देश की कई बालिकाओं को अब भी दुर्भाग्य से उनके मौलिक अधिकारों और यहां तक कि जीवित रहने के लिए जरूरी बुनियादी जरूरतों से वंचित रखा जाता है। यह असुरक्षा उन्हें यौन शोषण, उत्पीड़न और अन्य हानिकारक प्रथाओं जैसे कि महिलाओं के शरीर के अंगों को चोट पहुंचाना, कुपोषण, लिंग का चयन कर गर्भपात, तस्करी और उनकी मर्जी के खिलाफ बाल विवाह के अधिक जोखिम में डाल देती है।

## पीएम कीर स्टार्मर बोले

# एआई और फिनटेक में ब्रिटिश निवेश से भारत में पैदा होंगी हजारों नौकरियां

*ब्रिटेन की फिनटेक कंपनी टाइड भारत में 2026 से पांच वर्षों में 500 मिलियन पाउंड का निवेश करेगी और अगले 12 महीनों में 800 पेशेवरों को जोड़कर अपने भारतीय कार्यबल को 2,300 तक बढ़ाएगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत यात्रा से लौटे ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और फिनटेक के क्षेत्रों में ब्रिटेन के बड़े निवेश से भविष्य में हजारों नौकरियां पैदा होंगी। ब्रिटेन की कई कंपनियों ने एआई और फिनटेक क्षेत्रों में 3.6 अरब पाउंड के निवेश की पुष्टि की है। बता दें, कीर स्टार्मर ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ कई मुद्दों पर विस्तृत बातचीत की थी। साथ ही उन्होंने पीएम मोदी के साथ कई कार्यक्रमों में भी शिरकत की थी। देर शाम वह लंदन के लिए रवाना हुए थे।

### कई फिनटेक कंपनियां अगले पांच वर्षों में 500 मिलियन पाउंड खर्च करने की योजना बना रही


फाइल फोटो

### भारत और ब्रिटेन के बीच समझौते

*भारत और ब्रिटेन के बीच टेक्नोलॉजी और इनोवेशन सेक्टर में चार प्रमुख समझौते हुए हैं। शिक्षा क्षेत्र में दो, क्लाइमेट टेक्नोलॉजी स्टार्टअप फंड में एक ज्वाइंट इन्वेस्टमेंट समझौता हुआ है। इसके अलावा, क्लाइमेट, हेल्थ और रिसर्च सेक्टर में भी तीन महत्वपूर्ण पहलें हुईं, जिनमें बायो-मेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के फेज-थर्ड का शुभारंभ और ऑफशोर विंड टास्कफोर्स की स्थापना शामिल है। भारत के आईसीएमआर और ब्रिटेन के एनआईएचआर के बीच हेल्थ रिसर्च पर 'लेटर ऑफ इंटेंट' पर हस्ताक्षर शामिल हैं।*

### व्यापार साझेदारी मजबूत कर रहे

स्टार्मर ने अपनी भारत यात्रा के समापन पर एक बयान में कहा कि हमने भारत के साथ हुए व्यापार सौदे से उत्पन्न अवसरों का पूरा लाभ उठाया है। हमने ब्रिटेन में नए निवेश सुनिश्चित किए हैं और देशभर में 10,600 नई नौकरियां बनाई हैं, जो हमारे सबसे प्रमुख उद्योगों में हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत में ब्रिटिश व्यापार की अपनी साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं।

### एफटीए से दोनों देशों को मिलेगा लाभ

*पीएम स्टार्मर ने कहा कि भारत यात्रा ने ब्रिटेन को जुलाई में हुए व्यापक व्यापार और आर्थिक समझौते (सीईटीए) से उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाने में मदद की है। उन्होंने यह भी वादा किया कि वह भारत में ब्रिटिश व्यवसायों के लिए अधिक दरवाजे खोलेंगे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) होने के बाद से दोनों देशों के बीच शुल्कों घटेगें जो व्यापार को तेज, सस्ता और सुगम बनाएंगे।*

### बेंगलुरु में एक अरब पाउंड तक का निवेश

स्टार्मर ने बताया कि सॉफ्टबैंक ग्रुप का हिस्सा ग्राफकोर बेंगलुरु में एक नई एआई इंजीनियरिंग कैंपस में 1 अरब पाउंड तक का निवेश करेगा। इससे भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग में 500 उच्च-स्किल्ड नौकरियां बनेंगी। ब्रिटेन की फिनटेक कंपनी टाइड भारत में 2026 से पांच वर्षों में 500 मिलियन पाउंड का निवेश करेगी और अगले 12 महीनों में 800 पेशेवरों को जोड़कर अपने भारतीय कार्यबल को 2,300 तक बढ़ाएगी।

### भारतीय बैंकों के साथ पेमेंट गेटवे सुविधा

रेवोल्ट भारत में अगले पांच वर्षों में 500 मिलियन पाउंड खर्च करने की योजना बना रही है। वहीं ब्रिटेन स्थित पेमेंट्स ऑर्केस्ट्रेशन कंपनी पेसेक्योर ने कहा कि उसने भारत में शीर्ष भारतीय बैंकों और पेमेंट गेटवे के साथ एकीकरण के जरिये स्मूथ पेमेंट्स सक्षम कर ब्रिटिश व्यापारों के लिए 370 मिलियन पाउंड के निर्यात को पांच वर्षों में बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

## खबर संक्षेप

### मंगोलियाई राष्ट्रपति 13 से 16 अक्टूबर तक भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** मंगोलियाई राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना भारत दौरे पर आ रहे हैं। मंगोलियाई राष्ट्रपति की चार दिवसीय भारत यात्रा सोमवार से शुरू होगी और इसमें दोनों देशों के बीच ऊर्जा, खनन और रक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा होगी। मंगोलियाई राष्ट्रपति के साथ कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आएगा। राष्ट्रपति के रूप में खुरेलसुख की यह पहली भारत यात्रा होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी मंगोलियाई नेता से मुलाकात करेंगी।



### 4 दिन बाद फ्रांस में लेकोर्नू फिर से पीएम

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार शाम सेबेस्टियन लेकोर्नू को फिर से पीएम बनाया। यह उनके इस्तीफे के चार दिन बाद हुआ। एलिसी पैलेस ने बताया कि लेकोर्नू को नई सरकार बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। दोबारा नियुक्ति के बाद लेकोर्नू ने सोशल मीडिया पर कहा कि जनता का गुस्सा और राजनीतिक संकट फ्रांस की छवि और फायदे के लिए नुकसानदेह है, इसका समाधान होना चाहिए। फ्रांस का बजट तैयार करने के लिए पूरी कोशिश करेंगे। लेकोर्नू ने मैक्रों द्वारा नियुक्त किए जाने के एक महीने से भी कम समय में इस्तीफा दे दिया था।



### दक्षिणी नेपाल में भूस्खलन से 2 की मौत, 6 घायल

**काठमांडू।** नेपाल के मधेश प्रांत में शनिवार को भूस्खलन में दबकर दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। यह भूस्खलन सुबह 8:30 बजे बारा जिले के सिमरौनगढ़ नगरपालिका में हुआ। पुलिस ने बताया कि घरेलू कामों के लिए मिट्टी निकालने के लिए तालाब के पास खुदाई के दौरान यह हादसा हुआ। जिसमें 70 वर्षीय एक महिला और 15 वर्षीय एक किशोर भूस्खलन में जिंदा दब गए। इस घटना में छह अन्य लोग घायल हो गए। नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की मदद से उन्हें बचाया।



### जापान में फ्लू, 4000 से अधिक लोग पीड़ित

**टोक्यो।** जापान की बड़ी आबादी फ्लू की चपेट में है। देशभर में 4,030 से अधिक लोग इससे पीड़ित हैं। देश भर के लगभग 3,000 अस्पतालों ने कुल 4,030 मरीजों के फ्लू पीड़ित होने की सूचना दी है। ओकिनावा प्रांत में प्रति अस्पताल सबसे ज्यादा मरीजों की सूचना मिली, उसके बाद टोक्यो और कागोशिमा का स्थान है। बच्चों में संक्रमण फैलने के कारण 100 से ज्यादा स्कूल, किंडरगार्टन और चाइल्डकेअर सेंटर बंद कर दिए गए हैं। यह 20 सालों में दूसरा मौका है जब समय से पहले मौसम बदला और लोग इसकी चपेट में आ गए।



## अत्यधिक भीड़ के कारण दारुल उलूम से बिना संबोधन लौटे मुत्ताकी, कहा

# अफगानिस्तान से कोई आतंकी भारत नहीं आएगा, रिश्ते भविष्य में और मजबूत होंगे

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री मौलाना अमीर खान मुत्ताकी शनिवार को भारत के सबसे प्रतिष्ठित इस्लामी शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद पहुंचे। संस्था प्रशासन ने उनकी अगवानी के लिए 15 प्रमुख उलमा लगाए। मुत्ताकी का काफिला दिल्ली से सुबह साढ़े आठ बजे रवाना हुआ और वे तकरीबन 12 बजे देवबंद पहुंचे। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र में कड़े इंतजाम किए हुए थे। मुत्ताकी का स्वागत दारुल उलूम की विशालकाय गोलाकार लाइब्रेरी में किया गया। मौलाना अमीर खान मुत्ताकी अफगानिस्तान में तालिबान शासन के प्रमुख नेताओं में शामिल हैं।

वर्ष 2021 में सत्ता संभालने के बाद यह उनकी भारत की पहली यात्रा है। वे छह दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं और शुक्रवार को दिल्ली में कई अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं। दारुल उलूम देवबंद में उनका स्वागत कार्यक्रम संस्था के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी की देखरेख में तैयार किया गया। मुत्ताकी का काफिला देवबंद पहुंचा। 2 बजकर 30 मिनट पर उन्हें लाइब्रेरी में छात्रों को संबोधित करना था लेकिन अत्यधिक भीड़ के कारण उन्होंने संबोधन का फैसला निरस्त कर दिया और दिल्ली के लिए वापस लौट गए।

*नाम के आगे मौलाना और कासमी लिख सकेंगे मुत्ताकी*

*नए राजनयिक भेजेंगे मुत्ताकी काबुल आने का दिया न्यौता*



### दिल्ली ने अच्छा स्वागत किया

*वहीं, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने शनिवार को कहा कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते भविष्य में और मजबूत होंगे। उन्होंने दारुल उलूम देवबंद में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए भारत के लोगों का आभार जताया। सहारनपुर पहुंचे मुत्तकी ने कहा कि हम यहां नए राजनयिक भेजेंगे और उम्मीद है कि आप लोग भी काबुल आएंगे। दिल्ली में मुझे जिस तरह का स्वागत मिला, उससे मुझे भरोसा है कि आने वाले समय में भारत-अफगानिस्तान संबंध और घनिष्ठ होंगे।*

### विदेशी सेना को स्वीकार नहीं करेंगे

अफगानिस्तान के महत्वपूर्ण बगराम एयरबेस को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फिर से अपने अधिकार क्षेत्र में लेने की घोषणा को लेकर आमिर खान मुत्ताकी ने कहा, अफगानिस्तान के लोग विदेशी सेना को कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे। अगर कोई हमारे साथ संबंध रखना चाहता है तो उसे कूटनीतिक मिशन के जरिए ही हमारे पास आना पड़ेगा।

### हदीस का सबक पढ़ा और पढ़ाने की इजाजत ली

इस दौरान मुत्तकी ने संस्था के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी से हदीस का सबक पढ़ा और उसे पढ़ाने की इजाजत ली, मोहतमिम ने उन्हें हदीस-ए-सनद दी। हदीस की इजाजत मिलने के बाद अब मुत्तकी के नाम के आगे कासमी जुड़ गया है। जिसके बाद वह अपना पूरा नाम 'मौलाना आमिर खान मुत्ताकी कासमी' लिख सकेंगे।

### स्वागत के लिए उमड़ी भीड़

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के दारुल उलूम पहुंचने पर रास्ते में भारी संख्या में मदरसे के छात्रों ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। संस्था में पहुंचने पर भी छात्र उनके स्वागत के लिए उमड़ पड़े। संस्था में पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। वहीं मुत्ताकी के काफिले संग सेल्फी लेने की भी छात्रों में होड़ लगी रही। उनकी झलक पाने के लिए मदरसा छात्रों की भीड़ उमड पड़ी। इसके चलते पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। मदरसा छात्रों को हटाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

## पीएम मोदी से मिले यूएस के राजदूत

# बोले- भारत से 'संबंध' को अहम मानता है अमेरिका



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के भारत के लिए नामित राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि उनका देश देश भारत के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है। गोर ने शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। मुलाकात के बाद गोर ने कहा, मैंने पीएम मोदी से एक शानदार मुलाकात की। हमने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें रक्षा, व्यापार और तकनीक शामिल हैं। हमने दुर्लभ खनिजों के महत्व पर भी बात की।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पीएम मोदी को एक महान और निजी मित्र मानते हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। वहीं, पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, अमेरिका के भारत में नामित राजदूत सर्जियो गोर का स्वागत करके खुशी हुई। मुझे भरोसा है कि उनके कार्यकाल में भारत-अमेरिका की व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूती मिलेगी।

### जयशंकर, डोभाल के साथ की बैठक

*गोर ने कहा कि हमने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ बेहतरीन बैठकें कीं। वहीं, गोर से मुलाकात पर जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली में अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर से मिलकर प्रसन्नता हुई। भारत-अमेरिका संबंधों और इसके वैश्विक महत्व पर चर्चा हुई। उन्हें उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं। वहीं, अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा है कि अमेरिका अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और एक सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ काम करना जारी रखेगा।*

### राष्ट्रपति को सौंपेंगे परिचय पत्र

अमेरिका के दूतावास ने बताया कि किसी अन्य तारीख पर सर्जियो गोर भारत में औपचारिक रूप से अपना परिचय पत्र सौंपेंगे। परंपरागत रूप से देश में कोई भी नया राजदूत अपना कार्यभार संभालने के साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना परिचय सौंपते हैं। जिसे स्वीकार करने के साथ ही उनकी नियुक्ति को औपचारिक रूप से स्वीकृति मिल जाती है।

## एस. जयशंकर और पीयूष गोयल के साथ सोमवार को होगी मुलाकात

**12 से 14 तक रहेंगी**

# कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद आज से भारत के तीन दिवसीय दौरे पर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ संकट और बढ़ती खालिस्तानी कट्टरता जैसी चुनौतियों के बीच रविवार से कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद भारत की तीन दिवसीय (12 से 14 अक्टूबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी। जिसमें सोमवार को उनकी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ नई दिल्ली में महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें होंगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

### भारत से है अनीता का पुराना नाता



*अनीता आनंद भारतीय मूल की कनाडा की पहली हिंदू महिला सांसद और मार्क कार्नी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। उनका जन्म भारत में नहीं हुआ है। लेकिन उनके माता-पिता भारत से थे। जिसमें पिता तमिलनाडु से और माता पंजाब से थीं। कनाडा की विदेश मंत्री बनने से पहले वह रक्षा मंत्री के साथ ही कई अन्य पदों पर अहम जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं।*

### मुंबई जाएंगी कनाडा की विदेश मंत्री

मंत्रालय ने कहा कि दोनों वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठकें करने के बाद कनाडा की विदेश मंत्री मुंबई रवाना हो जाएंगी और वहां 14 अक्टूबर को वह कनाडा और भारत में निवेश, रोजगार सृजन के साथ ही आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने वाली कुछ कनाडाई और भारतीय कंपनियों के प्रमुखों से मुलाकात करेंगी। फिलहाल अनीता आनंद तीन देशों भारत, चीन और सिंगापुर की यात्रा पर हैं। जिसका पहला पड़ाव भारत है।

*दोनों देशों में मचा हड़कंप*

### अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर भीषण झड़प 5 पाक सैनिकों की मौत



**पाकिस्तान।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच हुई झड़प में 5 पाक सैनिकों की मौत हो गई है। घटना में 2 सैनिक घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान ने 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान के काबुल, खोस्त, जलालाबाद और पक्तिका में टीटीपी चीफ नूर वली मेहसूद को टारगेट किया था और उन पर एयर अटैक किया था। इसके जवाब में अफगान सेना ने नंगरहर और कुनार प्रांतों में डुरंड लाइन के पास पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर हमला किया।

## मैक्सिको में भारी बारिश से तबाही, 28 की मौत



**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको में भारी बारिश ने कहर बपाया हुआ है। मध्य और दक्षिण-पूर्वी मैक्सिको में भयानक बारिश के कारण आई बाढ़ से भूस्खलन हुआ है। जिससे घरों और सड़क मार्ग को नुकसान पहुंचा है। लगातार हो रही भारी बारिश के चलते कम से कम 28 लोगों की जान चली गई। प्रभावित क्षेत्रों के विभिन्न हिस्सों में वाहन और घर लगभग पूरी तरह से पानी में डूब चुके हैं। लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है। मैक्सिको ने लोगों की सहायता के लिए 8700 सैन्य कर्मियों को तैनात किया गया है।

## पीएम मोदी ने क्वालकॉम के सीईओ के साथ भारत की प्रगति पर की चर्चा

# एआई, सेमीकंडक्टर मिशन और 6जी क्षेत्र में सहयोग करेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित चिप दिग्गज क्वालकॉम के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) क्रिस्टियानो आर. अमोन से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इनोवेशन और कौशल में भारत की प्रगति पर चर्चा की। पीएम मोदी ने भारत के सेमीकंडक्टर और एआई मिशनों के प्रति क्वालकॉम की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी तकनीकों के निर्माण के लिए खास प्रतिभा और पैमाने प्रदान करता है, जो सामूहिक भविष्य को आकार देंगी।

*कंपनी एआई स्मार्टफोन, पीसी, स्मार्ट ग्लास विकसित करेगी ऑटो, इंडस्ट्रियल और अन्य क्षेत्रों में भी अपनी सेवाएं देगी*



### भारत के डिजिटल भविष्य में अग्रणी भूमिका

इससे पहले क्वालकॉम इंडिया ने बताया कि कंपनी भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। साथ ही, इंक्लूसिव, सस्टेनेबल और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी तकनीकी समाधानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दे रही है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 में क्वालकॉम ने एज एआई और 6जी से लेकर स्मार्ट होम, कनेक्टेड डिवाइस और एडवांस कंप्यूट प्लेटफॉर्म तक अलग-अलग तरह के इनोवेशन को पेश किया। साथ ही बताया गया कि कंपनी की तकनीकें भारत के डिजिटल परिवर्तन को किस प्रकार गति देने का काम करेंगी।

### नवाचार और कौशल पर की चर्चा

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर क्रिस्टियानो के एक पोस्ट को रिपोस्ट कर लिखा कि क्रिस्टियानो आर। अमोन से मुलाकात बेहद खास औएर अच्छी रही। हमने एआई, इनोवेशन और स्किल को लेकर भारत की प्रगति पर चर्चा की। भारत के सेमीकंडक्टर और एआई मिशनों को लेकर क्वालकॉम की प्रतिबद्धता को देखकर खुशी हुई। देश ऐसी तकनीकों के निर्माण के लिए अनमैच्ड टैलेंट और पैमाने प्रदान करता है।

## सोनिया गांधी ने पूरन की पत्नी को लिखी चिट्ठी

# सोनिया- सत्ता में बैठे लोग पक्षपाती दोषी कोई भी हो बख्शेंगे नहीं: सैनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की पत्नी नौकरशाह अमनीत पी कुमार को पत्र लिखा है।

पत्र में उन्होंने कहा है कहा कि आपके पति और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी, वाई पूरन कुमार की दुखद मृत्यु की खबर चौंकाने वाली और बेहद दुखद है। इस कठिन समय में आपको और आपके पूरे परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। वाई. पूरन कुमार का निधन हमें याद दिलाता है कि आज भी सत्ता में बैठे लोगों का



पूर्वाग्रही और पक्षपातपूर्ण रवैया, वरिष्ठतम अधिकारियों को भी सामाजिक न्याय से वंचित रखता है। मैं और देश के लाखों लोग न्याय के इस मार्ग पर आपके साथ खड़े हैं। ईश्वर आपको इस कठिन परिस्थिति में धैर्य, साहस और शक्ति प्रदान करे। वहीं, सीएम सैनी ने इसे 'बहुत दुखद हादसा' बताते हुए कहा कि सरकार इसकी गहन जांच कराएगी और दोषियों को सजा दिलाएगी।

# शहर का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम फेल, 200 से ज्यादा बसें बंद

## 70 बसों के भरोसे 30 लाख से ज्यादा की आबादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में 2010 में शुरू हुआ पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम 15 साल में ही दम तोड़ने की कगार पर है। स्थिति यह है कि बीते दो साल से रोजाना एक लाख से ज्यादा लोगों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाने में लगीं करीब 200 से ज्यादा लो-फ्लोर बसें बंद हैं।

वर्तमान में केवल 70 बसें चल रही हैं वे भी बेहद चुनिंदा रूटों पर। अधिकांश रूटों पर तो बसों का संचालन ही बंद है। इनमें दो साल पहले बने नए रूट भी शामिल हैं। जबकि शहर के 25 रूटों पर 368 बसों का संचालन होता था। इनके बंद होने से विद्यार्थी, महिलाएं, नौकरीपेशा और सामान्य लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रोजाना एक लाख लोग परेशान हो रहे हैं।

**खास बातें**

- एक लाख से ज्यादा लोग रोजाना होते हैं परेशान
- 2010 में सड़कों पर चलना शुरू हुई थीं बसें
- 25 रूट्स पर 368 बसें चलती थीं
- नए रूट्स पर भी दो साल से बंद हैं बसें



**इन रूटों पर बंद हैं बस सेवा**

- एम्स से संत हिरदाराम नगर
- नीलबड़ से नादरा बस स्टैंड
- ओरिएंटल कॉलेज से गणेश मंदिर
- करोंद से बरखेड़ा पठानी
- बैरागढ़ चीचली से कोच फैक्ट्री
- आकृति इको सिटी से चिरायु
- कोकता से लालघाटी
- अयोध्या नगर से लेकर गांधी नगर
- बैरागढ़ चीचली से चिरायु नाका

### सांसद शर्मा और विधायक सबनानी भी जता चुके हैं हैरानी

सितंबर में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक में सांसद आलोक शर्मा ने 368 में से सिर्फ 47 बसें चलने पर हैरानी जताते हुए तत्कालीन निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण से बसें बंद होने को लेकर जवाब तलब किया था। उनके साथ विधायक भगवानदास सबनानी ने भी बसों के बंद होने को लेकर सवाल उठाया था।

### बीसीएलएल के डायरेक्टर का तर्क- दिसंबर से शहर की सड़कों पर नजर आएंगी 195 ई-बसें

बीसीएलएल के डायरेक्टर मनोज राठौर ने बताया कि शहर का ट्रांसपोर्ट सिस्टम सुधारने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। जल्द ही व्यवस्था में सुधार होगा और दिसंबर तक 195 ई-बसें राजधानी की सड़कों पर नजर आएंगी। इसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा।

### राजधानी की आबादी के अनुपात में 800 से ज्यादा बसों की जरूरत

नगर निगम और बीसीएलएल ने करीब तीन साल पहले एक सर्वे किया था। जिसमें यह बात सामने आई थी कि राजधानी में आबादी के अनुपात में 800 से ज्यादा बसों की जरूरत है। यानि वर्तमान में संचालित बसों की संख्या से दोगुनी से अधिक।

---

पुल बोगदा से निरीक्षण शुरू, वाहन में बैठे-बैठे ही देखी व्यवस्थाएं, एमपी नगर के व्यस्त रोड पर ही रुकी टीम

# एसीएस और निगम कमिश्नर एक दर्जन वाहनों के काफिले के साथ निकले, मेट्रो रूट पर सड़क जांच के लिए सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगरीय प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे और नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन शनिवार को दोपहर करीब 12.30 बजे मेट्रो रूट की सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। पुल बोगदा स्थित धर्मकांटा तिराहे पर एक दर्जन वाहनों के क़ाफ़िले के साथ दोनों अधिकारी पहुंचे। उन्होंने यहां मेट्रो रेल प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों से चर्चा की। उसके तत्काल बाद उनका काफ़िला रवाना हो गया और सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे रुका। वाहन में बैठे—बैठे ही निर्माण कार्य देखा और चंद मीटर की दूरी पर रोड किनारे फर्नीचर की दुकानों के सामने वाहन रुकवाया। यहां भी व्यवस्थाएं देखकर एमपी नगर की तरफ बढ़ गए। यहां मीडिया ने उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन उक्त अफसरों के स्टाफ ने रोका। उनकी टीम के साथ नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारी, नगर निगम, मेट्रो रेल के अधिकारी साथ थे। 12.45 बजे मानसरोवर कांम्प्लेक्स के पास बने मेट्रो स्टेशन के नीचे मेन रोड पर वाहन रुके और उन्होंने यहां मोबाइल लैब को रोड के सैंपल लेने का कहा। यहां कुछ देर रुकने के बाद उनकी टीम सीधे होशंगाबाद रोड की ओर रवाना हो गई। हरिभूमि की टीम सैंपल लेने वाले प्वाइंट पर ही रुक गई। यहां से सैंपल लेने के बाद मोबाइल लैब के कर्मचारियों को रोड के सैंपल लेने के दो अन्य प्वाइंट भी बताए गए जहां से मोबाइल लैब ने सैंपल लिए।

**सड़कों की हकीकत जानने अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने निगमायुक्त संस्कृति जैन के साथ किया मेट्रो रूट की सड़कों का निरीक्षण**



### सैंपल पॉइंट नंबर-1

मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के पास मेट्रो स्टेशन के नीचे रोड पर एक इंच लेयर सैंपल लिया

यहां मुख्य सड़क पर नगरीय प्रशासन विभाग की मोबाइल लैब के कर्मचारियों ने सैंपल लिया। यहां ये एक इंच लेयर का सैंपल लिया गया। जांच के लिए इस पहले प्वाइंट पर मेट्रो रेल के कुछ कर्मचारी मौजूद थे।

### सैंपल पॉइंट नंबर-2

बंसल—वन के सामने मेन रोड किनारे से 5.5 इंच लेयर का सैंपल लिया

मोबाइल लैब के कर्मचारियों ने यहां से रोड पर अपने उपकरणों से 5.5 इंच लेयर का सैंपल लिया। खास बात यह रही कि यहां कोई भी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद नहीं था। जबकि मोबाइल लैब के कर्मचारी लगातार मोबाइल पर अपने अधिकारियों से संपर्क में थे।

### सैंपल पॉइंट नंबर-3

बंसल प्लाजा के सामने रोड पर मोबाइल लैब रुकी और यहां से सैंपल लिया। कर्मचारियों ने 4.2 इंच रोड का सैंपल लिया। यहां भी लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, मेट्रो रेल का कोई भी अफसर और कर्मचारी मौजूद नहीं था।

### अफसरों ने बताए पॉइंट, पहले लेफ्ट फ़िर राइट और फ़िर सेंटर



उक्त निरीक्षण भले ही अफसरों ने वाहनों में बैठकर ही किया हो, लेकिन जांच के लिए सैंपल लेने के तीन प्वाइंट बेहद चालाकी से बताए। पहला प्वाइंट रोड के लेफ्ट तरफ का चिन्हित किया। दूसरा राइट और तीसरा सेंटर का। यानि ऐसा उन्होंने रोड निर्माण की गुणवत्ता परखने के उद्देश्य से किया होगा।

### मेट्रो रेल के अफसर पुल बोगदा के नीचे करते रहे इंतजार

निरीक्षण की खबर मिलने पर मेट्रो रेल के अफसर भी समय से पहले तो पहुंचे, लेकिन उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि अफसर अपना निरीक्षण कहां से शुरू करेंगे। मेट्रो रेल के अफसर पुल बोगदा से रायसेन रोड वाले छोर पर पहुंच गए। यहां 15-20 मिनट इंतजार के बाद जब उन्हें पता चला कि टीम धर्मकांटा चौराहे पहुंचे गई है तो वहां से तुरंत तेजी से निकले और मौके पर पहुंचे।

---

निगमायुक्त ने भवन का निरीक्षण कर दिए निर्देश

## निगम के नए मुख्यालय भवन में भूतल पर ही संचालित हों लोगों से जुड़ीं सेवाएंः आयुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आम लोगों से जुड़ीं सेवाएं जल्द ही नगर निगम के नए मुख्यालय भवन में शुरू होंगी। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शनिवार को निरीक्षण किया और लोगों से जुड़ीं सभी सेवाओं को नए मुख्यालय भवन के भूतल पर ही संचालित किए जाने तथा शेष रहे सभी कामों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन मुख्यालय भवन के सभी तलों की संरचना, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगतुकों की बैठक व्यवस्था सहित विभागों एवं नागरिकों से जुड़ी सेवाओं-सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उक्त व्यवस्थाओं से संबंधित मानचित्रों का अवलोकन किया। उन्होंने भूतल पर संचालित होने वाली सेवाएं एवं कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने तुलसी नगर सेकण्ड स्टॉप के पास ग्रीन बिल्डिंग कान्सेप्ट के आधार पर निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन के सभी तलों पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों के कक्षों, विभागों एवं नागरिकों से जुड़ी सेवाएं तथा आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की और विभाग, मीटिंग हॉल एवं बैठक संबंधी मानचित्रों का अवलोकन भी किया।

### छत का निरीक्षण किया, व्यवस्था देखी

मुख्यालय भवन के विभिन्न तलों एवं छत के निरीक्षण के दौरान फर्नीचर व्यवस्था, फायर सेफ्टी, शौचालय, एयरकंडीशनर, लिफ्ट आदि का अवलोकन किया तथा प्रचलित कार्यों को पूरा करने की समयावधि की जानकारी प्राप्त की।

---

डस्टबिन व कपड़े के थैले वितरित किए

## बैरसिया में स्वच्छता जागरूकता अभियान में शामिल हुईं महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महापौर मालती राय शनिवार को बैरसिया में आयोजित स्वच्छता जागरूकता अभियान में शामिल हुईं। उन्होंने बैरसिया विधायक विष्णु खत्री की मौजूदगी में अभियान का शुभारंभ किया।

इस दौरान महापौर राय ने दुकानदारों को डस्टबिन और कपड़े के थैले वितरित कर गीला-सूखा कचरा स्वयं भी अलग-अलग डस्टबिनों में रखने और अन्य लोगों को भी इस के लिए प्रेरित करने की समझाइश दी साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, पालीथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग करने हेतु नागरिकों को प्रेरित करने को कहा। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य आरके सिंह बघेल व बैरसिया क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि व नगर पालिका के अधिकारी मौजूद थे।

---

भारतीय मानक ब्यूरो ने किया साइकिल रैली का आयोजन

## महापौर ने किया गुणवत्ता सुधार रैली का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महापौर मालती राय ने शनिवार को बोट क्लब पर गुणवत्ता साईकिल रैली का शुभारंभ किया। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा गुणवत्ता के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने और जीवन के हर क्षेत्र में उच्च मानकों को अपनाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए रैली का आयोजन किया गया था।

इस अवसर पर राय ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के उपयोग के साथ ही हमें अपनी जीवनशैली और अपने दृष्टिकोण को भी उच्च मानकों के अनुरूप बनाना चाहिए ताकि हमारी समाज में अलग पहचान बनें। रैली में बड़ी संख्या में प्रतिभागी व भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारी व आम लोग मौजूद थे।

---

## विद्यार्थी जीवन में तनाव और प्रतिस्पर्धा को हावी न होने दें: डॉ. शालिनी

हरिभूमि न्यूज भोपाल।

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

विद्यार्थियों को अपने केरियर को लेकर ज्यादा चिंता नहीं करने चाहिए। केरियर को लेकर विद्यार्थी अपने जीवन में तनाव, प्रतिस्पर्धा और अकेलेपन को हावी नहीं होने दें। यह बात डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ शालिनी सक्सेना ने कही।

### मोबाइल से दूरी बनाएं विद्यार्थी: अनूप सिंह बैस

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अनूप सिंह बैस ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों से मोबाइल फोन से दूरी बनाकर परिवार के साथ अधिक समय बिताने का आग्रह किया। लायन एमके जैन ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील होना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### मानसिक रूप से सशक्त बने विद्यार्थी

मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. रूमा भट्टाचार्य ने कहा कि यदि मन स्वस्थ है तो जीवन की हर चुनौती का सामना किया जा सकता है। प्रसन्नता बाहर से नहीं आती, यह भीतर से महसूस की जाने वाली अनुभूति है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रत्येक चुनौती को अवसर के रूप में देखने और मानसिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया।

---

## निगम में अभी फेस अटेंडेंस का दो दिन तक ट्रायल, 10 दिन बाद सभी के लिए होगा लागू

- 12 हजार कर्मचारियों ने फेस अटेंडेंस के लिए कराए हैं पंजीयन
- जोन स्तर पर अटेंडेंस शुरू, वार्ड कार्यालयों में तकनीकी दिक्कतें, जिन्हें किया जा रहा है दूर
- लगाई जा रही हैं फेस रिकॉग्नाइजेशन सिस्टम से लैस फेस डिटेक्शन मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम में काम करने वाले कर्मचारी अब न सिर्फ समय पर ड्यूटी पहुंचेंगे, बल्कि उन्हें अपने वर्किंग एरिया की रेंज में रहना होगा। तभी उनकी अटेंडेंस लग पाएगी अन्यथा इसका खामियाजा उन्हें वेतन कटौती के रूप में भुगतना पड़ेगा।

निगम प्रशासन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड फेस रिकॉग्निशन अटेंडेंस सिस्टम के तहत फेस डिटेक्शन मशीनें जोन और वार्ड कार्यालयों में लगवाई हैं। जोन स्तर पर दो दिवसीय ट्रायल चल रहा है जबकि वार्ड स्तर पर अभी तकनीकी कमियों को दूर किया जा रहा है।

### जोन और वार्ड कार्यालयों में मशीनें हो रही हैं इंस्टॉल

नगर निगम के जोन और वार्ड कार्यालयों सहित अन्य कार्यालयों में मशीनें इंस्टॉल हो रही हैं। कई जोन कार्यालयों में इन मशीनों ने काम करना शुरू कर दिया है।

अभी तक करीब 100 से ज्यादा फेस डिटेक्शन मशीनें लगाई जा चुकी हैं। इनके इंस्टॉलेशन का काम निगम का आईटी सेल कर रहा है।

नई अटेंडेंट व्यवस्था के तहत 12 हजार कर्मचारियों ने पंजीयन कराए हैं।

4 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को भी पंजीयन कराना होगा।

---

## करणी सेना की प्रदेश अध्यक्ष बनीं किरण सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



श्री राजपूत करणी सेना में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए संगठन ने किरण सिंह राठौड़ को मप्र महिला इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराणा की सहमति से की गई है। प्रदेश प्रभारी दिलीप सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष सहेन्द्र सिंह ने किरण सिंह राठौड़ को यह जिम्मेदारी सौंपी है। भोपाल जिलाध्यक्ष हेमंत सिंह सुरेंद्र सिंह विक्रम सिंह ठाकुर संजय सिंह ठाकुर सहित संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने किरण सिंह का स्वागत किया।

---

## मोटर व्हीकल एक्ट का पालन नहीं कर रहे 5 वाहनों पर लगाया 55 हजार का जुर्माना

**रायसेन और नर्मदापुरम रोड पर आरटीओ का चेकिंग अभियान जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के रायसेन, नर्मदापुरम, विदिशा, सीहोर, ब्यावरा रोड सहित विभिन्न मार्गों पर आरटीओ की कार्रवाई जारी है। मोटर व्हीकल एक्ट व सुप्रीम कोर्ट की गाडलाइन का पालन नहीं करने वाली स्कूल-कॉलेज बसों सहित अन्य यात्री वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। श्मन शुल्क लिया जा रहा है। चेकिंग अभियान के स्कूल, यात्री बसों सहित अन्य अन्य वाहनों में कई कमियां व खामियां देखने को मिल रही हैं। बसों में लगे फर्स्ट एंड बॉक्स में दवाएं नहीं होती हैं। साइड ग्लास टूटे हैं, तो टायर पूरी तरह से घिस चुके हैं। बीमा, परमिट, फिटनेस, पीयूसी भी वाहनचालक नहीं दिखा पा रहे हैं। ऐसे वाहनों पर तत्काल जब्त करने व श्मन शुल्क लगाने की कार्रवाई की जा रही है।





### वाहनों में मिलीं भारी अनियमितताएं

शनिवार को आरटीओ उड़नदस्ते ने शहर के विभिन्न मार्गों पर 30 वाहनों की चेकिंग की। इनमें 7 वाहनों पर कर्रवाई की गई। जरूरी कागजात नहीं मिलने,तो बिना फिटनेस के बस संचालित मिली। क्षमता से अधिक यात्री बैठाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों विभिन्न कमियां मिलने पर लगभग 55000 रुपए का श्मन शुल्क लिया। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा के निर्देश पर बसों समेत अन्य वाहनों का चेकिंग अभियान निरंतर जारी है। नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

---

आरकेएमपी के लिए कई बार प्रपोजल गया, रेलवे बोर्ड की हरी झंडी का इंतजार, सिर्फ 50 जोड़ी गाड़ियों के स्टॉपेज

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का दबाव, रानी कमलापति को अभी भी गाड़ियों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन में गाड़ियों की संख्या और यात्रियों की बढ़ती संख्या से स्टेशन पर दबाव बढ़ता जा रहा है। वहीं रानी कमलापति स्टेशन में अभी भी गाड़ियों का इंतजार है भोपाल स्टेशन की बात करें तो लगभग 70 से 75 जोड़ी यात्री ट्रेनों के स्टॉपेज है। जिनमें प्रीमियम गाड़ी सहित रूटीन व शटल गाड़ियां है। दूसरी तरफ रानी कमलापति स्टेशन में सिर्फ 50 जोड़ी गाड़ियों के स्टापेज है। वहीं प्लेटफार्म नंबर चार, पांच और छह पर दिनभर ट्रेनों के खड़े रहने से यात्रियों और रेलवे प्रशासन दोनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन प्लेटफार्म पर पहले से ट्रेनें खड़ी होने के कारण दूसरी ट्रेनों को जगह नहीं मिल पाती। कई बार एक ही समय पर दो ट्रेनों के आने से, एक ट्रेन को आउटर पर ही खड़ा रहना पड़ता है। यदि प्लेटफार्मों को अनावश्यक रूप से खाली रखा जाए तो आउटर पर खड़ी ट्रेनों की समस्या को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। साथ ही, जो ट्रेनें लंबे समय तक भोपाल स्टेशन पर खड़ी रहती हैं, उन्हें रानी कमलापति स्टेशन से भी संचालित किया जा सकता है। इससे पुराने और नए शहर दोनों हिस्सों के यात्रियों को सुविधा होगी, क्योंकि उन्हें ट्रेन पकड़ने के लिए केवल भोपाल स्टेशन ही नहीं आना पड़ेगा। इसके अलावा प्लेटफार्म पर अधिक ट्रेनों को ठहराने की व्यवस्था भी सुगम हो सकेगी।

**निशातपुरा स्टेशन शुरू होने से कम होगा दबाव, पिट लाइन की कमी से यात्री परेशान**





### निशातपुरा स्टेशन शुरू होने से कम होगा दबाव

निशातपुरा स्टेशन बन कर पिछले दो वर्षों से उदघाटन का इंतजार कर रहा है लेकिन रेलवे बोर्ड ने आज तक निशातपुरा में रूकने वाली गाड़ियों को हरी झंडी नहीं दिखाई। जबकि भोपाल मंडल के अधिकारियों ने कई बार गाड़ियों की लिस्ट भेजी है। वहीं स्टेशन पर कैटरिंग सहित पार्किंग के टेंडर भी रद्द किए गए।

### पिट लाइन की कमी

इस समस्या की सबसे बड़ी वजह भोपाल स्टेशन पर पर्याप्त पिट लाइन का अभाव है। पिट लाइन वह जगह होती है, जहां ट्रेनों की सफाई, जांच और तकनीकी कार्य किए जाते हैं। पिट लाइन न होने के कारण ट्रेनों को सीधे प्लेटफार्म पर ही खड़ा करना पड़ता है। इससे न सिर्फ प्लेटफार्म लंबे समय तक ब्लॉक रहते हैं, बल्कि समयबद्ध संचालन भी प्रभावित होता है। भोपाल से अधिकांश ट्रेनें शाम चार से छह बजे के बीच चलती हैं। यह वही समय है जब शहर में कार्यालय से लौट रहे लोगों का दबाव बढ़ा होता है। इसके अलावा, रेलवे स्टेशन पर मेट्रो निर्माण कार्य भी स्टेशन तक पहुंचने में कठिनाई पैदा कर रहा है।

### प्रस्ताव दिया है

भोपाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के साथ यात्रियों का दबाव भी अधिक है। ऐसे में रेलवे कुछ ट्रेनों को रानी कमलापति स्टेशन से संचालित कर सकता है, हमने मीटिंग में ट्रेनो का प्रस्ताव दिया था। रानीकमलापति में ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़े से नए शहर के लोगों को सुविधा मिलेगी और ट्रैफिक भी कम होगा।

- मुकेश अवस्थी, सदस्य, क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्मा परामर्शदात्रि समिति, पमरे

## खबर संक्षेप




### ननि ने अस्पताल संचालक से वसूला 10 हजार रुपए स्पॉट फाइन

**भोपाल।** नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने नेहरू नगर क्षेत्र में संपत्ति विरूपित करने वाले एके अस्पताल संचालक से 10 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया। अमले ने शहर के सभी जोन क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 248 प्रकरणों में 49 हजार 700 रूपए वसूल किए।

### फूड लेबोरेटरी को मिली एनएबीएल की मान्यता अब जल्दी मिलेगी रिपोर्ट

**भोपाल।** राजधानी के ईदगाह हिल्स स्थित खाद्य सुरक्षा विभाग की प्रदेश की राज्य स्तरीय लेबोरेटरी को 4 महीने बाद एनएबीएल की मान्यता मिल गई है। अब यहां पर 4 हजार से ज्यादा दूध, मावा, पनीर, घी, अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपलों की रिपोर्ट जारी की जाएगी, जिसमें भोपाल के 200 से ज्यादा लीगल सैंपल की रिपोर्ट शामिल हैं। अफसरों का कहना है कि एनएबीएल की मान्यता मिलने के बाद लीगल सैंपल की पेंडिग रिपोर्ट मिलना शुरू हो जाएंगी।

### शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आज निकलेगा भव्य पथ संचलन

**मंडीदीप।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर औद्योगिक मंडीदीप नगर में रविवार को भव्य पथ संचलन का आयोजन किया जा रहा है। पथ संचलन दोपहर 3 बजे शहर की अलग-अलग वस्तियों से शुरू होकर स्टेशन रोड, रेलवे ब्रिज के पास एत्रित होकर मंगल बाजार स्थित शासकीय खेल मैदान पहुंचकर पूर्ण होगा। पथ संचलन में करीब 5 हजार स्वयं सेवकों के शामिल होने की उम्मीद हैं।

### पत्रकार अजय मालवीय की माता का निधन

**औबेदुल्लागंज।** शनिवार सुबह करीब 8 बजे शरद मालवीय,



पत्रकार अजय मालवीय की माता कलावती का अचानक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार औबेदुल्लागंज शमशान घाट पर दोपहर 2 बजे उकने बड़े बेटे शरद मालवीय ने किया। इस अवसर पर शोक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की, जिसमें सरदार मंजीत सिंह, राजेश दीक्षित, कलचुरी समाज के अध्यक्ष श्याम मालवीय, पेंशनर समिति के अध्यक्ष नवल मालवीय, विमल राय, मनोज चौरसिया, गिरीश चावला, रामकिशोर नंदवंशी, प्रेस क्लब के भारत निहाल, भूपेंद्र मेहरा, योगेंद्र पटेल, सुदामा तिवारी, रवि शंकर राय, तरुण जैन आदि शामिल हुए।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2707 | | |
| दिनः | 225 | 97 | 124 |
| रातः | 256 | 30 | 460 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 455 | 43 | 346 |
| रातः | 137 | 11 | 146 |

# मंडीदीप में खाद्य विभाग ने की छापामार कार्रवाई, सड़ी फफूंद लगी मिठाइयां कराई नष्ट, अन्य दुकानों से लिए सैंपल

**त्यौहार से पहले जागा खाद्य एवं औषधि विभाग का अमला, दुकानदारों में हड़कंप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक शहर मंडीदीप में शनिवार को जिला मुख्यालय से आई खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने मिठाई की दुकानों पर अचानक छापेमारी कार्रवाई की। इस दौरान विभाग ने दुकानों पर निर्मित मिठाइयों और कच्चे माल के सैंपल लिया, साथ ही कई दिनों से रखी सड़ी और फफूंद लगी मिठाइयों को मौके पर ही नष्ट कराया। विभाग की कार्रवाई जैसे ही दुकानदारों को भनक लगी, तो शहर के रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकानों में हड़कंप मच गया।

सूत्रों के अनुसार, कुछ दुकानदारों ने कार्रवाई की जानकारी मिलते ही अपने प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई शुरू कर दी और खराब व पुराने खाद्य पदार्थों को हटा लिया। विभाग द्वारा गज्जू पिपलिया रोड, स्टेशन रोड सहित मंगल बाजार स्थित दुकानों पर कार्रवाई करते हुए खाद्य सामग्री के नमूने लिए हैं।



**अमानक स्तर की खाद्य सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए की कार्रवाई**

खाद्य विभाग के प्रभारी धर्मेंद्र नूनइयां ने बताया कि त्यौहारी सीजन को देखते हुए अमानक स्तर की खाद्य सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि विभाग भविष्य में भी ऐसी जांच और कार्रवाई जारी रखेगा, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके।

**त्यौहार से पूर्व कार्रवाई सवालों के घेरे में अमला**

रायसेन जिला मुख्यालय पर खाद्य एवं औषधि विभाग का अमला कार्यरत रहता है, लेकिन विभाग द्वारा खाद्य सामग्री की नियमित जांच नहीं की जाती है। विभाग द्वारा त्यौहारों से पूर्व सक्रियता दिखाई जाती है। कांग्रेस नेता मनीष मालवीय कहते हैं कि विभाग को शहर में बिकने वाली खाद्य सामग्री की नियमित जांच करना चाहिए, जिससे लोगों को गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ मिल सके, लेकिन खाद्य विभाग का अमला सिर्फ त्यौहार पूर्व ही कार्रवाई कर दुकानदारों से बड़े पैमाने पर वसूली करता है।

## बुजुर्ग महिला के हाथ से बैग झपटकर ले गए बाइक सवार

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित विवेक अपार्टमेंट डॉक्टर तोमर के घर के सामने शुक्रवार शाम बाइक सवार बदमाश बुजुर्ग महिला का बैग छीन लिया। बैग में दो हजार रुपए की नगदी, मोबाइल, सहित एटीएम और दस्तावेज थे। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार देवेंद्र नारायण पांडे (50) लाला लाजपत अपार्टमेंट, 12 नंबर स्टाफ हबीबगंज में रहते हैं और मीडियाकर्मी हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे मूलतः सतना के रहने वाले हैं। उनकी मां पुष्पा पांडे (72) सतना में रहती है और अक्सर उनके घर भोपाल आती है। मां अभी आई हुई है। शुक्रवार को मां पुष्पा पांडे 12 नंबर मार्केट होते हुए घर की तरफ लौट रही थीं। इसी दौरान शुक्रवार शाम करीब सवा 7 बजे वह विवेक अपार्टमेंट में डॉक्टर तोमर के मकान के सामने पहुंची ही थी कि पीछे से काले रंग की बाइक पर आए तीन बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने मां के हाथ से बैग झपट लिया। मां कुछ समझ पाती इससे पहले ही बदमाश तेजी से बाइक लेकर फरार हो गए। मां ने घटना क जानकारी घर पहुंचकर दी। इसके बाद वह मां को लेकर थाने गए और शिकायत दर्ज कराई।

**औबेदुल्लागंज पुलिस ने कुछ ही घंटों में किया युवती के अंधे कत्ल का खुलासा**

# युवती ने शादी का दबाव बनाया तो प्रेमी ने केरी टॉप डैम ले जाकर गला घोंटकर हत्या कर दी

**आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की पूछताछ में हत्या करना स्वीकारा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पुलिस ने एक युवती की हत्या का सनसनीखेज मामला कुछ ही घंटों में सुलझा लिया। 9 अक्टूबर को थाना औबेदुल्लागंज में सूचना प्राप्त हुई थी कि बरखेड़ा के जंगल में केरी टॉप डैम के पास झाड़ियों में एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। शव के सिर से खून बह रहा था और गले पर भी गंभीर चोटें थीं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने निरीक्षण कर पाया कि मृतका की पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को झाड़ियों में फेंका गया था। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को शासकीय अस्पताल औबेदुल्लागंज की मरचुरी में सुरक्षित रखवाया गया। प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या व सबूत छिपाने से संबंधित पाया गया, जिस पर विधिसंगत धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रायसेन पंकज कुमार पांडेय ने तत्काल आरोपी की पतारसी और गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसेन कमलेश कुमार खरपूसे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी औबेदुल्लागंज शीला सुराणा एवं थाना प्रभारी निरीक्षक बी.पी. सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मृतका और आरोपी की पहचान के लिए मुखबिर तंत्र, सोशल मीडिया और सीसीटीएनएस एप्लिकेशन के माध्यम से व्यापक खोजबीन शुरू की। मृतका की पहचान थाना शाहगंज की लापता महिला के रूप में हुई। परिजनों ने दीपक गौर उर्फ जसी, निवासी शाहगंज, पर हत्या का संदेह व्यक्त किया। शाहगंज पुलिस की सहायता से संदिग्ध दीपक गौर को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया कि मृतका के साथ उसके प्रेम संबंध थे, लेकिन विवाह के दबाव के कारण उसने उसे बाइक से बरखेड़ा जंगल ले जाकर केरी टॉप डैम के पास गला दबाकर हत्या कर दी तथा पहचान छिपाने के लिए सिर पर पत्थर से वार किया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

**खास बातें**

- पहचान छिपाने के लिए सिर पर पत्थर से वार किया
- पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया



**पुलिस अधीक्षक ने की पुरस्कार देने की घोषणा**

दीपक गौर उर्फ जसी, पिता रामकृष्ण गौर (24) निवासी शाहगंज, जिला सीहोर के रूप में की। गौरतलब है कि आरोपी के विरुद्ध थाना शाहगंज में पूर्व में भी कई अपराध दर्ज हैं। एसडीओपी औबेदुल्लागंज शीला सुराणा, निरीक्षक बी.पी. सिंह, आदेश चौरे वटकर, सउनि. संजीव आरक्षक ऋषभ याद्व ने सराहनीय भूमिका निभाई। इनके अतिरिक्त ममता पानसे, उनि. डी.पी. सिंह चौहान (थाना औबेदुल्लागंज), अभिषेक यागी, सउनि. मोह. शफीक, आरक्षक तथा आरक्षक दिनेश झरवड़े ने भी मामले के त्वरित खुलासे में योगदान दिया। पुलिस अधीक्षक रायसेन पंकज कुमार पांडेय द्वारा इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की।

**मंडीदीप पुलिस ने डेढ़ वर्ष पुरानी सनसनीखेज हत्या का किया खुलासा, 3 गिरफ्तार**

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में मंडीदीप पुलिस ने डेढ़ वर्ष पहले हुई एक सनसनीखेज हत्या की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है। 11 अप्रैल 2024 को अशोक कुमार लोधी, निवासी ग्राम पोलाहा को घायल अवस्था में परिजनों द्वारा एम्स अस्पताल, भोपाल ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जांच में मामला मर्ग के तहत दर्ज किया गया था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों के बयान, स्वतंत्र साक्षियों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पता चला कि अशोक कुमार की मौत मारपीट के दौरान लगी चोटों के कारण हुई। घटना के दिन वह शाम 4 बजे घर से निकला था, जहां उसका किसी के साथ विवाद हुआ, जिसके परिणामस्वरूप उसकी हत्या कर दी गई। इस आधार पर 7 मई 2025 को थाना मंडीदीप में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 178/25, धारा 302, 34 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। डेढ़ साल बाद 8 अक्टूबर 2025 को पुलिस ने तीन आरोपियों राजकुमार लोधी (27), रोहित लोधी (30) और अंकित लोधी (26) सभी निवासी ग्राम समनापुर खुर्द को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया।

## मामा-भांजे की बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, भांजे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भोपाल-विदिशा रोड पर जैन आटा चक्की के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मामा-भांजे को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर गए थे। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। इधर, गंभीर रूप से घायल भांजे को मामा अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार विवेक यादव पिता नेपाल सिंह यादव (15) सूखी सेवनिया थाने के पीछे रहता था और दसवीं कक्षा में पढ़ता था। शुक्रवार को उसके करोंद निवासी मामा अमित यादव उसके घर पहुंचे। वह मामा के साथ उनकी बाइक से करोंद जाने के लिए तैयार हो गया। दोनों बाइक से करोंद जाने के लिए निकले थे। भोपाल विदिशा हाइवे पर जैन आटा चक्की के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक में पीछे बैठे विवेक को गंभीर चोट आई थी। मामा उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां करीब 11 बजे विवेक की मौत हो गई।

### पिता से शराब के लिए पैसे मांगे, नहीं देने पर फेंका खाना और कमरे में जाकर लगा ली फांसी

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित संत आशाराम नगर में चौकीदार के बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह शराब पीने का आदी था और शुक्रवार रात शराब के नशे में घर पहुंचा था। उसने पिता से और शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे नहीं देने पर दुखी होकर कमरे में चला गया। सुबह उसकी लाश पंखे पर फांसी के फंदे पर लटकी मिली। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार अरुण उर्फ शानू पिता घनश्याम चौधरी (32) संत आशा नगर, कटारा हिल्स में रहता था और पुताई के ठेके लेता था। उसके पिता संत आशाराम नगर में चौकीदारी करते हैं। यहां चौकीदारी करने के कारण उन्हें संत आशाराम नगर में खाली फ्लैट रहने के लिए दिया गया है। उनका बेटा अरुण शराब पीने का आदी था। शुक्रवार रात अरुण शराब पीकर आया। उसने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे नहीं होने पर घनश्याम ने उसे मना कर दिया। कुछ देर बाद घनश्याम उसके पास खाना लेकर पहुंचे। नाराज होकर उसने खाना फेंक दिया और अमने कमरे में चला गया। सुबह घनश्याम उसे उठाने के लिए उसके कमरे में पहुंचे तो वह फांसी लगा चुका था।



## त्यौहार के नजदीक आते ही सड़कों पर बढ़ता है दबाव

**औबेदुल्लागंज।** त्यौहार के नजदीक आते ही नगर की सड़कों पर ट्रैफिक दबाव बढ़ जाता है। मेन रोड सीताराम चौराहा, बस स्टैंड, गोहरगंज रोड, बरखेड़ा रोड पर फुटपाथ और सड़क किनारे पर व्यापारी सामान फैला कर विक्री करने लगते हैं, जिससे आम लोगो को बड़ी ही परेशानी होती है। वहीं यातायात व्यवस्था भी अस्त व्यस्त हो जाती है और जाम लग जाता है। वहीं दुकानदार भी अपने दुकान का सामान सड़क तक फैला कर रखता है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। इधर बाजार में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग अपने-अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर सामान खरीदने में लग जाते हैं, जिससे लोगों को वाहन तो दूर पैदल निकलना भी दूभर हो जाता है। नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को सांभलने के लिए कहीं भी ट्रैफिक पुलिस दिखाई नहीं देती।

### महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रख की पूजा, पति की लंबी उम्र के लिए की कामना



**तामोट।** पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्यवती की कामना को लेकर विवाहित महिलाओं ने श्रद्धा पूर्वक व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। चंद्र देव के निकलने पर उन्हें अर्घ्य देकर पति के हाथों से जल ग्रहण किया। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान के निवास पर महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर मां पार्वती की पूजा-अर्चना विधि विधान से किया। इसके बाद चंद्र देव का दर्शन कर छलनी से पति के दर्शन कर उनके हाथों से पानी पीकर व्रत खोला। नगर में कई सजगह महिलाओं ने सामूहिक पूजा अर्चना कर व्रत पूरा किया।

### पूर्व मंत्री डॉ. चौधरी और पटवा से ओपी मीणा ने की चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी के साथ विधायक सुरेंद्र पटवा ने जिला भाजपा उपाध्यक्ष, जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष ओपी मीणा के साथ सामान्य चर्चा की और राजनीतिक स्मृतियां व अनुभव साझा किए।



**विद्यालय प्रांगण में विदाई एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित**

## एनसीसी कैडेटों को स्कॉलरशिप और सरकारी नौकरियों में आरक्षण का मिलता है लाभः ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर




नवयुवक सभा द्वारा संचालित अनन्दराम टी. शाहानी कन्या उ. मा. विद्यालय प्रांगण में विदाई एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं संत हिरदाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। सीनियर कैडेट को जूनियर कैडेट के द्वारा विदाई दी गई। विद्यालय द्वारा जूनियर कैडेट का एनसीसी परिवार मे स्वागत किया गया। सीनियर कैडेट द्वारा एनसीसी के दो वर्ष के सफर व कैंप के अनुभव को साझा किया।

जूनियर कैडेट ने अपने उद्बोधन में विद्यालय प्रबंध समिति एवं शिक्षिकाओं की प्रशंसा की और कहा प्रबंध समिति एवं शिक्षकों का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमें हमेशा मिलता रहा, जो हमें आगे बढ़ने और स्वस्थ रहने की प्रेरणा देता हैं। इस अवसर पर संस्था के मुख्य सलाहकार विष्णु गेहानी ने अपने उद्बबोधन में विद्यालय की प्रशंसा करते हुए एनसीसी की उपलब्धियों के बारे में बताया। सचिव सुरेश राजपाल ने अपने जूनियर कैडेट का स्वागत किया। एसोसीएट एनसीसी ऑफिसर सना महफ़ूज ने बताया कि एनसीसी का उद्देश्य नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना विद्यार्थीयों में विकसित करना। अनन्दराम टी. शाहानी कन्या उ. मा. विद्यालय प्राचार्या ज्योति चौहान ने बताया कि एनसीसी कैडेटों को स्कॉलरशिप और सरकारी नौकरियों में आरक्षण जैसे लाभ मिलते हैं। इस अवसर पर सीनियर कैडेट को उपहार व अवॉर्ड से सम्मानित किया। जूनियर कैडेट को उपहार देकर स्वागत किया गया।

**नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में प्रदर्शनी का किया आयोजन**

## प्रदर्शनी 'उजियारा उत्सव' में दिखी छात्राओं की अद्भुत प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कला और शिल्प पर आधारित प्रदर्शनी 'उजियारा उत्सव' का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा को विविध कलाकृतियों के माध्यम से अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। कला प्रदर्शनी में कक्षा तृतीय की छात्राओं ने वॉल हैंगिंग, कक्षा चतुर्थ की छात्राओं ने दीया डेकोरेशन, कक्षा पांचवीं की छात्राओं ने कार्ड मेकिंग, कक्षा छठी की छात्राओं ने तोरण मेकिंग, कक्षा सातवीं की छात्राओं ने मटकी डेकोरेशन, बाटल डेकोरेशन एवं थाली डेकोरेशन, कक्षा आठवीं की छात्राओं ने दीया होल्डर मेकिंग, कैंडल होल्डर डेकोरेशन तथा कलश डेकोरेशन, और कक्षा नवमीं की छात्राओं ने कागज़ की रंगोली एवं अन्य रचनात्मक कलाएं प्रदर्शित कीं।

प्रदर्शनी के आयोजन के लिए शनिवार को इसलिए निर्धारित किया गया, क्योंकि शनिवार को विद्यालय में पैरंट टीचर मीटिंग थी, जिसके अवसर पर सभी अभिभावकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्राओं की कलात्मक प्रतिभा एवं उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि यह मन को संवेदनशील और दृष्टिकोण को व्यापक बनाती है। उजियारा उत्सव जैसी प्रदर्शनियां बच्चों में रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करती हैं और उन्हें अपने कौशल पर विश्वास करने की प्रेरणा देती हैं।



**विधायक शर्मा ने व्यापारियों, कार्यकर्ताओं एवं जिला प्रशासन के साथ किया निरीक्षण**

## निर्माणाधीन एलिवेटेड ओवर ब्रिज के नीचे कट पॉइंट देकर अब बनाई जाएगी अस्थाई पार्किंग व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर के मुख्य मार्ग पर एलिवेटेड का निर्माण जारी है। ऐसे में यहां पार्किंग को सुव्यस्थित करने के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा ने शनिवार को स्थानीय व्यापारियों कार्यकर्ताओं एवं जिला प्रशासन के साथ निरीक्षण किया। विधायक शर्मा ने नागरिकों की सहूलियत के लिए अलग-अलग स्थानों पर अस्थाई पार्किंग व्यवस्था के निर्देश दिए है।

विधायक शर्मा ने कहा कि त्यौहारी समय है इस दौरान संत नगर में अतिरिक्त ट्रैफिक दवाब रहता है। भोपाल सहित प्रदेश के अन्य जिलों के भी नागरिक एवं व्यापारी यहां खरीदारी के लिए आते हैं। इंदौर मार्ग पर एलिवेटेड का निर्माण बहुत तेजी से जारी है। काम के साथ-साथ बेहतर ट्रैफिक एवं पार्किंग प्रबंधन कैसे हो इसको लेकर शनिवार को प्रशासन एवं निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया है। ट्रैफिक पुलिस के अतिरिक्त जवानों के साथ-साथ एलिवेटेड निर्माण एजेंसी के प्राइवेट कर्मचारी भी ट्रैफिक व्यवस्था एवं पार्किंग को सुव्यवस्थित बनाने में अपना सहयोग देंगे। ज्ञात हो की संत नगर मुख्य मार्ग इंदौर रोड पर 305 करोड़ की लागत से बहुत तेजी से एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है, जिसका कार्य बहुत तेजी से जारी है।

**छठ पूजा घाट पर व्याप्त अव्यवस्था देखकर नाराजगी व्यक्त की**



संत नगर में निरीक्षण करने पहुंचे विधायक रामेश्वर शर्मा ने झूलेलाल विसर्जन घाट जहां छठ का पर्व भी मनाया जाता है, उसका भी अवलोकन किया। घाट पर व्याप्त अव्यवस्था को देखकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा जल्द से जल्द व्यवस्था को सुद्रण करो जल्द ही फिर दौरा करूंगा। निरीक्षण के दौरान व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित अपर आयुक्त नगर निगम हर्षित तिवारी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बसंत कौल, एसडीएम रविशंकर राय, सहायक पुलिस आयुक्त देवेन्द्र यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रंगमंडल रेपर्टरी की पुनर्स्थापना, भारत भवन एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन में 13 फरवरी को स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रंगमंडल रेपर्टरी की पुनर्स्थापना की घोषणा की थी। जिसके फलस्वरूप 11 अक्टूबर को भारत भवन एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के मध्य (एमओयू) किया गया है। सीएम डॉ. यादव और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में शनिवार शाम भारत भवन के अंतरंग सभागार में दो अनुबंध निष्पादित हुए। प्रथम अनुबंध भारत भवन और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के बीच औ दूसरा पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के मध्य हुआ। प्रथम अनुबंध के अनुसार भारत भवन में रंगमंच की गतिविधियों का विस्तार होगा। द्वितीय अनुबंध के अंतर्गत प्राचीन स्मारकों के विकास के साथ वहां सांस्कृतिक आयोजन का संपादन, संचालन होगा।

भारत भवन में रंगमंच की गतिविधियों के विस्तार के साथ होगा प्राचीन स्मारकों का विकास

## पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के बीच भी हुआ एमओयू




### मप्र के रंगकर्म को विकसित करने में एनएसडी रहेगा प्रमुख सहयोगी

भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेमशंकर शुक्ला ने बताया कि रंगमंडल, भारत भवन का गौरवशाली अतीत रहा है। इस गौरवशाली अतीत की पुनर्प्रतिष्ठा यह एम.ओ.यू. किया गया है। इससे राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के रंग विशेषज्ञों के अनुभव एवं ज्ञान का साथ तो रंगमण्डल भारत भवन को मिलेगा ही, मध्यप्रदेश में रंगकर्म को विकसित करने में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एक समर्थ सहयोगी के रूप में भूमिका निभाएगा।

## एएसआई संरक्षित स्मारकों का हो सके संरक्षण....




मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के बीच एक एमओयू किया गया है। इस एम.ओ.यू. का मुख्य उद्देश्य म.प्र.शासन और एएसआई. के सहयोग ए.एस.आई. संरक्षित स्मारकों का संरक्षण, सौंदर्यीकरण, पर्यटन अधोसंरचना, सेवाओं एवं जन-सुविधाओं का विकास होगा।

## 'अंकिया नाट' के रूप में जानी जाती है श्रीराम विजय भावना कथा



**भोपाल।** जनजातीय संग्रहालय में आयोजित एकाग्र पुतुल समारोह में शनिवार को बिनिता देवी एवं साथी-गुवाहाटी द्वारा रावण वध, राम विजय भावना कथा को धागा, छड़, छाया शैली में प्रस्तुत किया गय। श्रीराम विजय भावना क था मनोरंजन का एक पारंपरिक रूप है, जो हमेशा धार्मिक संदेशो के साथ, भारत के असम में प्रचलित है। यह महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव द्वारा रचित एक रचना है, जो 16वीं शताब्दी के प्रारंभ में लिखी गई थी। उन्होंने मनोरंजन के माध्यम से ग्रामीणों को धार्मिक संदेश देने के लिए इस रूप की रचना की।

- पांच दिवसीय पुतुल समारोह 12 तक
- अलग-अलग राज्यों की कठपुतली कलाओं का प्रदर्शन

### चौदह वर्षों के लिए वनवास से होती है शुरुआत

कठपुतली नाटक रावण वध की शुरुआत भगवान श्रीराम के वनवास और पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अपने पिता को दिए गए वचन के अनुसार चौदह वर्षों के लिए वनवास से होती है। वन में रावण सीता का हरण कर लेता है। श्रीराम ने श्रीहनुमान को अपनी अंगूठी माता सीता को देने के लिए कहा। श्रीहनुमान ने श्रीराम की अंगूठी के साथ माता सीता को अपना परिचय दिया और फिर उन्हें श्रीराम के सेना सहित आने की सूचना दी और अंततः भगवान श्रीराम लंका आकर रावण का वध करते हैं ।

## मिंटो हॉल में मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट के प्रथम दिवस फैशन शो के साथ नृत्य प्रस्तुति





# प्रदेश के सांस्कृतिक वैभव के साथ पर्यटन की खूबियां दिखाती 'अमृतस्य मप्र' की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक वैभव, प्रदेश की समृद्ध पर्यटन को दिखाती अमृतस्य मध्यप्रदेश, नृत्य नाटिका की प्रस्तुति, मैत्रेई पहाड़ी की कोरियोग्राफ़ी में 150 कलाकारों ने भव्य मंच से नृत्य के माध्यम से मध्यप्रदेश के कला और संस्कृति के संगम को दर्शाया। कोई आस्था की कथा कह रहा था, तो फैशन शो में मॉडल्स के द्वारा मध्यप्रदेश के टेक्सटाइल के सौंदर्य और समृद्धि को बयां करती प्रस्तुति का संयोजन देखने को मिला कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल), में आयोजित मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट के प्रथम दिवस। इस कार्यक्रम में 27 विभिन्न देशों के अंतर्राष्ट्रीय टूर ऑपरेटर्स, भारत के विभिन्न राज्यों से आए राज्य के प्रतिनिधि सहित जानी मानी फिल्मी हस्तियों ने शिरकत की।



### कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, मणिपुरी का उचित संयोजन अमृतस्य मध्यप्रदेश

अमृतस्य मध्यप्रदेश की 34 मिनट की प्रस्तुति में देश—विदेश के लोगों ने देश के हृदयप्रदेश के हर पक्ष को देखा और सराहा। इस प्रस्तुति में कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, मणिपुरी, मोहिनीअट्टम, कुचिपुड़ी के साथ ही मध्यप्रदेश का बधाई, बरेदी, मटकी और गोंड नृत्य शामिल रहे।





### एकता कपूर, परवीन चंदर कुमार की वन—टू—वन चर्चा

जिसमें वन—टू—वन चर्चा प्रसिद्ध फिल्म निर्माता एकता कपूर, प्रसिद्ध अभिनेता गजराज राव व रघुवीर यादव, आईएचसीएल के ईवीपी परवीन चंदर कुमार पोस्ट कार्ड होटल्स के को—फाउंडर अनिरुद्ध कांडपाल शामिल थे।

### ट्रेडिशनल के साथ इंडो वेस्टर्न अटायर में रैंप वॉक

साथ ही कार्यक्रम में प्रदेश के टेक्सटाइल सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता फैशन शो भी लोगों के बीच भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें मॉडल्स ने ट्रेडिशनल के साथ इंडो वेस्टर्न अटायर में बाग, बटिक, चंदेरी, माहेश्वरी में रैंप वॉक कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

## प्रयास आर्ट गैलरी का प्रथम वर्षगांठ उत्सव

# रंगों की कविता और रूपों की संगति के रूप में सजे चित्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहीं मां की ममता की झलक तो कहीं वाइल्ड लाइफ के स्केच को कैनवास पर उकेरते चित्र, वहीं कई चित्रों में पुरातात्विक स्थलों का सौंदर्य और एब्सट्रेक्ट फार्म में नजर आते चित्रों से सजी प्रयास आर्ट गैलरी के चित्रों की बात ही जुदा नजर आई। मौका था गैलरी के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य कला प्रदर्शनी का, गैलरी के संस्थापक एवं आयोजक महेश शावरीकर द्वारा सृजनात्मक भावना के साथ प्रस्तुत की गई। उद्घाटन पद्मश्री हरचंदन सिंह भट्टी ने किया। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ कलाकारों, कला समीक्षकों और कला प्रेमियों की उपस्थिति रही।



### दर्शकों की भावनाओं की गहराई को छूता कला का अद्भुत संगम

प्रदर्शनी में देशभर से आए 21 कलाकारों की उत्कृष्ट कृतियां प्रदर्शित की गईं, जिनमें किसी ने जलरंग की पारदर्शिता में जीवन रचा, तो किसी ने अमूर्त कला की गहराइयों में भावनाओं की लहरें बुनीं। चित्रों ने रंग और रूप का ऐसा अद्भुत संगम प्रस्तुत किया कि तो दर्शकों के मन मो गहराई तक छू गया।



# समाज के बदलते स्वरूप का दस्तावेज हैं संजय जैन का कहानी संग्रह ...

## स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में क्लब लिटराटी की साहित्यिक संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में क्लब लिटराटी के द्वारा एक साहित्यिक संध्या का आयोजन किया, जिसमें मप्र के सुप्रसिद्ध लेखक संजय जैन के कहानी संग्रह खुली दराज और बिखरी खुशबूएं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार के.के सक्सेना, साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ. राजेश तिवारी, साधना गंगराडे, अध्यक्ष लेखिका संघ, डॉ. मोहन तिवारी समेत समालोचक चंद्रभान मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन परितोष दुबे ने किया और चर्चा का मॉडरेशन रेखा कस्तवार द्वारा किया गया। विचार विमर्श के दौरान वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि संजय जैन की रचनाएं केवल कथाएं नहीं, बल्कि समाज के बदलते स्वरूप का दस्तावेज हैं जहां हर पात्र जीवन के यथार्थ को प्रतिबिंबित करता है।




### लेखन मेरे लिए समाज से संवाद का माध्यम है

उन्होंने अपने संबोधन में कहा मैं रचनात्मकता का हिस्सा बनना चाहता हूं। लेखन मेरे लिए समाज से संवाद का माध्यम है। उन्होंने यह भी साझा किया कि हर कहानी उनके अनुभवों और संवेदनाओं की उपज है, इस अवसर पर क्लब लिटराटी की अध्यक्ष डॉ. सीमा राय रायजादा ने कहा, इस चर्चा में खुशबू उसी तरह से बिखरी, जिस तरह शरद ऋतु में पारिजात अपनी खुशबू के साथ बिखरता है।

## स्वरांजलि में कुमार राजेश आज देंगे किशोर दा के गीतों की प्रस्तुति

**भोपाल।** पार्श्व गायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर रविवार को स्वरांजलि संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। नर्मदापुरम रोड स्थित किशोर कुमार अकादमी में इस संध्या का आयोजन किशोर कुमार फैंस क्लब (केकेएफसी इंडिया) की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम में किशोर कुमार अकादमी के संस्थापक डॉ. कुमार राजेश किशोर दा के गीतों की प्रस्तुति देंगे। इस दौरान अकादमी के सदस्य भी स्वरांजलि देंगे। कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होगा।



## शिवदयाल की पुस्तक ' जयप्रकाश : परिवर्तन की वैचारिकी ' का विमोचन

# जेपी क्रांति को नैतिक व शास्वत प्रक्रिया मानते थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकनायक जयप्रकाश नारायण समाज को मानसिक रूप से बदलने में विश्वास रखते थे। वे क्रांति को नैतिक और शास्वत प्रक्रिया में देखना चाहते थे। यदि वे कुछ समय और जीवित रहते तो निश्चित ही उस सम्पूर्ण क्रान्ति के अगले चरण के लिए तत्पर होते जो डॉ. राममनोहर लोहिया की ही सप्तक्रांति का दूसरा नाम था। जेपी ने हम सबसे बातचीत में इसकी रूपरेखा बनाई थी, लेकिन उन्हें समय नहीं मिला। समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने शनिवार को गांधी भवन में जयप्रकाश नारायण की जयंती पर हुए वैचारिक विमर्श 'सप्तक्रांति से सम्पूर्ण क्रान्ति ' में यह विचार रखे। समता ट्रस्ट व गांधी भवन ने यह आयोजन किया था, जिसमें माधवराव सप्रे समाचारपत्र संग्रहालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर विशेष रूप से उपस्थित थे।



कार्यक्रम में ' जयप्रकाशः परिवर्तन की वैचारिकी ' पुस्तक का विमोचन हुआ व पटना से आए पुस्तक के लेखक शिवदयाल ने जेपी की विचार व जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला। आयोजन की अध्यक्षता गांधी भवन के सचिव दयाराम नामदेव ने की। कार्यक्रम का संचालन महेश सक्सेना ने व धन्यवाद ज्ञापन समता ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन जैन ने किया। मंच पर शिवदयाल की जीवनसंगिनी आभा सिन्हा, नामदेव व डॉ. शिवा श्रीवास्तव की भी उपस्थिति रही। स्वागत गांधी भवन के अंकित मिश्रा ने किया।

## गौहर महल में लगे दीपोत्सव मेले में आए प्रदेश के विभिन्न अंचलों के कारीगर

# दीपोत्सव मेला बना लोककला, परंपरा और सृजनशीलता का जीवंत प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दीपावली से पहले शहर का गौहर महल इन दिनों रंग, रोशनी और रचनात्मकता से जगमगा उठा है। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित दीपोत्सव मेला खरीददारी के साथ लोककला, परंपरा और सृजनशीलता का एक जीवंत प्रतीक भी बन गया है। मेले के स्टॉलों पर सजे डेकोरेटिव दीयों की चमक लोगों को आकर्षित कर रही है। मिट्टी, धातु और टेराकोटा से बने दीयों को कलाकारों ने आधुनिकता का स्वरूप दिया। पारंपरिक गोल दीयों के साथ कमल आकार, मंदिर झरोखा और गणेश आकृति वाले दीप विशेष ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

### बुनकरों की विरासत ने खींचा ध्यान



मेले में चंदेरी के प्रसिद्ध बुनकर मोहम्मद नफीसुद्दीन द्वारा तैयार की गई 1 लाख 29 हजार रुपये की चंदेरी साड़ी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सोने और चांदी के महीन तारों से बुनी यह साड़ी न केवल शिल्पकला का अद्भुत उदाहरण है, बल्कि चंदेरी की गौरवशाली विरासत का प्रतीक भी है। नफीसुद्दीन बताते हैं कि इस साड़ी को तैयार करने में एक महीने से अधिक समय लगा और इस प्रक्रिया में उनकी चौथी पीढ़ी की बुनाई परंपरा की निपुणता झलकती है।



### 84 हजार की पीतल से बनी नंदी की मूर्ति

84 हजार की पीतल से बनी नंदी की मूर्ति भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। लोक शिल्प और पारंपरिक कला के इस संगम में हर प्रदर्शनी भारतीय सृजनशीलता की कहानी कहती दिखाई दे रही है।





## स्कूली बच्चों ने लिया हिस्सा...

# नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया स्वच्छ भारत अभियान का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निजी स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने 10 नंबर मार्केट में स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से यह संदेश दिया कि हमें सूखे और गीले कचरे को अलग करना चाहिए। इसके साथ ही बताया गया कि प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना चाहिए, और अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए।

दीपावली सदियों से धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व के रूप में मनाई जा रही है। लेकिन अब इसका स्वरूप राष्ट्रीय, आर्थिक और भावनात्मक एकता का रूप ले चुका है। दीपावली की चमक अब केवल तेल के दीयों में नहीं रही बल्कि डिजिटल स्क्रीन, वैश्विक समारोहों, आर्थिक गतिविधियों में भी हर जगह भारत की सांस्कृतिक शक्ति के रूप में झिलमिलाती है।

# धर्म-संस्कृति-आस्था के साथ अर्थव्यवस्था का महापर्व दीपावली









आवरण कथा

शैलेंद्र सिंह

दीपावली अगर पहले के दौर में केवल दीप और पूजा का पर्व था, तो आज यह डिजिटल भारत की संपन्नता और सशक्ति का प्रतीक बन चुकी है। आज हर राज्य, हर भाषा और हर वर्ग के लोग अलग-अलग तरीके से दीपावली को जोरदार तरीके से सेलिब्रेट कर रहे हैं। यह भारत के किसी भी अखिल भारतीय उत्सव का सबसे बड़ा सिंबल है। एक जमाना था, जब गांवों में मिट्टी के दीयों से रोशनी की कतार झिलमिलाती थी। आज उत्तर हो या दक्षिण, पूर्व हो या पश्चिम, देश के सभी शहरों में एलईडी की इंद्रधनुषी झालरें दीपावली के मौके पर संपन्नता की अठखेलियां करती हैं। साथ ही ऑनलाइन दुनिया में डिजिटल ग्रीटिंग्स की भरमार है। दरअसल, दिवाली अब हमारे आर्थिक, सांस्कृतिक वजूद का इंजन बन चुकी है।

### होगी कई लाख करोड़ की खरीदारी

दीपावली अब केवल आस्था का त्योहार नहीं बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का महापर्व है। यकीन न आए तो कुछ आंकड़ों पर गौर कर सकते हैं। साल 2024 की दीपावली तिमाही में खरीदारी तकरीबन 4.5 लाख करोड़ तक पहुंच गई थी। इस साल अनुमान है कि यह आंकड़ा 6 लाख करोड़ तक पहुंचेगा। मतलब बिहार जैसे राज्य के लगभग दो सालों का समूचा सालाना बजट के बराबर दिवाली के मौके पर खरीदारी में खर्च हो जाएगा। अकेले ई-कॉमर्स सेक्टर में ही दीपावली के आस-पास अब तक 90 हजार करोड़ की ऑनलाइन बिक्री हो चुकी है। उम्मीद है कि यह तकरीबन पौने दो से दो लाख करोड़ तक पहुंचेगी। ऑटो मोबाइल्स, रियल एस्टेट, इलेक्ट्रॉनिक और ज्वेलरी जैसे क्षेत्र में इस सीजन बिक्री के नए मानदंड रचे जाने हैं। मतलब यह कि दिवाली अब भारतीय अर्थव्यवस्था की धड़कती नब्ज बन चुकी है।

### डिजिटल कंपनियों को भी रहता है इंतजार

यह त्योहार अब केवल धार्मिक नहीं, आर्थिक और सांस्कृतिक एकता का भी बड़ा अवसर बन चुका है। आज दीपावली एक किसान से लेकर स्टार्टअप फाउंडर तक के लिए आर्थिक रोशनी की नई उम्मीद बनकर आती है। इस डिजिटल युग में दीपावली सिर्फ घरों या मंदिरों तक नहीं सीमित बल्कि सोशल मीडिया, डिजिटल क्रिएटिविटी और तकनीकी नवाचार का त्योहार बन गई है। 'हैप्पी दीपावली' कहना या लिखना, हर साल दुनियाभर के ट्रेंडिंग टॉपिक्स में शामिल रहने वाला सबसे हॉट विषय होता है। गूगल और एप्पल जैसी कंपनियां दीपावली का महीनों पहले से इंतजार करती हैं। इस मौके पर विशेष डूडल और थीम्स जारी करती हैं। डिजिटल आर्टिस्ट और कंटेंट क्रिएटर्स दीपावली को भारतीय पहचान का वैश्विक प्रतीक मानते हैं। भारत के स्टार्टअप इस मौके पर विशेष फेस्टिव कैंपेन लांच करते हैं जैसे- मेड इन इंडिया जिसमें एक नया संदेश छिपा होता है। कहने का मतलब यह कि दीपावली अब घर-घर की नहीं बल्कि स्क्रीन-स्क्रीन की रोशनी बन चुकी है और पूरे भारत को एक डिजिटल सांस्कृतिक धारा में जोड़ रही है।



### बन चुका है ऑल इंडिया फेस्टिवल

आज दीपावली भाषा और क्षेत्र की सीमाओं से परे जा चुकी है। जहां पहले लोग कहते थे कि हर राज्य अपने-अपने तरीके से दीपावली मनाता है, वहीं अब देखा जा रहा है कि यह संपूर्ण भारत का एक साझी रंगत वाला त्योहार बन चुका है। मॉल्स, कालोनियां, ऑफिसेस, हाउसिंग सोसायटी आदि सब जगह दीपावली के अखिल भारतीय सेलिब्रेशन के दर्शन होते हैं। आज दिवाली भाषा, धर्म, क्षेत्र और वर्ग की सीमाओं को लांघकर अखिल भारतीय उत्सव बन चुकी है, जो सभी भारतीयों को एक साझा पहचान देती है।

### विदेशों में भी जगमगाती दीपावली

आज दुनिया में ब्रांड इंडिया की चमक का एक हिस्सा जगमग दीपावली भी है। भारत को वैश्विक ब्रांड के रूप में देखें तो दीपावली उसकी सिग्नेचर इमोशन बन चुकी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई और सिंगापुर में इंडियन दिवाली नाइट आयोजित होती हैं। बुर्ज खलीफा पर भारतीय दिवाली की लाइट शो अब हर साल की परंपरा है। व्हाइट हाउस में, ब्रिटिश पार्लियामेंट और कनाडा में, लेजिसलेचर और दीपावली के दीये जलाना अब ग्लोबल सॉफ्टपावर का प्रतीक है। जरा गौर कीजिए इन आयोजनों के केंद्र में सिर्फ धार्मिकता नहीं होती बल्कि भारतीय आधुनिकता, बहुलता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के दर्शन होते हैं। यह वही आत्मविश्वास है, जो बताता है कि भारत अपनी परंपरा को 21वीं सदी के फ्रेम में फिट करने में सक्षम है।

### आधुनिकता-आर्थिक संपन्नता का प्रतीक

देश के हर क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों की चरम स्थिति, छोटे दुकान से लेकर ई-कॉमर्स के दिग्गज तक दीपावली को अपनी ताकत से जोड़ते हैं। इस तरह यह एक फेस्टिवल टेक्नोलॉजीकरण भी है। डिजिटल पेमेंट, ई-गिफ्ट और सोशल मीडिया ने त्योहार को एक साझा राष्ट्रीय अनुभव बना दिया है। इसलिए दीपावली अब भारत का कल्चरल एक्सपोर्ट बन चुकी है, जो भारतीय प्रवासियों के माध्यम से विश्व स्तर पर मनायी जाती है। कुल मिलाकर दीपावली अब महज एक धार्मिक या सांस्कृतिक त्योहार भर नहीं बल्कि यह भारत की आर्थिक ताकत और आधुनिकता का सबसे सशक्त प्रतीक बन चुका है। *

### देश का पावरफुल कल्चरल सुपर ब्रांड

**आज के** दौर में दीपावली आधुनिक भारत का सबसे पावरफुल सुपर ब्रांड बन चुकी है। हर सफल आधुनिक राष्ट्र के पास एक साझा भावनात्मक प्रतीक होता है। जैसे अमेरिका के पास थैंक्स गिविंग, चीन के पास स्प्रिंग फेस्टिवल, जापान के पास चेरी ब्लॉसम फेस्ट, उसी तरह भारत के पास दीपावली जैसा पर्व है। यह त्योहार भारत की सांस्कृतिक निरंतरता और आधुनिक आकांक्षाओं को भी बहुत करीब से व्यक्त करता है। दीपावली आज महज एक सालाना पर्व नहीं है बल्कि यह भारतीय संस्कृति की गहराई, हमारी तकनीकी उन्नति की चमक, व्यापार की मजबूती, उसकी सक्रियता और सामाजिक एकता की प्रतीक भी बन चुकी है यानी, दिवाली अब केवल धार्मिक नहीं बल्कि राष्ट्रीय सांस्कृतिक गतिविधि है, जो भारत को परंपरा से प्रगति तक जोड़ने वाला पुल बनाती है। दीपावली आज अखिल भारतीय आधुनिक संस्कृति की धुरी है। हर भारतीय समुदाय हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख अपने-अपने अर्थों में इसे अपनी विरासत का जीवंत हिस्सा मानते हैं।



एक समय तक दीपावली के मौके पर परिवार, मित्रों, रिश्तेदारों के साथ खेल के तौर पर जुआ खेलने की परंपरा रही। लेकिन हाल के वर्षों में ऑनलाइन गेमिंग के जरिए गैंबलिंग की लत ने बड़ा सामाजिक-आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। इस बारे में अवेयर रहने की जरूरत है।

# भारी नुकसान दे सकती है ऑनलाइन गेमिंग की लत

अवेयरनेस

एन.के. अरोड़ा

शगुन और परंपरा के नाम पर जिस तरह से हाल के सालों में लोगों द्वारा दीपावली के मौके पर ऑनलाइन जुए का ट्रेंड बढ़ा है, उसके कारण गैंबलिंग की लत दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। यह न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक चिंता का भी विषय है। परंपरा के नाम पर आजमाई जा रही इस खतरनाक आदत के कारण लोगों की जिंदगी ही आर्थिक संकट से घिर गई है।

**परंपरा के नाम पर ऑनलाइन गेमिंग:** यह मान्यता है कि दीपावली के अवसर पर जुआ खेलना शुभ होता है। इसलिए लोग परंपरा के नाम पर आमतौर पर दीपावली के मौके पर आपस में जुए की गतिविधियों पर हाथ आजमाते हैं। लेकिन कई बार इसके जरिए दीपावली जैसे रोशनी, मेलजोल और खुशियों के त्योहार को परेशानियों का सबब बना लेते हैं। नतीजतन रोशनी के इस त्योहार के ऐन मौके पर उनके घरों में परेशानियों का अंधेरा छा जाता है।

**बुरा एडिक्शन है ऑनलाइन गेमिंग:** दीपावली की रात ही नहीं ऑनलाइन गैंबलिंग ऐसा एडिक्शन बन गया है, जो सामान्य दिनों में भी लोगों की बर्बादी का कारण बन रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि पुलिस भी इस बुराई पर चाहकर भी प्रभावी प्रतिबंध नहीं लगा पाती, क्योंकि यह सारी गतिविधि एक स्मार्टफोन की स्क्रीन या किसी डिजिटल एप्स तक सिमटकर रह गई है, जो एक क्लिक के साथ ही हमारी पकड़ से बहुत दूर जा चुकी होती है।


**क्यों-कैसे फंस जाते हैं इस दुष्चक्र में:** पहले जुआ खेलने के लिए ऐसी कोई खास सुरक्षित जगह ढूंढ़नी पड़ती थी, जहां तक पुलिस और समाज पर नैतिक दबाव बनाने वाले लोगों की पहुंच न हो या इन लोगों को यहां तक पहुंचने में मुश्किल हो। लेकिन आज की तारीख में ऑनलाइन गेमिंग या मोबाइल के स्क्रीन पर संपन्न होने वाला जुआ इतना आसान हो गया है कि हम जब चाहें और जहां से चाहें, इसे खेल सकते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि करोड़ों, अरबों के आर्थिक आधार वाली बड़ी-बड़ी कंपनियां इसके लिए हमें बोनस और विज्ञापन के जरिए ललचाती हैं। साथ ही लोगों को डिजिटल गतिविधियों के जरिए ललचाकर फंसाने वाली कंपनियां 'दिवाली ऑफर', 'लकी स्पिन', 'कैश बोनस', जैसी रसीली बातों से हमें फांसते हैं और देखते ही देखते हम इन पैसे चूसने वाली स्कीमों के चक्कर में फंस जाते हैं। बस एक जीत के जरिए जिंदगी को मालामाल करने की तमन्ना से हम अपने पास जो भी होता है, सब कुछ बड़ी आसानी से गंवा देते हैं और इस तरह धोखे-धोखे में लाखों, करोड़ों लोग ऑनलाइन गेमिंग में फैले गैंबलिंग के खेल से कंगाल हो जाते हैं।

**गंवा देते हैं हजारों करोड़:** हर साल लाखों लोगों की बर्बाद कहानियों के बावजूद, लोग इनसे सबक लेने की बजाय अगली बर्बाद कहानियों का हिस्सा बनने के लिए हर समय तैयार रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक पिछले पांच सालों से हर साल दीपावली के मौके पर अनुमानतः आम लोग 15 से 20 हजार करोड़ रुपए तक इस ऑनलाइन जुए में गंवा बैठते हैं, जो उनकी जिंदगीभर की गाढ़ी कमाई होती है। यही कारण है कि आजकल रोशनी के इस पर्व में हर साल लाखों लोगों की जिंदगी में हमेशा-हमेशा के लिए अंधकार भर जाता है।

**कानूनी स्थिति:** हालांकि पब्लिक गैंबलिंग एक्ट 1867 के तहत जुआ एक सार्वजनिक सामाजिक अपराध है। लेकिन दुर्भाग्य से हमारी हथेली में अटके मोबाइल की स्क्रीन पर धूम-धड़ाके से चलने वाली जुए की महफिलों पर कानून नहीं लागू होता था। हालांकि इस सबके बावजूद तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में ऑनलाइन गेमिंग के कई रूपों पर प्रतिबंध लगाया है, बावजूद इसके दिवाली की रात जुए के लिए बेकरार करोड़ों लोगों को यह आंशिक प्रतिबंध बर्बाद होने से नहीं बचा पाते। यही वजह है कि जोर-शोर से लाखों लोग ऑनलाइन गेमिंग पर हर तरह से प्रतिबंध लगाने की बात करते हैं। लेकिन आजादी और लोकतंत्र के नाम पर उतने ही लोग इसे रेगुलेट करने की वकालत करते हैं। यही कारण है कि हर साल लाखों लोगों के ऑनलाइन गेमिंग के जरिए बर्बाद हो जाने के बावजूद इस पर प्रतिबंध नहीं लग रहा। हालांकि 1 अक्टूबर से देश भर में ऑनलाइन गेमिंग विधेयक 2025 लागू हो गया है। इसमें रियल मनी गेमिंग संचालित करने वाली कुछ कंपनियों और एप्स पर बैन लगा दिया गया है। इसका प्रचार करने वालों पर भी कड़े दंड का प्रावधान है।




**दूर रहने का लें संकल्प:** दीपावली की रोशनी तभी हमारे लिए सार्थक होगी, जब वह हमारे परिवारजनों के चेहरों पर खुशियों का उजास फैलाए, न कि ऑनलाइन गेमिंग के जरिए बर्बादी का अंधेरा छाए। इसलिए इस साल ऑनलाइन गेमिंग से दूरी बनाने के लिए संकल्प लें। *



गजल

अब्दुल कलाम

## मन के फेर हैं बाबा

इधर देखो जिधर देखो मचा अंधेर है बाबा
सलामत दिन निकल जाए तो समझो खैर है बाबा

कोई सूरत तो फिर निकले कि सच का बोल-बाला हो
मगर निकले भी कैसे झूठ इतना दिलेर है बाबा

आग की जद में शहर जो आ गया तो फिर
बचेगा कुछ नहीं हिजरत में फिर क्यों देर है बाबा

मिटाने हम चले हैं देश की फिरका परस्ती को
जहां पर खून के रिश्तों में देखे बैर है बाबा

यहां सर पे कफन हमने ही बांधा वक्त जब आया
वो कहते हैं कि हम उनके लिए अब गैर हैं बाबा

फाइलों में दब के रह जाती है अब फरियाद भी
कोर्ट-कचहरी न्याय सब मन के फेर हैं बाबा

लघुकथाएं

## अनमोल लम्हे

रिटायरमेंट के बाद निर्माण नगर में ही रहना विनीत। सभी दोस्त साथ में मस्ती करेंगे।' शैलेंद्र ने विनीत से कहा, जब वह किसी काम से निर्माण नगर आया हुआ था।

'हां! देखता हूं।' विनीत ने कहा। पर मन ही मन वह सोच रहा था कि क्या है इस शहर में? दिल्ली में जिस सोसाइटी में वह रहता है, वहां कितना अच्छा पार्क है, जिम है, स्विमिंग पूल है। हर अवसर पर कुछ न कुछ बढ़िया कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। अच्छा जीवन कटेगा वहां। यही सब सोचकर रिटायरमेंट के बाद विनीत निर्माण नगर के बजाय दिल्ली में ही बस गया। सुबह मॉर्निंग वॉक, फिर जिम और उसके बाद स्विमिंग। बीच-बीच में सोसायटी की मीटिंग और अकसर तरह-तरह के कार्यक्रमों में शामिल होना। विनीत का यही रूटीन हो गया था। वह सोचने लगा कि जीवन का पूरा मजा वह ले रहा है।

कुछ समय बाद उसे किसी काम से फिर निर्माण नगर जाने का मौका मिला। तब तक उसके अधिकांश दोस्त रिटायर हो चुके थे। उसने देखा कि सुबह-सुबह कई दोस्त मॉर्निंग वॉक पर इकट्ठे होते हैं। फिर शुरू होती हैं बचपन की बातें और हंसी-ठहाके। कोई अपने टीचर के नकल उतारने वाली हरकत के बारे में बताता तो कोई एक-दूसरे के साथ की जाने वाली शैतानियों के किस्से सुनाता। और भी कई तरह-तरह की बातें वे सब आपस में करते हैं। इसी तरह शाम को भी सारे दोस्त इकट्ठे हो जाते और फिर शुरू हो जाता ठहाकों का दौर। दिल खोल कर हंसते थे सभी दोस्त। ऐसा लगता मानो फिर से वे बचपन की मस्ती का आनंद लेने लगे हों।

अपने दोस्तों के मस्ती भरे अंदाज को देखकर विनीत सोचने लगा वैसे तो दिल्ली में जीवनशैली और सुख-सुविधाएं यहां से बेहतर हैं, पर बचपन के दोस्तों के साथ यह मौज-मस्ती वहां नहीं मिल पाती है। विनीत ने मन ही मन खुद से कहा, 'सच में ये आनंद भरे पल अनमोल हैं।' *

-विनय कुमार पाठक



## फॉलोवर्स




आदित्य ने सुबह नींद से जगते ही अपना इंस्टा अकाउंट चेक किया। 'बधाई हो! आपके फॉलोवर्स की संख्या एक लाख हो गई है।' मोबाइल पर नोटिफिकेशन था। आदित्य जोश में आ गया। मुट्ठियां बंद कर हाथों को झटकते हुए कहा, 'यस!' वह काफी दिनों से अपने इंस्टा अकाउंट पर फॉलोवर्स की संख्या बढ़ाने की कोशिश में लगा हुआ था। आदित्य मुंबई में रहता है। उसका टू बीएचके फ्लैट है। कुछ वर्ष पहले उसके मम्मी-पापा की एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। वह उनकी अकेली संतान है। बस उसके दादाजी हैं, जो मुंबई से दूर एक गांव में रहते हैं। जब तक मम्मी -पापा रहे तब तक वह उनसे मिलने जाता था। उसके बाद वह कभी गांव नहीं गया। अभी वह अपना मोबाइल देख ही रहा था कि दरवाजे की घंटी बजी। उसने जाकर दरवाजा खोला। सामने एक बुजुर्ग आदमी थे।

'जी कहिए..।'

'तुम निशिकांत के पोते आदित्य हो?'

'जी, आप कौन?'

'मैं दयाल! निशिकांत ने मुझे भेजा है। उसकी तबीयत बहुत खराब है। शायद अब ज्यादा जीवित न रहे। मरने से पहले तुमको देखना चाहता है। मेरे साथ अभी गांव चलो।'

'अभी! एकदम से?'

'हां, नहीं तो शायद तुम अपने दादाजी को आखिरी बार भी ना देख सको।'

'देखिए, अभी मेरे पास बहुत सारे जरूरी काम पेंडिंग हैं। ऐसा करिए, आप जाकर उनसे कह दीजिएगा, मैं रविवार को आऊंगा। हां मेरा मोबाइल नंबर भी लेते जाइए। मुझे फोन पर दादाजी से बात करा दीजिएगा।'

दयाल निराश होकर वापस लौट गए। आदित्य चंद मिनटों तक दादाजी के बारे में सोचता रहा। जैसे ही उसे फॉलोअर्स का ख्याल आया वह उन्हें भूल गया। उसके हाथ तेजी से मोबाइल पर चलने लगे। अगले दिन सुबह-सुबह उसके पास फोन आया, 'तुम्हारे दादाजी नहीं रहे।' दयाल की ही आवाज थी।

'ओह! मैं आता हूं।' आदित्य ने कहा। उसने फौरन अपने बैग में दो जोड़ी कपड़े लिए और गांव के लिए रवाना हो गया। करीब पांच-छह घंटे का रास्ता था। मगर जिस ट्रेन में वह बैठा था, वह जगह-जगह रुक रही थी। छह घंटों में वह आधे रास्ते भी न पहुंच सका। अगले स्टेशन पर पहुंचकर वह ट्रेन से उतर गया और गांव जाने वाली बस पकड़ ली। मगर दुर्भाग्य कि बीच में सड़क धंसने से बस आगे न जा सकी। गांव अब भी तीस किलोमीटर दूर था। वह बाइक सवारों से लिफ्ट लेता हुआ किसी तरह गांव पहुंचा। तब तक काफी देर हो चुकी थी। सूरज ढल चुका था। अंधेरा हो रहा था। हर ओर सूनापन फैल रहा था। दादाजी के घर के दरवाजे पर कुछ महिलाएं खड़ी थीं। उसने उनसे दादाजी के बारे में पूछा।

'हमें लगा अब तुम नहीं आओगे। इसलिए गांव वाले उनको श्मशान घाट ले गए।' वह श्मशान घाट की ओर दौड़ा। उसके दादाजी का शव चार लोग अपने कंधे पर उठाए चले जा रहे थे। पीछे-पीछे ढेर सारे गांव वाले थे। वह वहीं ठिठक गया। उसे तो लगा था, उसके बिना दादाजी को भला कौन कंधा देगा। मगर यहां तो पूरा गांव है दादाजी के पीछे। गांव वालों ने चिता सजाई और दादाजी का शव अग्नि को समर्पित कर दिया। आदित्य भीड़ के पीछे ही ठिठका रहा, आगे नहीं आया। तभी उसके मोबाइल पर नोटिफिकेशन आया 'बधाई हो! आपके फॉलोवर्स की संख्या एक लाख दस हजार हो गई है।' *

-सरस्वती रमेश

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## जिंदगी@मगनपुर इस्टेट

वरिष्ठ कथाकार गोविंद उपाध्याय का तीसरा उपन्यास 'जिंदगी@मगनपुर इस्टेट' हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इस नॉस्टेल्जिक उपन्यास का मुख्य पात्र एक बुजुर्ग शख्स विमान भौमिक है, जो मगनपुर इस्टेट में बिताए अपनी किशोरावस्था के दिनों को याद करता है। लेकिन उसमें कहीं भी भावुकता का अतिरेक या पुराने दिनों के प्रति मोह की सांद्रता नजर नहीं आती है। वो खिलंदड़े अंदाज में बीती हुई घटनाओं को याद करता है। पिछली सदी के सातवें-आठवें दशक के बीच की पृष्ठभूमि पर रचा गया यह उपन्यास, उस दौर के मध्यवर्गीय परिवार के किशोरों की जीवनशैली, उनके सपने, उनकी बचकानी हरकतें और छोटी-छोटी खुशियों को भी बटोर लेने की उनकी ललक को बहुत रोचक तरीके से सामने लाता है। हालांकि इस उपन्यास का कथानक और उसमें उपस्थित सभी पात्र काल्पनिक हैं लेकिन जो भी लोग लेखक को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं, वो सहज ही इस उपन्यास के कथा-तंतुओं से वास्तविक छवि को बुन सकते हैं। लेखक के किस्सागोई के अंदाज में पाठक को बांधे रखने का जादुई सामर्थ्य है। *




**पुस्तक:** जिंदगी@मगनपुर इस्टेट (उपन्यास)
**लेखक:** गोविंद उपाध्याय, **मूल्य:** 299 रुपए,
**प्रकाशक:** सर्वभाषा ट्रस्ट, दिल्ली

# महिला वनडे वर्ल्ड कप में 47 साल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को मिली सिर्फ तीन जीत

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारतीय टीम महिला वनडे विश्व कप में पदार्पण के बाद से पिछले 47 साल में सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम को महज तीन बार हरा सकी है और आखिरी बार 2017 में इंग्लैंड में हुए टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मिली जीत की सूत्रधार 171 रन बनाने वाली हरमनप्रीत कौर थी, जिनका बल्ला इस बार अभी तक खामोश है।

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच एक दिवसीय महिला विश्व कप में अब तक बारह मुकाबले खेले गए हैं जिनमे से नौ बार आस्ट्रेलिया (1978, 1982 में दो मैच, 1993, 1997, 2000, 2005, 2017 ,2022) ने जीत दर्ज की है जबकि भारत तीन बार (2009 में दो बार और 2017) ही जीत सका है।





## भारतीय टीम ने पहली बार विश्व कप में आस्ट्रेलिया को 2009 में हराया था

भारतीय महिला टीम ने पहली बार विश्व कप में आस्ट्रेलिया को 2009 में हराया और वह भी उसकी ही धरती पर। पहले सुपर सिक्स चरण में और फिर तीसरे स्थान के मुकाबले में। अंजुम चोपड़ा ने सुपर सिक्स मैच में 137 गेंद में 76 रन बनाए जबकि गौहर सुल्ताना और रीमा मल्होत्रा ने दो दो विकेट लिए। इसके बाद तीसरे स्थान के प्लेआफ मुकाबले में भी सिडनी में भारत ने आस्ट्रेलिया का तिलिस्म फिर तोड़ा जब कप्तान झूलन और प्रियंका रॉय के दो दो विकेट की मदद से भारत ने तीन विकेट से जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप



### फेनेस्टा ओपन : पार्थसारथी और तविश ने जीता खिताब

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त पार्थसारथी मुंधे और आठवीं वरीयता प्राप्त तविश पाहवा शनिवार को फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के अंडर-16 वर्ग में चैंपियन बने। इन दोनों खिलाड़ियों ने युगल वर्ग में भी अपनी जोडियों के साथ जीत दर्ज की। लड़कियों के अंडर-16 एकल फाइनल में पार्थसारथी ने श्रीनिति चौधरी की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए तीन सेटों के मुकाबले में 6-0, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की। तविश ने लड़कों के अंडर-16 एकल फाइनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए मन्नान अशोक अग्रवाल को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। तविश ने इसके बाद लडकों के युगल में प्रकाश सारन के साथ जोड़ी बनाकर दोहरी सफलता हासिल की। इस जोड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त मन्नान अशोक अग्रवाल और ओम रमेश पटेल को रोमांचक मुकाबले में 1-6, 7-5, 10-6 से हराया।

### एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट में शुभंकर ने बनाई कट में जगह



**मैड्रिड।** शुभंकर शर्मा ने दूसरे दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया, जिससे वह ओपन डी एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रहे। शर्मा के 36 होल के संयुक्त कुल स्कोर ने उन्हें मार्च 2025 में हीरो इंडियन ओपन के बाद पहली बार किसी 72 होल की प्रतियोगिता में अपना पहला कट हासिल करने में मदद की। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी अगले सप्ताह डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में भारत के शीर्ष दावेदारों में से एक होगा। वह अभी 61वें स्थान पर हैं। शर्मा ने अपना दूसरा राउंड पहले होल से शुरू किया लेकिन उन्होंने दूसरे होल में ही एक शॉट गंवा दिया।

### इंग्लैंड ने श्रीलंका को 89 रन से हराया सिवर-ब्रंट का शतक



**कोलंबो।** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में इंग्लैंड ने लगातार तीसरी जीत हासिल की है। शनिवार को टीम ने श्रीलंका को 89 रन से हराया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड ने 9 विकेट खोकर 253 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका विमेंस 164 रन बनाकर सिमट गई।

इंग्लैंड से कप्तान नैटली सिवर-ब्रंट ने शतक लगाया, उन्होंने गेंदबाजी में 2 विकेट भी लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। लेफ्ट आर्म स्पिनर सोफी एकलस्टन ने 4 विकेट अपने नाम किए। इंग्लैंड विमेंस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश को भी हरा चुकी है।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड की विकेटकीपर एमी जोन्स 11 रन बनाकर रन आउट हो गईं। टैमी ब्यूमोंट ने फिर पारी को संभाला, लेकिन वे 32 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। टीम ने 49 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। पूर्व कप्तान हेदर नाइट ने फिर 29 रन बनाए और टीम को 100 रन के पार पहुंचाया।

कप्तान नैट सिवर-ब्रंट ने फिर सोफिया डंकली के साथ पारी संभाली। डंकली 18 रन बनाकर आउट हो गईं।

# वेस्टइंडीज बैकफुट, टीम इंडिया ने खेली 500 प्लस की पारी, शुभमन का शतक

## भारत ने पहली पारी 5 विकेट पर 518 रन पर की घोषित, वेस्टइंडीज 4 विकेट पर 140 रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कप्तान शुभमन गिल के करियर के दसवें टेस्ट शतक और रविंद्र जडेजा की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को बैकफुट पर भेजकर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां एक और बड़ी जीत की उम्मीद जगा दी। भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर समाप्त घोषित की। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 140 रन बनाए हैं और वह भारत से अभी 378 रन पीछे है। भारत ने अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट मैच पारी और 140 रन से जीता था और अगर यहां उसे फॉलोऑन देने का मौका मिलता है तो वह इससे नहीं हिचकिचाएगा।

गिल पारी समाप्ति की घोषणा करके पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वह जल्द से जल्द मैच समाप्त करना चाहते हैं। भारत की पारी के आकर्षण यशस्वी जायसवाल (258 गेंदों पर 175 रन) और कप्तान शुभमन गिल (196 गेंदों पर नाबाद 129 रन) के शतक रहे। इन दोनों के अलावा साई सुदर्शन (87) ने अर्धशतक बनाया। वेस्टइंडीज की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन (98 रन देकर तीन विकेट) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे।



### गिल ने ब्रेडमैन को पीछे छोड़ा

गिल ने दिल्ली के मैदान पर इंडीज के खिलाफ पहली पारी में अपना शतक 177 गेंदों पर पूरा किया। गिल ने पहली पारी में 129 रन बनाए और नाबाद रहे। ये उनके टेस्ट क्रिकेट करियर का 10वां साथ ही इंडीज के खिलाफ पहला शतक रहा। अपने इस शतक के दम पर गिल ने डॉन ब्रेडमैन को पीछे छोड़ दिया। दरअसल गिल ने बतौर कप्तान अपना 5वां टेस्ट शतक लगाया और वो सबसे कम पारियों में कप्तान के तौर पर ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बने। गिल ने ये कमाल सिर्फ 12 पारियों में किया जबकि ब्रेडमैन ने ऐसा 13 पारियों में किया था।



### कोहली के बराबर पहुंचे शुभमन

गिल ने भारतीय कप्तान के रूप में एक कैलेंडर साल में 5 टेस्ट शतक लगाने का कमाल किया और विराट कोहली की बराबरी कर ली। कोहली ने टेस्ट प्रारूप में भारतीय कप्तान के रूप में दो बार एक कैलेंडर वर्ष में 5 शतक लगाने का कमाल किया था। कोहली ने ऐसा साल 2017 और 2018 में किया था। शुभमन गिल अब इस मामले में कोहली की बराबरी पर आ गए। गिल ने अपनी कप्तानी के पहले ही साल में टेस्ट में 5 शतक लगाने का कमाल किया और ऐसा करने वाले पहले भारतीय भी बने।

### जडेजा ने आखिरी सेशन में भारत को किया हावी

रविंद्र जडेजा ने ही भारत को दूसरी सफलता दिलाई। उन्होंने चंद्रपॉल (34) के बल्ले का बाहरी किनारा हासिल किया और पहली स्लिप में केएल राहुल के हाथों कैच कराया। कुछ देर बाद कुलदीप की गेंद पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश करते हुए अथानजे मिडविकेट पर जडेजा को आसान सा कैच दे बैठे। अगले ओवर में विंडीज कप्तान रोस्टन चेज बिना खाता खोले लौट गए। जडेजा ने उन्हें अपनी ही गेंद पर लपक लिया।

### भारत ने टेस्ट क्रिकेट में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

दिल्ली टेस्ट मैच में जहां जायसवाल ने 175 रनों की पारी खेली तो वहीं कप्तान शुभमन गिल 129 रनों की नाबाद पारी खेली। टीम इंडिया ने जब दिल्ली टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल में अपनी पहली पारी 518 रनों के स्कोर पर घोषित की तो उसी के साथ 7 साल पुराना एक बड़ा रिकॉर्ड भी चकनाचूर हो गया। भारतीय टीम की पहली पारी के दौरान एक भी लेग बाई और बाई का रन नहीं आया और टेस्ट क्रिकेट में ये बिना इस अतिरिक्त रन के एक पारी में सर्वाधिक रन हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड बांग्लादेश और श्रीलंका की टीम के बीच साल 2018 में चट्टोग्राम के मैदान पर खेले गए टेस्ट मैच में बांग्लादेश के नाम था, जिन्होंने 513 रन अपनी पारी में बिना लेग बाई और बाई के बनाए थे। भारतीय टीम की दिल्ली टेस्ट मैच की पहली पारी को देखा जाए तो उसमें सिर्फ 2 अतिरिक्त रन देखने को मिले, जो वाइड से आए थे। टेस्ट क्रिकेट में ये 500 प्लस स्कोर की पारी में अब तक सिर्फ दूसरे सबसे कम एक्स्ट्रा रन देने का रिकॉर्ड है।

### रोहित का रिकॉर्ड ब्रेक

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट क्रिकेट करियर का 10वां शतक लगाया और ये डब्ल्यूटीसी में भी उनका 10वां शतक ही रहा। इस टेस्ट शतक के साथ गिल ने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया, जो इससे पहले डब्ल्यूटीसी में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर थे और इसकी संख्या 9 थी। गिल अब रोहित को पीछे छोड़कर डब्ल्यूटीसी में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर बन गए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल रन आउट | 175 | 258 | 22 | 0 |
| राहुल स्टं इमलाच बो वारिकन | 38 | 54 | 5 | 1 |
| सुदर्शन एलबीडब्ल्यू बो वारिकन | 87 | 165 | 12 | 0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 129 | 196 | 16 | 2 |
| रेड्डी कॉ जेडेन सील्स बो वारिकन | 43 | 54 | 4 | 2 |
| जुरेल बो रोस्टन चेज | 44 | 79 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 02, कुल: 134.2 ओवर में 518/5 रन
**गेंदबाजी :** जेडन सील्स 22-2-88-0, एंडरसन फिलिप 17-2-71-0, जस्टिन ग्रीव्स 14-1-58-0, खैरी पियरे 30-2-120-0, जोमेल वारिकन 34-6-98-3, रोस्टन चेज 17.2-0-83-1

| वेस्टइंडीज पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कैंपबेल का सुदर्शन बो जडेजा | 10 | 25 | 2 | 0 |
| चंद्रपाल का राहुल बो जडेजा | 34 | 67 | 4 | 0 |
| अथांजे का जडेजा बो कुलदीप | 41 | 84 | 5 | 1 |
| शाई होप नाबाद | 31 | 46 | 5 | 0 |
| चेज का एवं बो जडेजा | 00 | 7 | 0 | 0 |
| इमलाच नाबाद | 14 | 31 | 2 | 0 |

अतिरिक्त 10, कुल योग: 43 ओवर में 140/4 रन
**गेंदबाजी :** बुमराह 6-3-18-0, सिराज 4-0-9-0, जडेजा 14-3-37-3, कुलदीप 12-3-45-1, वाशिंगटन 7-1-23-0

आर्कटिक ओपन

# 18 साल की अनमोल ने दी विश्व चैंपियन को चुनौती

एजेंसी ▶▶| वंता (फिनलैंड)

उभरती हुई भारतीय खिलाड़ी अनमोल खरब का आर्टिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर शनिवार को सेमीफाइनल में तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से हार के साथ खत्म हुआ। एशियाई टीम चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही फरीदाबाद की 18 साल की इस खिलाड़ी ने दोनों गेम की शुरुआत में जापान की दिग्गज खिलाड़ी को चुनौती दी लेकिन ज्यादा देर तक लय बरकरार नहीं रख सकी। यामागुची ने 29 मिनट तक चले मैच को आसानी से 21-10, 21-10 से जीता।

- खरब सेमीफाइनल में यामागुची से हारी

### अनमोल का सेमीफाइनल में पहुंचना बड़ी उपलब्धि

खरब के लिए हालांकि सुपर 500 स्तर के टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अपने अभियान के दौरान वेन ची ह्सू (विश्व रैंकिंग 32) और छठी वरीयता प्राप्त लिन ह्सियांग टी (विश्व नंबर 21) जैसी अनुभवी खिलाड़ियों को हराने के बाद डेनमार्क की एमिली शुल्ज को 21-15, 21-14 से हराकर अपने पहले सुपर 500 स्तर के टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज जापान की खिलाड़ी ने पहले गेम में 7-3 की बढ़त के साथ मजबूत शुरुआत की लेकिन खरब ने इस अंतर को 7-6 तक कम किया और फिर ब्रेक तक टक्कर देते हुए स्कोर को 11-9 रखा। यामागुची ने ब्रेक के बाद अगले 11 में ये 10 अंक जीत कर अपना दबदबा कायम किया। यामागुची ने दूसरे गेम में 7-3 की बढ़त के साथ मजबूत शुरुआत की लेकिन खरब ने इस अंतर को 11-9 तक कम किया। खरब 12-14 के स्कोर के साथ मुकाबले में बनी हुई थी लेकिन वह वापसी के लिए ज्यादा जोर लगाने के चक्कर में कई गलतियां कर बैठी और मुकाबला उनके हाथ से निकल गया। खरब इस वर्ष के शुरू में कैमरून इंटरनेशनल में उपविजेता रही थीं। उन्होंने बेल्जियम और पोलैंड में इंटरनेशनल चैलेंजर्स में भी जीत हासिल की थी। वह जापान की इस स्टार खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबले से काफी सबक लेंगी।




# क्लच शतरंज लीजेंड्स : कास्पारोव ने दोहराया इतिहास, दो गेम शेष रहते आनंद को हराया

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

गैरी कास्परोव ने क्लच शतरंज लीजेंड्स प्रतियोगिता के 10वें गेम में विश्वनाथन आनंद को हराकर दो गेम शेष रहते मैच जीतकर 30 साल पहले का इतिहास दोहराया। वह 10 अक्टूबर 1995 का दिन था जब आनंद ने न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर कास्पारोव के खिलाफ 20 गेम वाले क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप मैच में 18वें गेम में ड्रॉ खेला और 7.5-10.5 से हार गए।

वर्तमान टूर्नामेंट में नियमों के अनुसार अंतिम दो बाजियां ब्लिट्ज टाइम कंट्रोल के तहत खेली गईं और आनंद ने दो जीत हासिल कीं, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और रूस के खिलाड़ी ने पहले ही अपनी जीत पक्की कर दी थी। आखिर में स्कोर 13-11 से कास्पारोव के पक्ष में रहा। उन्होंने इस तरह से 78,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि जीती, जबकि आनंद ने 1,44,000 डॉलर के मुकाबले में 66,000 डॉलर अपने नाम किए। मैच के अंतिम दिन से पहले कास्पारोव ने पांच अंक की बढ़त ले रखी थी। आनंद के पास वापसी का मौका था, क्योंकि अंतिम दिन 12 अंक दांव पर लगे थे और प्रत्येक जीत तीन अंकों की थी। आनंद ने दिन की शुरुआत कड़े मुकाबले में ड्रॉ से की लेकिन अगला गेम हार गए। इससे कास्पारोव ने मैच अपने नाम कर लिया था, जबकि दो ब्लिट्ज गेम अभी भी बचे हुए थे। आनंद ने इन दोनों गेम में जीत हासिल की लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए।









INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife — पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of base variant of Splendor+ and Xtreme125R in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटिड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स् क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलर: आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342.


हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930